* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

18 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 58

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह बनेंगे विधानसभा अध्यक्ष, नामांकन दाखिल किया

प्रधानमंत्री ने वाराणसी में लोगों से कही अपनी बात

देश के पास भी पैसे होने चाहिए : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर काशी पहुंचे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पीएम मोदी ने कहा कि आपने जब से मुझे काम दिया तब से चार करोड़ परिवारों को पक्का घर मिल चुका है, फिर भी पता चलता है अभी वे रह गये हैं। अतः तय किया कि लोगों के तक देश भर में जायें पता करें, पूछें क्या मिला, क्या नहीं मिला। विकसित भारत संकल्प यात्रा मेरी भी कसौटी है कि मैंने जो कहा था, चाहा था वैसा हुआ है या नहीं है। यह मैं आपके मुंह से सुनना चाहता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि देश भी घर की तरह है। घर में पैसे होने चाहिए। वैसे ही देश के पास भी पैसे होने चाहिए। इससे हर किसी की जरूरतें पूरी होती हैं। भारत विकसित हो गया न तो मुसीबतें खत्म हो जायेंगी। आपके सेवक के नाते, सांसद के नाते मैं काम करूंगा लेकिन आपने जो मुझे जो देश का काम किया है महादेव की कृपा से पीछे नहीं रहूंगा। अतः यात्रा कम से कम काशी में तो ढीली नहीं रहनी चाहिए।

अमीर गरीब का भेद मिट गया: पीएम मोदी ने कहा कि एक सरकारी मुलाजिम जब यह सुनता है कि उसके कि काम से किसी को फायदा मिल गया तो उसे सुकून मिलता है। मुझे भी अच्छा लगता है जब लोग कहते हैं मुझे फायदा मिला। एक बहन कह रही थी, अमीर गरीब का भेद मिट गया। जब वो कहता है कि जब मैं पक्के घर में रहने गया, तो आत्मविश्वास इतना बढ़ गया। पक्का घर मिलते ही दीवारें नहीं, छत ही नहीं जिंदगी आत्मविश्वास से भर गयी है। उस लाभार्थी के मुंह से सुन लगता है, जीवन धन्य हो गया कि चलो किसी की जिंदगी में बदलाव आ गया।



मोदी ने 'सूरत डायमंड बोर्स' का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात में बने सूरत डायमंड बोर्स बिल्डिंग का इनॉगरेशन किया। ये सबसे बड़ी इंटरकनेक्टेड और अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन से बड़ी ऑफिस बिल्डिंग है। इसमें 4500 से अधिक दफ्तर हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर नये इंटीग्रेटेड टर्मिनल का उद्घाटन किया और रोड शो भी किया। सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन फरवरी 2015 में शुरू हुआ था। अप्रैल 2022 में इसका

काम पूरा हुआ। सूरत डायमंड बोर्स को सूरत की डायमंड इंडस्ट्री ने मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग दोनों के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में स्थापित किया है। सूरत दुनिया के 92% नेचुरल डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग करता है।

मन बन गया तो मंजिल दूर नहीं रहती

पीएम मोदी ने कहा कि हर एक की शक्ति का सम्मान होना चाहिए। एक बार मन में यह बीज हो गया तो 2047 तक विकसित भारत बन जायेगा। इस वटवृक्ष की छाया आपके ही बच्चों को मिलने वाली है। इसलिए हर नागरिक का मन बनना चाहिए। मन बन गया तो मंजिल दूर नहीं रहती। विकसित भारत संकल्प यात्रा राजनीतिक दल नहीं देश का काम है। पवित्र काम है। मैं भले देश का प्रधानमंत्री हूं, लेकिन मेरे मन में बड़ी उमंग है आपके बीच आने की। देश में जहां कहीं भी विकसित भारत यात्रा जाए उसका स्वागत होना चाहिए, जिन्हें लाभ मिला है बतायें। अच्छी बात बताने से भी अच्छाई का वातावरण हो जाता है। विकसित भारत यात्रा बहुत बड़ा संकल्प है। इसे अपने संकल्पों से ही सिद्ध करना है।

काशी तमिल ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अन्य नेता वाराणसी के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 2.0 के उद्घाटन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 2.0 का उद्घाटन किया। पीएम ने रिमोट का बटन दबा कर उद्घाटन किया। इस दौरान हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा। इस मौके पर उन्होंने काशी तमिल एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखायी।

पीएम ने एंबुलेंस को दिया रास्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला जब एयरपोर्ट से शहर की तरफ निकला, तो गिलट बाजार के पास पीएम मोदी ने पीछे से आ रही एक एंबुलेंस को रास्ता दिया। इसके लिए पीएम ने अपने काफिले को साइड करवाया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

न्यूज रील्स

विस्फोटक बनाने वाली कंपनी में धमाका, 9 की मौत

नागपुर। बाजारगांव गांव में सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में आज जबरदस्त धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 9 लोगों की मौत हो गयी। यह ब्लास्ट सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में कास्ट बूस्टर प्लांट में पैकिंग के वक्त हुआ। ये जानकारी नागपुर ग्रामीण पुलिस ने दी है। बताया जा रहा है कि इस धमाके में 9 लोगों के मौत की आशंका है। अधिकारियों के मुताबिक जब धमाका हुआ तो सोलर कंपनी की यूनिट के अंदर कुल 12 कर्मचारी मौजूद थे। यह विस्फोट फर्म के कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ। विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। नागपुर (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने कहा कि यह विस्फोट सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में कास्ट बूस्टर प्लांट में पैकिंग के समय हुआ।

मंत्रिमंडल गठन को लेकर जेपी नड्डा के घर बैठक

जयपुर। राजस्थान सरकार के मंत्रिमंडल गठन को लेकर दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पार्टी नेताओं की बैठक शुरू हो गयी है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा समेत अन्य नेता भी मौजूद हैं। नियम के अनुसार राजस्थान में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 30 मंत्री बनाये जा सकते हैं। भाजपा भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री, दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा को डिप्टी सीएम बना चुकी है। ऐसे में अब 27 मंत्री और बनाये जा सकते हैं। हालांकि, अभी 20 मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। लोकसभा चुनाव से पहले मंडिमंडल का विस्तार कर एक बार फिर सायासी समीकरण साधे जा सकते हैं। भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम की शपथ के बाद मंत्रिमंडल गठन को लेकर चर्चा तेज हो गयी थी।

गूंज महोत्सव आज से गवर्नर करेंगे उद्घाटन

तैयारियां पूरी, सिल्ली स्टेडियम सज-धजकर तैयार

नयी ऊर्जा के साथ प्रगति की नयी यात्रा का ध्येय निर्धारित

कई सेवा और कार्यक्रमों के साथ विकास को गतिमान करेगा महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सिल्ली में तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का शुभारंभ 18 दिसंबर से होगा। महोत्सव का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दिन में तीन बजे करेंगे। महोत्सव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सिल्ली स्टेडियम सज-धजकर तैयार है। मुख्य मंच को ओड़िशा के कोणार्क सूर्य मंदिर का प्रारूप दिया गया है।

गूंज परिवार के संरक्षक तथा सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो सभी तैयारियों की कमान संभाले हुए हैं। उनका कहना है की सामाजिक-सांस्कृतिक अवधारणा का जीवंत प्रतीक इस महोत्सव ने क्षेत्र में विकास को गतिमान किया है। प्रगति की नयी यात्रा और सकारात्मक संभावनाओं को इस साल व्यापक बनाने का ध्येय निर्धारित है।

उत्साह और उल्लास के संग कैंडल मार्च

महोत्सव के आगाज के साथ रविवार की शाम सिल्ली विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों में कैंडल मार्च निकाला गया। शहरी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में लोग कैंडल मार्च में शामिल हुए। इस मार्च के जरिये विकास उत्सव में एकजुटता और सामूहिक भागीदारी के संदेश दिया गया। इस दौरान सामूहिक गीत गाये गये। उधर सिल्ली स्टेडियम रोशनी से जगमग है। गूंज परिवार के हजारों सदस्य महोत्सव की सफलता को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाने में दिन- रात जुटे हैं।

इस ध्येय के तहत सेवा और सम्मान के कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साथ ही संस्कृति, परंपरा को सहेजने, लोक कलाकारों को मंच देने की भी तैयारी है। जनकल्याण को लेकर सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर कई शिविर लगाये जायेंगे। विविध आयाम से जुड़े इस महोत्सव के जरिये वैसे अवसर भी तैयार किये जाने हैं, जिनसे सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का वर्तमान और भविष्य संवारा जा सके।

छऊ नृत्य होगा आकर्षण : उद्घाटन के दिन, 18 दिसंबर को स्टेडियम परिसर में ही झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पढ़ो तथा लड़ो का नारा देने वाले विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जायेगी। इसके बाद छऊ नृत्य कलाकारों का प्रदर्शन होगा। साथ ही स्कूली छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों के रिहर्सल पूरे कर लिये गये हैं।

मदुरै की फर्म की 207 करोड़ की संपत्ति जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। रविवार को इडी ने कहा कि धोखाधड़ी से जुड़ी मनी लांड्रिंग जांच में तमिलनाडु में मौजूद 207 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को जब्त किया गया है। तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज एफआइआर के आधार पर इडी ने मामले की जांच शुरू की है। प्रवर्तन निदेशालय ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि नियोमैक्स समूह की कंपनियों ने जनता से करोड़ों रुपये इकट्ठा किये, जिसके बाद पैसों को शेल से जुड़ी संस्थाओं, समूह कंपनियों और अन्य वाह्य समूह में लगा दिये और निवेशकों को धोखा दिया। साथ ही आरोप है कि कंपनी ने आपराधिक आय को छुपाने के कई हथकंडे अपनायें, लेकिन वह सफल नहीं हो सकें। इडी ने कहा कि खातों से संबंधित किताबों में हेरफेर की गयी थी। समूह के ऑडिटर ने अपने बयान में इस बात को स्वीकार किया है।

तोरपा के पंडिपुरिंग जलप्रपात में डूबने से कोचिंग संचालक की मौत, दो छात्र बचे

पिकनिक मनाने आये थे 40 लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के कोचिंग संचालक संतोष कुमार मेहता (35 वर्ष) की तोरपा स्थित पंडिपुरिंग जलप्रपात में डूबने से मौत हो गयी। वह रातू रोड में अध्ययन केंद्र नामक कोचिंग सेंटर के निदेशक थे। वह टोरी चंदवा के रहनेवाले थे। जानकारी के अनुसार अध्ययन केंद्र रांची से 40 लोग पिकनिक मनाने पंडिपुरिंग जलप्रपात पहुंचे थे। इनमें केंद्र में पढ़नेवाले विद्यार्थी और शिक्षक शामिल थे।

संतोष मेहता (फाइल फोटो)

सभी एक बस से पंडिपुरिंग जलप्रपात पहुंचे थे।

सेंटर के शिक्षकों ने बताया कि यहां कुछ लोग खाना बनाने में व्यस्त हो गये। कुछ लोग नदी में नहाने चले गये। संतोष कुमार मेहता और सेंटर के दो छात्र रितेश एवं अमन भी नदी में नहाने चले गये। इसी बीच संतोष अचानक पानी में डूबने लगे। यह देख रितेश और अमन उन्हें बचाने के लिए आगे बढ़े। उन्होंने संतोष का हाथ पकड़ कर बाहर निकालने की कोशिश की, परंतु इस क्रम में रितेश एवं अमन भी डूबने लगे। वहां नहा रहे अन्य लोगों ने दोनों को बचाया। लोगों ने संतोष को भी बचाने की कोशिश की, परंतु वे पानी में अंदर डूब गये। अस्पताल ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गयी।

सूचना पाकर पर्यटक मित्र वहां पहुंचे। उन्होंने पानी के अंदर जाकर संतोष को बाहर निकाला। उन्हें बस से रेफरेल अस्पताल तोरपा लाया गया, परंतु अस्पताल के पूर्व ही उनकी मौत हो गयी। संतोष अपने घर के इकलौते पुत्र थे। उनकी मौत सुनक कर परिवारवालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इसके अलावा संतोष मेहता के साथ पिकनिक मनाने गये उनके सहकर्मियों और विद्यार्थियों में शोक की लहर है।

अब 'बैंकों' में शिशुओं के लिए मिलेगा मां का दूध

चार जिलों में नवजात को मां का दूध मिलेगा

मां का दूध उपलब्ध कराने के लिए बन रहे स्पेशल बैंक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 'बैंकों' में मां का दूध मिलेगा। यह सुनकर भले ही आपको अटपटा लगे, लेकिन यह शत-प्रतिशत सही है। झारखंड के चार शहरों में ऐसे मिल्क बैंक बनने जा रहे हैं, जो नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित होंगे। कई बार नवजात मां के दूध से कई कारणों से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे शिशुओं की माताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि अब

उन्हें बैंक से ही मां का दूध मिल जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य योजना के तहत राज्य के बोकारो, दुमका, हजारीबाग और रांची के अस्पतालों में मानव दूध बैंक यानी ह्यूमन मिल्क बैंक बनाने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने पूरी कर ली है। डॉक्टरों के मुताबिक कई माताओं को प्रसव के बाद दूध नहीं होता। इसलिए उनका नवजात स्तनपान से वंचित हो जाता है। कई ऐसे बच्चे भी हैं, जिनकी माता किसी कारणवश दुनिया में नहीं हैं। ऐसे शिशुओं को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग चार शहरों में मानव दूध बैंक बनाने जा रहा है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार इसकी स्थापना पर सवा करोड़ रुपये खर्च होंगे। टेंडर का प्रोसेस भी शुरू हो चुका है। इसके लिए दो तिहाई राशि केंद्र और एक चौथाई राज्य बजट से खर्च होग। इसके लिए चयनित एजेंसी दूध दान करने वालों के बीच जागरुकता अभियान भी चलायेगी।

इस संबंध में डॉक्टरों का कहना है कि प्रत्येक 100 प्रसूता माता में से तीन चार के साथ ऐसी समस्या आती है। नवजात बच्चे स्तनपान के बिना कई प्रकार की बीमारियों से ग्रसित होते हैं। दूध बैंक में महिलाएं अपनी इच्छा से दूध दान भी कर सकेंगी।

डॉक्टरों के अनुसार स्तन के दूध को आठ महीने तक संग्रहित किया जा सकता है। हालांकि दूध दान करने वाली महिलाओं के लिए सबसे पहली शर्त है कि उन्हें स्वस्थ होना चाहिए। वर्तमान में स्तनपान करा रही हो, हेपेटाइटिस का कोई सबूत नहीं हो और एचआइवी निगेटिव हो। ऐसी महिलाएं ही दूध दान कर सकती हैं। बताते चलें कि देश के कई राज्यों में इस तरह के दूध बैंक हैं, जिनसे नवजात बच्चों को दूध उपलब्ध कराया जाता है। दूध दान करने के लिए कुछ नियम भी बनाये गये हैं, जिसके तहत दूध दान करने के लिए इच्छुक या तैयार माताओं की स्क्रीनिंग करायी जायेगी। उन्हें विकल्प भी दिया जायेगा।



सर्राफा

सोना (बिक्री)	58,700 रु./10 ग्राम
चांदी	76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 18 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in

ऐसे तो कारगर नहीं होगा कांग्रेस का 2024 जीतने का प्लान

■ क्राउड फंडिंग या संगठन में मामूली फेरबदल से नहीं होगा पार्टी का बेड़ा पार

■ बुजुर्ग और पुराने चेहरों की बजाय युवा कंधों पर करना होगा अधिक भरोसा

पांच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में शर्मनाक पराजय झेलनेवाली कांग्रेस ने 2024 के लिए एक मेगा प्लान तैयार किया है, जिस पर अमल कर वह राजनीति की मुख्यधारा में वापस आने की संभावना देख रही है। यह प्लान चार सूत्री है, जिसमें पहला पार्टी को गांधी-नेहरू की छाया से दूर कर मल्लिकार्जुन खड़गे को पीएम पद का चेहरा घोषित करना। कांग्रेसी प्लान का दूसरा बिंदु संगठनात्मक फेरबदल कर युवा कंधों पर अधिक जिम्मेवारी देना है, जिसकी शुरुआत मध्यप्रदेश से कर दी गयी है। प्लान के तीसरे चरण में विपक्षी इंडी अलायंस के सहयोगियों के बीच समन्वय स्थापित कर सीट शेयरिंग को जल्द से जल्द अंतिम रूप देना है और अंतिम चरण में बेरोजगारी और महंगाई के साथ जातिगत जनगणना का मुद्दा जोर-शोर से उठाना है। कांग्रेस आलाकमान ने यह मेगा प्लान तो तैयार कर लिया है, लेकिन उसे शायद इस बात का अंदाजा नहीं है कि उसका यह प्लान तब तक कारगर नहीं हो सकता, जब तक कि वह अपने शीर्षस्थ नेताओं की जिम्मेवारियों और योगदान का ईमानदारी से मूल्यांकन नहीं करता। 138 साल पुरानी पार्टी यदि गांधी-नेहरू परिवार की छाया से अलग होने का हिम्मत जुटा लेती है, तो इसकी कीमत चुकाने के लिए उसे तैयार रहना होगा। कागज पर तो इसे कहा जा सकता है, लेकिन इसे धरातल पर उतारना कठिन है। संगठन में भी मामूली फेरबदल से पार्टी का काम नहीं चलनेवाला है, बल्कि बड़े स्तर पर उसे यह एक्सरसाइज करना होगा। इसके अलावा गठबंधन के सहयोगियों को विश्वास में लिये बिना प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर देना, अलायंस के साथ न्याय नहीं है। कांग्रेस के इस मेगा प्लान में क्या कमजोरियां हैं और 2024 में इसका क्या असर हो सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद देश की सबसे पुरानी पार्टी के आलाकमान की चिंता बढ़ गयी है। पार्टी ने हिंदी पट्टी में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए एक साथ कई मोर्चों पर काम करना शुरू कर दिया है। पार्टी जानती है कि 2024 का चुनाव उसके लिए 'करो या मरो' जैसा है, क्योंकि यदि वह इस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन नहीं करती है, तो दोबारा खड़ा होना उसके लिए असंभव हो जायेगा। इसलिए कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों की रणनीति पर विचार-विमर्श करने और भाजपा से मुकाबला करने के लिए एक मेगा प्लान तैयार किया है। खास बात यह है कि इस प्लान पर काम भी शुरू कर दिया गया है। कांग्रेस ने इस मेगा प्लान को अधिक धारदार बनाने के लिए 21 दिसंबर को अपनी कार्यसमिति की बैठक बुलायी है। इससे पहले 19 दिसंबर को इंडी अलायंस की बैठक भी होगी, जिसमें सीट शेयरिंग और प्रचार अभियान पर चर्चा किये जाने की संभावना है। इसके अलावा बैठक में नीतीश कुमार को गठबंधन का संयोजक बनाये जाने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जा सकता है। कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वह गठबंधन की बैठक में 'मैं' की बजाय 'हम' पर जोर देगी, यानी अब कांग्रेस सामूहिक ताकत का सहारा लेने के लिए तैयार है। बैठक में एक मुख्य सकारात्मक एजेंडा बनाने, सीट के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने के कार्यक्रम पर चर्चा हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का इरादा एकजुटता बनाये रखते हुए 'मैं नहीं, हम' नारे के साथ आगे बढ़ने का है। बैठक में बेरोजगारी, महंगाई और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों को चुनाव के केंद्र में लाने के लिए रणनीति भी तैयार की जायेगी।

गांधी-नेहरू परिवार की छाया से बाहर निकलेगी पार्टी

कांग्रेस के मेगा प्लान का पहला हिस्सा पार्टी को गांधी-नेहरू परिवार की छाया से बाहर निकालने से संबंधित है। इसके तहत राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी को पार्टी संगठन की जिम्मेदारियों से मुक्त कर प्रचार अभियान के लिए सुरक्षित रखा जायेगा। इसके अलावा राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा संस्करण भी शुरू किये जाने की संभावना है। यह यात्रा पश्चिम से पूर्वोत्तर के बीच होगी। सोनिया गांधी हमेशा की तरह पार्टी की 'गाइडिंग फोर्स' बनी रहेंगी। लेकिन कांग्रेस की यह योजना कितनी कारगर होगी, इस पर अभी संदेह है। पुराने कांग्रेसियों का कहना है कि गांधी-नेहरू परिवार की छाया से बाहर आते ही पार्टी के बिखरने का खतरा पैदा हो जायेगा। उस स्थिति में 2024 में पार्टी की संभावनाएं कमजोर पड़ जायेंगी।

खड़गे होंगे पीएम पद के उम्मीदवार

कांग्रेस के मेगा प्लान का दूसरा बिंदु पीएम पद का चेहरा है। कांग्रेस पहले राहुल गांधी को पीएम पद का उम्मीदवार बनाने के लिए तैयार थी, लेकिन हिंदी पट्टी के राज्यों में हुई पराजय ने कांग्रेस आलाकमान को अपना फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया है। अब कांग्रेस ने इस पद के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम आगे करने का फैसला किया है। सोनिया गांधी ने कहा भी है कि खड़गे भारत की आत्मा के लिए इस ऐतिहासिक लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। लेकिन यह कड़वी सच्चाई है कि मल्लिकार्जुन खड़गे का चेहरा हिंदी पट्टी के लोगों को आकर्षित करने में कारगर नहीं होगा।

इस फैसले में सबसे बड़ा पेंच खड़गे की उम्र और गठबंधन के दूसरे सहयोगियों की रजामंदी भी हो सकती है। खड़गे 81 साल के हो चुके हैं और उम्र का यह पड़ाव उन्हें पीएम पद के सर्वथा अयोग्य बनाता है, क्योंकि इस बड़ी जिम्मेदारी को निभाने के लिए जिस ऊर्जा की जरूरत होती है, वह खड़गे में अब नहीं हो सकती। उन्हें पीएम पद का प्रत्याशी बनाया जाये या नहीं, यह फैसला यदि केवल कांग्रेस करती है और गठबंधन के दूसरे घटक इसके लिए तैयार नहीं होते हैं, तो यह रणनीति बुरी तरह पिट जायेगी। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल जैसे नेता कांग्रेस के इस फैसले को मानेंगे, इसमें अभी से संदेह व्यक्त किये जाने लगे हैं।

क्राउड फंडिंग के जरिये लोगों के पास जायेगी कांग्रेस

कांग्रेस के मेगा प्लान का तीसरा चरण क्राउड फंडिंग के जरिये लोगों के पास जाना है। कांग्रेस इन दिनों आर्थिक संकट से गुजर रही है और पार्टी ने इस संकट से उबरने के लिए रणनीति बना ली है। पार्टी जल्द ही एक राष्ट्रव्यापी क्राउड फंडिंग अभियान शुरू करेगी। इसके तहत आम लोगों से 1380 रुपये या उससे अधिक की सहयोग राशि मांगी जायेगी। यह रकम ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड में दी जा सकेगी और इसके बदले में सहयोग देनेवालों को सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन के हस्ताक्षर वाला प्रमाण पत्र दिया जायेगा। पार्टी का मानना है कि आम लोगों से आर्थिक मदद मांग कर उनके साथ आसानी से जुड़ा जा सकता है। कांग्रेस के पास 805.68 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसकी तुलना में भारतीय जनता पार्टी के पास 6,046.81 करोड़ रुपये हैं। पिछले सात वर्षों में कांग्रेस के लिए कॉरपोरेट चंदा भी लगातार कम हुआ है, जबकि भाजपा लगातार बढ़ रही है। जनता से चंदा मांगने का कांग्रेस का कदम आम आदमी पार्टी की तर्ज पर प्रतीत होता है, जो ऑनलाइन चंदा मांगती है। पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए भी इस रास्ते पर चली गयी थी, क्योंकि उसके कुछ कार्यालयों को चलाने के लिए धन खत्म हो गया था। इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने 'लंच विद सीएम' कार्यक्रम शुरू किया था। इसमें आम लोगों को अरविंद केजरीवाल के साथ लंच और डिनर करने का मौका मिला था। इसके बदले उन्हें पार्टी फंड में पैसे देने होते थे। कांग्रेस भी इसी तर्ज पर अभियान शुरू कर सकती है।

संगठनात्मक फेरबदल की शुरुआत

कांग्रेस के मेगा प्लान का अंतिम चरण संगठनात्मक फेरबदल है। इसकी शुरुआत भी कर दी गयी है। मध्यप्रदेश में कमलनाथ की जगह जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष और हेमंत कटारे को उपनेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। ये सभी युवा चेहरे हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के दिग्गज नेता चरण दास महंत को विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया है। लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केवल इन दो राज्यों से ही काम नहीं चलेगा। पार्टी को केंद्रीय स्तर पर भी बड़े बदलाव करने की जरूरत है। ऐसे में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस संगठन में कितना बदलाव करती है।

कुल मिला कर कांग्रेस का यह मेगा प्लान चुनाव जिताने का काम, पार्टी के भीतर गुटबाजी का नया दौर शुरू करने का प्रयास अधिक दिखता है। अब यह तो समय ही बतायेगा कि कांग्रेस का यह प्लान कितना कारगर होता है।

राजनीतिक हलचल

तेजस्वी यादव ने युवाओं को दी नसीहत

आज बहुत से लोग फर्जी डिग्री लेकर घूम रहे, चाहता तो मैं भी...

पटना। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने खिलाड़ियों और उनके परिवार वालों को सलाह दी है कि बच्चों को डिग्री जरूर ले लेनी चाहिए। इस दौरान तेजस्वी ने फर्जी डिग्री लेने वालों पर भी तंज कसा और कहा कि बाजार में बहुत से ऐसे लोग हैं, जो फर्जी डिग्री लेकर घूम रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शनिवार को एक निजी स्कूल के स्पोर्ट्स मीट में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने ये बातें कहीं। तेजस्वी ने कहा कि डिग्री बहुत जरूरी है। अपना उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता दोनों मुख्यमंत्री रहे हैं। चाहते तो डिग्री मिल जाती, लेकिन उन्होंने डिग्री नहीं ली।

आज बहुत से लोग हैं जो फर्जी डिग्री लेकर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा वे यह नहीं कहते कि पढ़ोगे-लिखोगे तो होगे नवाब और खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब।

अब जमाना बदल गया है। पुरानी कहावत नहीं चलेगी। आज तो स्पोर्ट्स का जमाना है। खेलकूद की महत्ता और बढ़ी है। बाहर निकलिये, खेलिये, परंतु दवाओं से बचकर रहिये। खिलाड़ी का काम खेलना है। जरूर खेलिये, मगर डिग्री जरूर ले लीजियेगा।

तीन राज्यों में हार के बाद कांग्रेस ने बुलायी सीडब्ल्यूसी की बैठक

2024 के आम चुनाव की रणनीति पर हो सकती है चर्चा

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों की रणनीति पर विचार-विमर्श करने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने के वास्ते चुनाव अभियान की योजना तैयार करने के लिए 21 दिसंबर को अपनी कार्य समिति की बैठक बुलायी है। सूत्रों ने बताया कि बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में होगी। यह बैठक विपक्षी गुट इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की 19 दिसंबर को होने वाली बैठक के दो दिन बाद होगी और इस दौरान सीट के बंटवारे एवं प्रचार अभियान पर चर्चा किये जाने की संभावना है।

सीट के बंटवारे समेत इन मुद्दों पर होगी चर्चा : जानकारी के अनुसार बैठक में राहुल गांधी की यात्रा की संभावना पर भी चर्चा हो सकती है। राहुल 2024 के चुनावों से पहले बेरोजगारी और महंगाई को मुख्य मुद्दा बनाकर यात्रा कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि पार्टी पैदल सहित हाइब्रिड'(ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों) माध्यम से पूर्व से पश्चिम की यात्रा निकालने पर विचार कर रही है और इस संबंध में जल्द ही अंतिम निर्णय लिये जाने की उम्मीद है। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक से पहले विपक्षी गुट इंडिया' के नेताओं की चौथी बैठक 19 दिसंबर को अपराह्न तीन बजे नयी दिल्ली में होगी। इंडिया' की इस बैठक में एक ''मुख्य सकारात्मक एजेंडा'' बनाने, सीट के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने के कार्यक्रम पर चर्चा हो सकती है।

आम चुनावों की रणनीति पर होगा मंथन

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का इरादा एकजुटता बनाये रखते हुए ''मैं नहीं, हम'' नारे के साथ आगे बढ़ने का है। यह बैठक हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में होगी। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। उसने तेलंगाना में सरकार का गठन किया। पार्टी को मिजोरम में भी हार का सामना करना पड़ा सीडब्ल्यूसी की बैठक में हालिया विधानसभा चुनाव परिणाम का विश्लेषण भी किया जायेगा। पार्टी अपनी हार के कारणों और 2024 में होने वाले आम चुनावों की रणनीति पर विचार-विमर्श करेगी।

अध्यक्ष पद से हटाये जाने से कमलनाथ हुए नाराज!

संगठन प्रभारी और प्रदेश प्रभारी को दीं शुभकामनाएं

मध्यप्रदेश में कांग्रेस के हारने के बाद भी जब पार्टी अध्यक्ष कमलनाथ ने इस्तीफा नहीं दिया तो पार्टी ने वहां पर बदलाव कर दिया। कांग्रेस के नेता जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया। पटवारी को अध्यक्ष बनाये जाने कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता कमलनाथ के नाराज होने की चर्चाएं हैं। दरअसल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने रविवार को ट्वीट कर पार्टी में हुए बदलाव के बाद प्रदेश अध्यक्ष समेत नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष को बधाई दी। इस बधाई के साथ-साथ उन्होंने दो अन्य नेताओं को इस बधाई में शामिल किया उसके बाद यह कयास लगाये जाने लगे कि कमलनाथ इस फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भी कहते हैं, जब पार्टी का बेहतर प्रदर्शन ही नहीं रहा तो कमलनाथ ने पार्टी के प्रदेश प्रभारी और संगठन प्रभारी को बधाई किस आधार पर दी। हालांकि पार्टी अब मध्य प्रदेश की तर्ज पर ही आगे की सियासत को बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

मध्य प्रदेश में हार की जिम्मेदारी किसकी : मध्य प्रदेश में कांग्रेस की करारी हार के बाद आखिरकार पार्टी ने वहां पर प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ को हटाकर बड़ा फैसला ले लिया। कांग्रेस पार्टी के सियासी गलियारों में बीते कुछ समय से इस बात की चर्चा हो रही थी कि आखिर मध्य प्रदेश में हार की जिम्मेदारी किसकी है। लेकिन सभी नेता जिम्मेदार नेता हार की जिम्मेदारी लेने की बजाये इवीएम पर ठीकरा फोड़ रहे थे। इसी दौरान पार्टी ने आखिरकार एक इंतजार के बाद कमलनाथ को अध्यक्ष पद से हटा दिया। इस बड़े फैसले के बाद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कद्दावर नेता कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार समेत उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे को बधाई दी। लेकिन इसी बधाई के साथ कमलनाथ ने पार्टी के संगठन प्रभारी के वेणुगोपाल और प्रदेश के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला को भी बधाई दे डाली।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	23.2 °C	08.0 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.06 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.24 बजे

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 18 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in

जन भावनाओं को समझती है भाजपा : बाबूलाल मरांडी

सभी वर्गों में भाजपा के प्रति बढ़ा है विश्वास

तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए जनता संकल्पित

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। भाजपा का मिलन कार्यक्रम नामकुम में रविवार को हुआ। इसमें जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा और खिजरी ग्राम पंचायत की मुखिया कमेर्ला कच्छप के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पार्टी का दामन थामा।

बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में शपथ ग्रहण करते हुए कहा था कि उनकी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा सहित सबका साथ-सबका विकास को समर्पित रहेगी। साढ़े नौ वर्षों से मोदी सरकार अपने वादों पर खरा उतर रही है। इसलिए जनता का विश्वास मोदी सरकार पर बढ़ रहा है।

बाबूलाल ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों को शौचालय देकर गरीब बहनों की इज्जत को बढ़ाया। गरीबों को जनधन खाता से जोड़कर बैंक के दरवाजे पर पहुंचाया। पक्के मकान, गैस कनेक्शन, नल से जल ये सब गरीब के घरों की पहचान बन गये। कहा कि आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख तक के इलाज की गारंटी मिली। प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज ने किसी को भूखा नहीं सोने दिया।

इनकी रही मौजूदगी : भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद संजय सेठ, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

विश्वकर्मा योजना से कारीगरों को मजबूती

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना गांव के हुनरमंद पारंपरिक कारीगरों को मजबूत करेगी। भाजपा जनभावनाओं को समझती है। 50वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने अलग राज्य आंदोलन को दबाया, लेकिन अटल जी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने अलग झारखंड राज्य का सपना साकार किया। आदिवासी समाज के विकास का ढिंढोरा पीटने वाले आज आदिवासियों को लूट रहे। वहीं भाजपा की सरकार ने आदिवासियों को सम्मान देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता जनता के साथ खड़ा होकर राज्य की 14 लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाने और प्रदेश में भी भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं।

आजसू पार्टी के सच्चे सेवक थे कमल किशोर भगत: सुदेश

प्रतिमा स्थापित कर दी गयी, अब उनके विचारों को स्थापित करना है

पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की प्रतिमा का हुआ अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि आजसू नेता कमलकिशोर भगत ने जिस साहस और संघर्ष से झारखंड आंदोलन की लड़ाई लड़ी और एक विधायक के तौर पर जनता की सेवा की, उन्हें हर झारखंडी हमेशा याद रखेगा। उनके विचारों और लक्ष्य को आगे बढ़ना हमारा दायित्व है। उनकी कमी पार्टी को हमेशा खलती रही है। वह पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि पर लोहरदगा जिला कार्यालय में उनकी प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दैरान पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर सतीश कुमार समेत जेएमएम, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

आजसू प्रमुख ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने के लिए खून, पसीना बहाने और जेल जाने से लेकर कई संघर्ष करने के बाद कमल किशोर भगत ने विधायक नहीं, लोहरदगा का बेटा बन कर जनता की सेवा की। उनको लोहरदगा के आवश्यकता का बोध था। कमल किशोर भगत आम लोगों के विषयों को विधानसभा में बेतहर ढंग से रखते थे। उनकी प्रतिमा तो स्थापित कर दी गयी है, अब हमें उनके विचारों को स्थापित करना है। अगले साल से यह कार्यक्रम राज्य स्तर पर होगा।

इनकी रही मौजूदगी : उपाध्यक्ष हसन अंसारी, रामचंद्र सहिस, डॉ देवशरण भगत, नीरू शांति भगत, रौशनलाल चौधरी, अर्जुन बैठा, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, सूरज अग्रवाल, ओम भारती, दिलीप साहू, अंजु देवी, अनिता साहू, भरत काशी, डॉ सुधीर यादव उपस्थित रहे।

इन्होंने ली सदस्यता : अभिमन्यु साहू, आरिफ अंसारी, इम्तियाज अंसारी, राम भगत, साबिर अंसारी, नंदलाल भगत, सोमरा उरांव, विजय भगत, जब्बार अंसारी, शमीम, छोटू, रामजीत, रोजमत, जसीम, रिकरेस्टा टोप्पो, नवल, मौसिम, नसीम, मालती टोप्पो, अर्जुन उरांव, अजय उरांव, सतीश उरांव, राम सहाय समेत अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष पुरानी चिंताओं से मुक्ति, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

वृष दीर्घकालीन योजनाओं पर धनव्यय होगा, कर्मक्षेत्र में मधुर वाणी व चतुराई से आप अपने काम बना लेंगे।

मिथुन नवीन योजनाएं कार्यान्वित होंगी, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।

कर्क अपनी संकल्प शक्ति मजबूत बनाकर ही कोई काम करें, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा।

सिंह आर्थिक-व्यावसायिक स्थितियां सामान्य रहेगी, परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।

कन्या आज का दिन अनुकूल एवं शुभ फलदायक है, चारों ओर से लाभदायक समाचारों की प्राप्ति।

तुला कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे।

वृश्चिक हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा, पद-मान-मर्यादा-यश की वृद्धि होगी।

धनु निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

मकर स्थिर संपत्ति से संबंधित काम सिद्ध होंगे, रोजी-रोजगार में थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

कुंभ नौकरी में उन्नति, राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा।

मीन घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, कर्मक्षेत्र में नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है।

विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है भारत: राज्यपाल

कश्मीर से आये युवाओं से गवर्नर ने किया संवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारा देश वैश्विक मंच पर विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। विभिन्न क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों के बीच भाषा और संस्कृति में विविधता के बावजूद हम सभी एक हैं और एक रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से एक-दूसरे को जानने और समझने का मौका मिलता है। आपसी एकता की भावना को सशक्त करता है। राज्यपाल रविवार को राजभवन में नेहरू युवा केंद्र की ओर से कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम वतन को जानें के तहत जम्मू और कश्मीर से आये युवाओं से संवाद स्थापित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा-संस्कृति को जानना समझना चाहिए। दूसरों की भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविता का स्मरण करते हुए कहा कि भारत जमीन का टुकड़ा नहीं है, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। हम जियेंगे, तो इसके लिए, मरेंगे तो इसी के लिए।

राज्यपाल ने कहा कि जम्मू और कश्मीर अपनी समृद्ध संस्कृति और खूबसूरत परिदृश्यों के लिए जाना जाता है। हिमालय की गोद में स्थित पृथ्वी का स्वर्ग के रूप में जाना जाने वाला यह स्थान अपनी प्राकृतिक सुंदरता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह फिल्म शूटिंग के लिए दुनिया में सबसे अच्छे स्थलों में से एक माना जाता है। प्राकृतिक सौंदर्यता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण जम्मू और कश्मीर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

कहा कि जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 370 को हटाने का अहम निर्णय लिया गया है। जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित होने से प्रगति का लाभ उन तक सुनिश्चित होगा। कमजोर और हाशिये पर रहने वाले लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होंगे।

गणतंत्र दिवस पर दिखेगा विकसित भारत का रंग

झारखंड की झांकी होगी तैयार

रांची (आजाद सिपाही)। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर नयी दिल्ली में होनेवाली झांकी के लिए झारखंड को भी न्योता मिला है। इसके लिए केंद्र सरकार ने झारखंड को सूचना दी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखंड के मुताबिक मंत्रालय ने दो थीम पर राज्य की झांकी का निर्माण करने को कहा है। इनमें से एक है विकसित भारत और दूसरा भारत लोकतंत्र की मातृका। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के मुताबिक इस थीम के आलोक में झारखंड के परिप्रेक्ष्य में नयी दिल्ली में राज्य की झांकी के डिजाइन और निर्माण की तैयारी की जा रही है। विभाग ने इस कार्य में लोगों से भी सहयोग मांगा है। इसके लिए 21 दिसंबर तक लोगों को अपने विचार और सुझाव देने को कहा गया है। इसके लिए विभाग के सूचना भवन के पते पर लेटर भेज कर या इ-मेल पर भी जानकारी दी जा सकती है।

राष्ट्र तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा : अर्जुन मुंडा

खरसांवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

खरसावां। भारत सरकार की ओर से संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी से किया गया, जो कि पूरे देश में 26 जनवरी तक मनाया जायेगा। इसके अंतर्गत रविवार को खरसावां जिला की बिटापुर पंचायत और चिल्कु पंचायत में विशेष कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने नये वर्ष के कैलेंडर और अन्य जागरुकता सामग्री का वितरण किया।

मंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उद्देश्यों को प्राप्त करने में काफी मदद करेगी, जिससे देश वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बन सके। उन्होंने स्थानीय निवासियों से इस अभियान को सफल करने के लिए संकल्प लेने का भी आग्रह किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार राष्ट्र तेजी से प्रगति और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। वह दिन दूर नहीं, जब सपने हकीकत बन जायेंगे।

मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों, आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों की महिलाओं द्वारा लगाये गये स्टालों का दौरा किया। कार्यक्रम के समापन के बाद मंत्री द्वारा खरसावां प्रखंड के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभुकों को निःशुल्क गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत पूरे देश में मुख्यतः आम जनों के लिए स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्ज्वला, आधार कार्ड अपडेट, पीएम स्वनिधि से संबंधित शिविर लगाया जा रहा है।

ओबीसी मोर्चा ने विनोद पांडेय को सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य में जातीय सर्वेक्षण कराने, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने, 11वीं जेपीएससी की नियमावली को सुधारने और ओबीसी के हितों की रक्षा करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के नाम केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र प्राप्त करने के बाद विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ओबीसी समुदाय के हक अधिकार के लिए चिंतित है, लेकिन राज्यपाल ओबीसी के आरक्षण बढ़ाने के कैबिनेट और विधानसभा से की गयी अनुशंसा पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि 11वीं जेपीएससी परीक्षा नियमावली में कई खामियां हैं। इसे संज्ञान लेने की मांग की। विनोद पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पर गंभीर हैं। शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है। मांग पत्र सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश महासचिव रामावतार कश्यप, कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा और जगदीश साहू शामिल थे।

सीसीएल सीएमडी ने उत्पादन को लेकर कुजू क्षेत्र का किया दौरा

बंद पड़ी कोलियरियों को चालू करना प्राथमिकता : बीआर रेड्डी

अमरजीत कुमार

कुजू (आजाद सिपाही)। नये साल में सीसीएल कुजू क्षेत्र में वर्षों से बंद पड़ी सारूबेड़ा, पुंडी और आरा कोलियरियों को निर्धारित उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति के तहत यथाशीघ्र शुरू कराना प्राथमिकता है। उक्त बातें सीसीएल सीएमडी बीआर रेड्डी ने तोपा-करमा कोलियरियों के निरीक्षण के बाद सीसीएल कुजू जीएम कार्यालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि सारूबेड़ा कोलियरी फरवरी में शुरू किये जाने की संभावना है। आरा कोलियरी में विस्थापन संबंधी समस्याओं को दूर करने के बाद

सारूबेड़ा कोलियरी फरवरी में शुरू होने की उम्मीद

अगले साल तक शुरू करना है। पुंडी कोलियरी में जमीनी समस्या को सुलझाने में कुछ समय लगेगा। अगले दो वर्ष के भीतर पुंडी कोलियरी को पुनः शुरू करना प्राथमिकताओं में शामिल है। साथ ही, हर हाल में निर्धारित उत्पादन लक्ष्य हासिल करने का स्पष्ट दिशा निर्देश दिया। इससे पूर्व, सीसीएल सीएमडी बीआर रेड्डी ने सीसीएल कुजू क्षेत्र की कोलियरियों में उत्पादन कार्य की अद्यतन जानकारी लेने को लेकर कुजू क्षेत्र का दौरा किया। वहीं, सीसीएल करमा और तोपा परियोजना की खुली खदानों का निरीक्षण किया। साथ ही, संबंधित परियोजना पदाधिकारियों से उत्पादन कार्य की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने सीसीएल को कुजू क्षेत्र के जीएम नीरज कुमार सिन्हा से उत्पादन कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ आने वाली कठिनाइयों की जानकारी ली। इस अवसर पर जीएम (ऑपरेशन) बीपी गुप्ता, एसओपी गिरीश चंद्र, वित्त प्रबंधक प्रशांत प्रियदर्शी, विजय प्रकाश, पीसी साहू, मनीष कुमार, पवन कुमार, राजू रविदास, संजय सिंह, एमके सिंह, हेमंत सिंह, निलेश कुमार समेत कई अधिकारी शामिल रहे।

न्यूटन ट्यूटोरियल्स का आइआइटी-मेडिकल की तैयारी पर सेमिनार

'एनसीइआरटी पुस्तक पर फोकस से मिलेगा फायदा'

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। संत एन्स और रामप्रसाद चंद्रभवन सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार को न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा. लि. द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था-आगामी आइआइटी और मेडिकल की परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक के साथ रैंक प्राप्त किया जाये।

एनके मुरलीधर ने बताया कि पैरेंटस को अपने व्यवहार में बदलाव कर बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए। मौके पर बोलते हुए मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास की जरूरत है। भौतिकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतिकी की तैयारी से संबंधित जानकारी दी। अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीइआरटी की पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें, तो अधिक फायदा होगा। निदेशक इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। इमरान अली के अनुसार जेइइ-मेडिकल की तैयारी के लिए 11वीं सबसे उपयुक्त समय है। हालांकि अगर योजना कक्षा नौवीं से बनाते हैं, तो बहुत ही अच्छा है, लेकिन 10वीं के बाद तो जरूर से तैयारी शुरू कर दें।

क्रिज प्रतियोगिता में संत एन्स स्कूल की पूर्णिमा राणा, अंतरा खंडेलवाल, रूद्र प्रकाश केसरी, मान्वी सिंह, आयुषी कुमारी, तेजस्वी कुमारी, हर्षिता कुमारी, रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के मिहिर गुप्ता, प्रीतम कुमार और अमन पासवान को पुरस्कार दिया गया।

एडमिशन टेस्ट हर रविवार को

न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नया बैच 2024 के लिए आइआइटी-मेडिकल एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी एनटीपीएल के कार्यालय से ले सकते हैं। फोन नंबर 0651-2563018, 9204793521, 9708423600 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 18 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in
04

मीडिया इलेवन ने डॉक्टर इलेवन की टीम को 74 रनों से हराया

32 गेंदों में राहुल सिंह ने नाबाद 100 रन की पारी खेली, 13 छक्के और पांच चौका शामिल रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रिम्स स्टेडियम में खेले गये एक मुकाबले में डॉक्टर इलेवन की टीम को मीडिया इलेवन ने मात दी। मीडिया इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 247 रन का विशाल टारगेट दिया। इसमें राहुल सिंह और मोनू ने धमाकेदार शुरुआत की। इसमें मोनू सिंह ने 25 बॉल में 95 रन की पारी खेली। मोनू की पारी में 12 छक्के और पांच चौका शामिल रहा। दूसरी तरफ से राहुल सिंह ने 32 गेंदों में नाबाद शतकीय पारी खेली। इसमें 13 छक्का और 4 चौका शामिल रहा। डॉक्टर इलेवन की तरफ से डॉ सुवेंदू और डॉ आशुतोष ने अच्छी

25 बॉल में 95 रन की मोनू सिंह ने पारी खेली, 12 छक्के और पांच चौका शामिल रहे

शुरुआत दी, जिसमें डॉ आशुतोष ने 27 गेंद में 52 रन बनाये। डॉक्टर इलेवन की टीम 15 ओवर में 173 रन ही बना सकी।

मीडिया इलेवन ने एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल को हराया

रांची (आजाद सिपाही)। एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल हरमू रोड के खेल ग्राउंड में मीडिया इलेवन और एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के बीच क्रिकेट मैच का रोमांचक मुकाबला हुआ। इसमें मीडिया इलेवन ने पहले बैटिंग करते हुए 12 ओवरों में 86 रन का टारगेट दिया। विपक्षी टीम पीछा करते हुए 68 रन बना पायी और 18 रन से हार गयी। इसी पिच पर 21 से 24 दिसंबर तक वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया जाना है। इसमें राहुल सिंह पांच छक्के के साथ 40 रन का योगदान दिया। साथ ही गेंदबाजी में भी जलवा बरकरार रखते हुए दो विकेट लिये। साथ ही मोनू ने भी दो विकेट लेकर विपक्षी टीम को धाराशायी कर दिया।

राजधानी में किताब उत्सव आज से

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में 18 से 24 दिसंबर तक किताब उत्सव मनाया जायेगा। किताब उत्सव के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी लगाने के साथ ही विभिन्न सत्रों में आदिवासी भाषा साहित्य और संस्कृति पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इनमें सामाजिक महत्व के विषयों पर परिचर्चा, लेखक सम्मेलन, रचना पाठ और नयी किताबों का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही नयी किताबों के लोकार्पण होंगे। छह दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में झारखंड के अलावा देश भर के कई साहित्यकार हिस्सा लेंगे।

एमटीआइ रांची में सेल के नये विजन पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के विजन पर फिर से विचार करने के उद्देश्य से रविवार को प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सेल-रांची स्थित विभिन्न इकाइयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसे एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआइ) हैदराबाद के सहयोग से आयोजित किया गया।

एसडीटीडी के इडी वेद प्रकाश ने सेल के दृष्टिकोण को फिर से परिभाषित करने पर व्यापक कार्यशाला की सराहना की। इसे उद्योग में उभरते रुझानों के लिए एक आवश्यक प्रतिक्रिया के रूप में मान्यता दी। जोर दिया कि इस परिवर्तनकारी प्रक्रिया में ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है, जो उभरते

परिदृश्य में सेल के निरंतर नेतृत्व को सुनिश्चित करते हैं। संदीप कुमार कर ने सामूहिक प्रयास के महत्व पर प्रकाश डाला। इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक मूल्य कल्पित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर काम करने में निहित है। एमटीआइ के मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी) संजय धर ने सेल के विकास के व्यापक संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया। मौके पर समरजीत याचक समेत अन्य उपस्थित थे।

सामूहिक भागीदारी से ही उग्रवाद का सफाया: मरांडी

रेणुका तिवारी के उपन्यास अलविदा लाल सलाम का किया लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उग्रवाद, नक्सलवाद जैसी समस्याओं के निदान में सामूहिक प्रयास जरूरी है। इसमें सरकार के साथ समाज के प्रबुद्ध वर्ग को भी अपना दायित्व निभाना होगा, ताकि इससे संबंधित विचारधारा को परास्त किया जा सके। उक्त बातें प्रेस क्लब में रविवार को लेखिका रेणुका तिवारी के उपन्यास अलविदा लाल सलाम के लोकार्पण के मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहीं।

कहा कि जहां भी विकास कार्यों को पहुंचाने में सिस्टम कमजोर पड़ता है। वहां उग्रवाद और अन्य समस्याओं को पनपने को खाद-पानी मिलता रहता है। न्याय व्यवस्था को सुलभ करने, विकास कार्यों की गति बढ़ाने से ऐसी समस्याओं का निदान आसानी हो जाता है। कहा कि राजनेता और सिस्टम में बैठे लोग अगर कमीशनखोरी से परहेज करें, ईमानदारी से अपना रोल अदा किया करें, तो नक्सल, उग्रवाद जैसी विचारधारा को पनपने का मौका नहीं मिलेगा। मौके पर पूर्व पुलिस महानिरीक्षक अरूण सिंह, रांची यूनिवर्सिटी से रिटायर हिंदी के पूर्व प्रोफेसर अशोक प्रियदर्शी, पत्रकार अनुज सिन्हा समेत कई लेखक और गणमान्य उपस्थित थे।

पैसा उगाही की मशीन हैं नक्सली

अशोक प्रियदर्शी ने सिमडेगा में अपने दो दशकों के अध्यापन काल के अनुभवों को साझा किया। कहा कि अब भी गांवों में रहने वाले आदिवासी समाज के लोग बेहद सरल हैं। जहां शासन का अभाव रहता है। नक्सल समस्याओं को वहीं पनपने का मौका मिलता है। अनुज सिन्हा ने कहा कि अलविदा लाल सलाम जैसा उपन्यास एक उम्मीद की किरण है। रेणुका तिवारी के मुताबिक उनका उपन्यास मुख्यत: इस बात को रेखांकित करता है कि करीब पांच दशकों से देश के अलग अलग हिस्सों में किस तरह से नक्सली संगठन खासकर आदिवासियों को अपने चंगुल में लेते रहे हैं।

महत्वपूर्ण खबरें

डीएसपीएमयू के एमबीए विद्यार्थियों का प्रशिक्षण के लिए चयन

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के एमबीए पाठ्यक्रम से 23 विद्यार्थियों का चयन फंड्स रूम इंवेस्टमेंट सर्विसेज ने अपने संस्थान में 30 दिनों के पेड इनटर्नशिप के लिए किया है। ये विद्यार्थी एमबीए फाइनांस के तहत अपना कार्य करेंगे। इन सभी प्रशिक्षु विद्यार्थियों का कैंपस चयन ऑन लाइन इंटरव्यू के आधार पर किया गया। प्रशिक्षण प्रारंभ होने की तिथि 18 दिसंबर से है। उनके चयन पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने बधाई दी। कहा कि यह तो शुरुआत है, विश्वविद्यालय जल्द ही इस परिसर में न सिर्फ वोकेशनल बल्कि सामान्य स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण और प्लेसमेंट मुहैया कराने के लिए देश के अग्रणी संस्थानों को आमंत्रित करेगा। विश्वविद्यालय में अतिशीघ्र रोजगार मेला का आयोजन होगा। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह और प्लेसमेंट अधिकारी अंकित कुमार तिवारी की मौजूदगी रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

सरना कोड को लेकर एकजुट हो रहे हैं लोग: फूलचंद

रांची (आजाद सिपाही)। सरना कोड को लेकर आहूत भारत बंद को लेकर केंद्रीय सरना समिति और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को हजारीबाग जिला का दौरा किया। हजारीबाग के सरहुल मैदान धुमकुड़िया में आयोजित बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिला सरना समिति के अध्यक्ष महेंद्र बेक ने की। बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की उपस्थित हुए। केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि 30 दिसंबर को भारत बंद को सफल बनाने को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान सालखन मुर्मू की अगुवाई में सरना कोड लागू करने के लिए लोग एकजुट हो रहे हैं। सरना कोड को लेकर लोग जागरूक हो रहे हैं। सभी जगह से समर्थन मिल रहा है। हजारीबाग जिला सरना समिति के अध्यक्ष महेंद्र बेक ने कहा कि सरना कोड आदिवासियों के अस्तित्व से जुड़ा है। बहुत लंबे अरसे से आदिवासी सरना कोड की लड़ाई लड़ रहे हैं। 1951 तक आदिवासी का धार्मिक कालम था, इसे षड्यंत्र के तहत हटाया गया है। सरना कोड लड़ाई से ही जीता जा सकता है। मौके केंद्रीय सरना समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, हजारीबाग सरना समिति के महासचिव मनोज टुडू, संरक्षक बंधन लकड़ा, सेंगेल अभियान के आनंद टुडू, लाजमी सोरेन, हजारीबाग सरना समिति के बरसी तिर्की, संगीता कच्छप, राजू बेक, रतन केरकेट्टा और अन्य उपस्थित थे।

स्वर्णरेखा उत्थान समिति ने सांसद को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। स्वर्णरेखा उत्थान समिति विगत कई वर्षों से स्वर्णरेखा नदी को रांची में प्रदूषण मुक्त करने के लिए आंदोलनरत है। इसी क्रम में समिति ने सांसद संजय सेठ से मांग की थी कि स्वर्णरेखा नदी को स्वच्छ बनाने, हरमू नदी और स्वर्णरेखा नदी के संगम स्थल 21 शिवलिंग का संरक्षण नमामि गंगे की तर्ज पर किया जाये। संजय सेठ ने स्वर्णरेखा उत्थान समिति की मांगों

स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण मुक्त करने की केंद्रीय मंत्री से की पहल : संजय सेठ

को विगत दिनों संसद में उठाया। इसी कारण से स्वर्णरेखा उत्थान समिति ने सांसद के आवास में जाकर उनका अभिनंदन कर धन्यवाद दिया। इस दौरान सांसद संजय सेठ ने स्वर्णरेखा उत्थान समिति के सदस्यों को कहा कि संसद के पटल पर उनके द्वारा यह विषय लाने के बाद केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने उन्हें बुला कर इस पर गंभीर चर्चा की। पूरी स्थिति को समझ कर तुरंत आदेश भी पारित किया। वर्तमान स्थिति पर सर्वे कर रिपोर्ट भी मांगी। उम्मीद है कि आनेवाले दिनों में इसका सार्थक परिणाम देखने को मिलेगा। इस अवसर पर समिति के गौतम देब, मनोज महतो, रवि सिंह, राजदीप किशोर, नंदकिशोर साहू, राजेश प्रसाद, अश्विनी कुमार, संजय महतो, जीतेंद्र कुमार, पंचम महतो, सत्येंद्र रजक सहित कई उपस्थित थे।

गोगामेड़ी और कृष्ण मोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। वीर कुंवर सिंह पार्क हरमू रांची में रविवार को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी एवं बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद स्व. कृष्ण मोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन वीर कुंवर सिंह विचार मंच के तत्वावधान में किया गया। वक्ताओं ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की निर्मम हत्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी ही अनदेखी झारखंड में भी कई नेतृत्वकर्ताओं की सुरक्षा को लेकर की जा रही है। जिसमें विशेष कर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह का हाल ही में सुरक्षा हटा लिया गया। साथ ही भैरव सिंह के घर पर भी सुरक्षा कम कर दी गयी है। अतः सरकार जल्द से जल्द उनकी सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करे अन्यथा बाध्य होकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। वक्ताओं द्वारा स्व. श्री कृष्ण मोहन सिंह के असामयिक निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज कुमार सिंह, रामेश्वर दयाल सिंह, ललन सिंह, अजीत सिंह, सुनील सिंह, एमके सिंह, अंजनी सिंह, अजय सिंह, आदर्श सिंह, चेतन सिंह, शिवाजी सिंह, जितेंद्र सिंह, रोहतास सिंह, अजीत सिंह, दिलीप सिंह, विनय सिंह, दीपिका कुमारी, प्रेम सागर, मनीष सिंह, बालाजी आदि उपस्थित थे।

एसबीआइ पटना मैराथन में अंजू बॉबी ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया

रांची (आजाद सिपाही)। पटना के गांधी मैदान में बिहार को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रथम मैराथन का आयोजन किया गया। यह आयोजन एसबीआइ पटना मंडल के सहयोग से मद्य निषेध विभाग, बिहार सरकार ने किया। यह मैराथन चार वर्गों अर्थात 42, 21, 10 और 5 किलोमीटर में आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन की मुख्य अतिथि एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज ने सभी धावकों का हौसला बढ़ाया। स्टेट बैंक का प्रतिनिधित्व उप प्रबंध निदेशक महेश कुमार शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल शिव ओम दीक्षित, महाप्रबंधक (उत्तर बिहार) सत्यब्रत महापात्र, महाप्रबंधक (निरीक्षण) नरेश कुमार रहेजा और बिहार सरकार का प्रतिनिधित्व एस सिद्धार्थ, एसीएस (होम), बिनोद गुंजियाल, एसीएस (निषेध एवं उत्पाद), बी राजेंद्र प्रधान सचिव (सामान्य प्रशासन) ने किया। इस पूर्ण मैराथन में देश-विदेश के लगभग दस हजार धावकों ने हिस्सा लिया और मंत्री सुनील कुमार की उपस्थिति में विजेताओं को सम्मानित किया गया। पटना में हुई इस प्रथम पूर्ण मैराथन का प्रयोजन भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल ने किया और एसबीआइ समूह की कंपनी एसबीआइ लाइफ ने भी इस कार्यक्रम में सहयोग दिया।

कार्यक्रम : रांची विश्वविद्यालय में यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम

'जोहार संगी' में झूमे कश्मीर से आये छात्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मोरहाबादी स्थित आरयू के टीआरएल विभाग का अखड़ा झारखंडी नृत्य संगीत के मोहक प्रस्तुति का गवाह बना। विश्वविद्यालय एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत कश्मीर से रांची पहुंचे 120 युवाओं का दल रांची पहुंचा। सबसे पहले मेहमान युवाओं का पारंपरिक झारखंडी नृत्य संगीत से भव्य स्वागत किया गया। रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जनजातीय एवं क्षेत्रिय भाषा विभाग में आयोजित इस यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में कश्मीर से आये युवा झारखंड के सांस्कृतिक परंपरा, भाषा, नृत्य संगीत पर झूम उठे।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण डीएसडब्ल्यू डीएसडबल्यू डॉ. सुदेश साहू ने किया और कश्मीर से आये युवाओं को झारखंड की कला संस्कृति के बारे बताया। डॉ अनिता शेखर ने कश्मीरी भाषा में

मेहमान छात्रों का स्वागत किया गया। इसके बाद कुलपति आरयू प्रो. डा. अजीत कुमार सिन्हा ने कश्मीर से आये युवाओं के टीम लीडर्स को स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नेहरू युवा केंद्र की राज्य निदेशक हनी सिन्हा को डॉ. स्मृति सिंह ने शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. हरि उरांव को डॉ. ज्योति प्रकाश ने सम्मानित किया। डॉ. ब्रजेश कुमार ने नेहरू युवा केंद्र के डिप्यूटी डायरेक्टर एसपी सिंह को सम्मानित किया। आयोजन में वाइबीएन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एसपी यादव को चेयरमैन रामजी यादव तथा कौशल किशोर को भी सम्मानित किया। पीएफए विभाग के मनीष और बिपुल नायक के टीम द्वारा धैन धैन रे हमर छोटानागपुर गीत पर बहुत ही मोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उलगुलान नृत्य नाटिका एवं संथाली गीत नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का संचालन टीआरएल विभाग के डॉ. किशोर सुरीन ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र की राज्य निदेशक हनी सिन्हा, पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख, डॉ. एसपी यादव कुलपति, वाइबीइएन यूनिवर्सिटी, रामजी यादव, वाइबीएन यूनिवर्सिटी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव ने दिया। इस अवसर पर कुलपति आरयू प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार सिन्हा, डॉ. हरि उरांव, डॉ विनोद नारायण, डॉ ज्योति प्रकाश, डॉ. स्मृति सिंह, डॉ प्रीतम कुमार, किशोर सुरीन, बिपुल नायक, मनीष कुमार, सुजीत शर्मा , एनएसएस के डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. बीआर झा, डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश साहू और आरयू के विभिन्न विभागों के हेड, डीन, आरयू के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली 24 को मोरहाबादी मैदान में

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जनजाति सुरक्षा मंच का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात की। आगामी 24 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली के बारे में विस्तार से बताया।

बताया गया कि जो जनजाति अपनी प्रथा छोड़ कर अन्य धर्म इसाई या इस्लाम कबूल कर लिये हैं और अनुसूचित जनजाति का आरक्षण का लाभ ले रहे हैं। वैसे लोगों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करना ही इस रैली का उद्देश्य है।

इस महारैली में बतौर मुख्य

राज्यपाल को शामिल होने का दिया न्योता

अतिथि उपस्थित होने का आमंत्रण भी शिष्टमंडल ने दिया।

बताया गया कि इसमें जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत, राजकिशोर हांसदा, पूर्व न्यायाधीश प्रकाश सिंह वीके, सत्येंद्र सिंह खेरवार, पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा भी उपस्थित होंगे। प्रतिनिधि मंडल में क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, जनजाति सुरक्षा मंच के मीडिया प्रभारी सोमा उरांव, समाजसेवी अर्जुन राम, तुलसी, देवनंदन, अटल शामिल थे।

विजय शंकर बने संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव

रांची (आजाद सिपाही)। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार साहू ने विजय शंकर नायक को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया है। साथ ही उन्हें झारखंड-छत्तीसगढ़ का प्रभारी भी बनाया गया है। विजय शंकर नायक को जिम्मेवारी मिलने पर राष्ट्रीय प्रवक्ता सबरीना श्वेता टोप्पो, नील आगस्टीन बेक, परवीन एक्का, विनय कुमार दुबे, अजय नाग, शफीक अंसारी, परवीन कुमार, इजराहुल हक, मंटू राम, दीपक पासवान समेत अन्य ने हर्ष जताया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 18 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in
05

अवैध संबंध से नाराज पत्नी ने रची थी हत्या की साजिश, आठ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सदर थाना क्षेत्र की बूटी बस्ती में बीते 30 नवंबर को संजय पाहन की हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड का रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया है। संजय पाहन का दूसरी महिला से अवैध संबंध था। इसे लेकर उसकी पत्नी ने अन्य लोगों के साथ मिल कर संजय की हत्या की साजिश रची थी। एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए संजय पाहन की पत्नी, साला

समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सालो देवी, आशीष नेपाली, मानवेल खलखो, कमरू नाग, सूरज कुमार ठाकुर, अजहर अंसारी, धनेश्वर भगत और दाऊद एक्का शामिल है। इनके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा गोली, हथौड़ा सहित कई अन्य सामान बरामद किया है।

संजय पाहन की किसी दूसरी महिला के साथ संबंध था। इसे लेकर घर में विवाद चल रहा था। इस पारिवारिक विवाद में पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने मिल कर संजय पाहन की हत्या की साजिश रची, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी। बता दें कि संजय पाहन की गोली मार कर हत्या की गयी थी। उसका शव उसके घर के आंगन में खून से लथपथ मिला था। उस पर पहले किसी धारदार हथियार से हमला किया गया था, जिसके बाद पीठ में गोली मार दी गयी थी।

शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन हंगामेदार होने के आसार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सोमवार को झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन के कार्यदिवस पर हंगामा के पूरे आसार हैं। भाजपा ने राज्यसभा सांसद धीरज साहू से करोड़ों की नकदी बरामदगी, मुख्यमंत्री को इडी के समन और युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा सदन में उठाने का एलान किया है।

विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि हम चाहते हैं कि सरकार शीतकालीन सत्र के दौरान जनता के मुद्दों और सवालों का जवाब दे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार बीजेपी के सवालों का जवाब नहीं देगी तो हंगामा होगा।

उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर भाजपा विधायकों ने शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के बाहर तख्तियां और बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया था, वे मुद्दे अब भी कायम हैं। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रिश्तेदारों और व्यापारिक सहयोगियों के पास से मिली 500 करोड़ रुपये की रकम किसकी है? वे जमीन घोटाला मामले में इडी के सवालों का सामना करने से क्यों बच रहे हैं? 2019 में सत्ता में आने पर हेमंत सोरेन ने राज्य के अनुबंध कर्मियों से जो वादे किये थे, उन्हें पूरा करने में हेमंत सरकार पीछे क्यों है? शीतकालीन सत्र का दूसरा कार्यदिवस सोमवार को सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

महत्वपूर्ण खबरें

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के एमबीए एंट्रेंस टेस्ट का रिजल्ट निकला

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी रांची के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के एमबीए एंट्रेंस टेस्ट 2023 का रिजल्ट रविवार को निकल गया है। इसमें सपेक्षा आनंद बीसी 2 कैटेगरी में 90 . 68 प्रतिशत अंक लायी है। वहीं राहुल कुमार साहू ने बीसी 1 कैटेगरी में 81 . 50 प्रतिशत अंक लाया है। और आयुषी कुमारी ने बीसी 2 कैटेगरी में 77 प्रतिशत अंक लायी है। बता दें कि एंट्रेंस एग्जाम में 165 थ्रू कैट, मैट एआइएमए कट 15 में टोटल 180 एप्लिकेंट एपियर्ड हुआ था।

एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू के मरांकिरी जोड़ा मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन जनकल्याण युवा विकास क्लब मरांकिरी के किया गया। जिसमें झारखंड एवं बंगाल के 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमे फाइनल मैच के विजेता वेस्ट बंगाल के मास्टर इलेवन जयपुर व उपविजेता राज स्पोर्टिंग उलीलोहर रही। खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने पुरस्कृत दिया। मौके परपुरुलिया सांसद प्रतिनिधि कमल महतो, मनोज कुमार सैंडिल,अशोक कुमार महतो, हिकीम चंद्र महतो, बिपिन महतो, निर्मल महतो, देशपाल महतो, शिवचरण महतो, संजय महतो, धर्मेंद्र महतो, मनोज महतो आदि उपस्थित रहे। जैलेंद्र ने कहा रांची के सुदूर में इस तरह का आयोजन 40 वर्ष से हो रहा है जो काफी सराहनीय है।

हरमू के चडरी मसना का होगा कायाकल्प

रांची (आजाद सिपाही)। हरमू स्थित चडरी मसना का कायाकल्प होगा। इसका श्रीगणेश रविवार को किया गया। 1.42 करोड़ की लागत से यहां सुविधाएं बहाल की जायेंगी। मुख्य पाहन गुड्डू पाहन के द्वारा पूजा-पाठ कराया गया। चडरी सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में हरमू स्थित चडरी मसना का सुंदरीकरण कार्य चालू किया गया। बबलू मुंडा ने कहा कि चडरी ग्राम के आदिवासी-मूलवासी के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। मंत्री चंपई सोरेन ने आदिवासी समाज की परंपरागत व्यवस्था को सरंक्षण करने का कार्य किया है। आने वाले पीढ़ी को भी अपनी परंपरागत व्यवस्था को बचा कर रखने की जरूरत है। प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, सबलू मुंडा, शंकर लिंडा, राजेश मुंडा, लालू लिंडा, मंगल मुंडा, सागर भगत, अशोक मुंडा, जागेश्वर राम, बबला नायक, चिकू लिंडा, प्रेम लिंडा समेत अन्य उपस्थित थे।

पहाड़ी मंदिर में 3.36 लाख का चढ़ावा

रांची (आजाद सिपाही)। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के तत्वावधान में पहाड़ी मंदिर की दान पेटियों को खोला गया, जिसकी गिनती की प्रक्रिया में सभी सदस्य और पुजारी और लगे रहे। इसकी वीडियोग्राफी भी करायी गयी। इसमें तीन लाख छत्तीस हजार दो सौ नकद मिले। साथ ही कुछ नोट खराब हो गये हैं, जिसे एक्सचेंज कर दिया जायेगा। कुछ दिनों के बाद बाकी की दान पेटियों को भी खोला जायेगा। सभी रकम को पहाड़ी मंदिर विकास समिति के बैंक एकाउंट में जमा कराया जायेगा। मौके पर अध्यक्ष एनएन पांडेय, सचिव राकेश सिन्हा, सदस्य राजेश साहू, बादल सिंह, राजेंद्र सिंह, दीपक नंदा, राहुल व्यास, राजकुमार तलेजा समेत अन्य उपस्थित थे।

तेली-महली को श्मशान घाट के लिए जगह दे सरकार : राजेंद्र प्रसाद

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी से सटे रांची के बिजुलिया गांव में तेली और महली जाति के लोगों को श्मशानघाट पर दाह संस्कार अन्य समाज के द्वारा नहीं करने दिया जा रहा है। तेली जाति और महली जाति को छूत बताकर गांव छोड़ने के लिए कहा जा रहा है। इस घटना को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद से बिजोलिया गांव के तेली और महली समाज के लोग मिले। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को ज्ञापन सौंपा और बताया कि तेली और महली समाज का श्मशान घाट रोड चौड़ीकरण में चला गया। हिंदुओं का एक-दूसरा श्मशान घाट है, लेकिन वहां तेली और महली समाज को छूत कह कर दाह संस्कार करने नहीं दिया जा रहा है। सदान अध्यक्ष को प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस संदर्भ में वे लोग उपयुक्त, अपर समाहर्ता, एसडीओ और डीसीएलआर रांची को भी ज्ञापन दिया है। विकास साहू, तारकेश्वर साहू, दीपक महली, अरविंद साहू, धर्मनाथ साहू, अरविंद साहू आदि शामिल थे।

प्रेम और करुणा के मार्ग पर चल कर समाज में समरसता की मिसाल कायम हो सकती है: रामेश्वर

रांची (आजाद सिपाही)। संत जॉन्स चर्च कल्याणपुर हटिया में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रभु ईसा मसीह का पवित्र संदेश सत्य, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलकर समाज में समरसता और सद्भावना की मिसाल कायम हो सकती है। डॉ उरांव ने कहा प्रभु यीशु का संदेश खीस्त साहब के द्वारा सुनने का अवसर मिला। कहा कि हम अपने आप से जैसा प्रेम करते हैं, अगर वैसा ही प्रेम पड़ोसियों से भी करें, तो मुहल्ला खूबसूरत हो जायेगा। डॉ उरांव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड में मसीही समुदाय द्वारा स्कूल खोले गये। जंगल और पहाड़ में रहने वाले लोगों के बीच में न सिर्फ शिक्षा का प्रचार-प्रचार किया, बल्कि उन्हें मुख्य धारा में शामिल होने का अवसर प्रदान किया।

मदरसा भवन का निर्माण जल्द कराने की पहल करेंगे : शमशेर आलम

रांची (आजाद सिपाही)। मदरसा नुरूल इस्लाम नगर की ओर से रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम शामिल हुए। इसमें 2011 की घटना को याद करते हुए श्री आलम को मांग पत्र भी सौंपा गया। श्री आलम ने आश्वासन दिया कि इस्लाम नगर स्थित मदरसा नुरूल इस्लाम की स्थिति बहुत ही दयनीय है, जितना जल्द हो सकता है, उपलब्ध जमीन में मदरसा सह स्कूल के निर्माण के लिए कार्रवाई की जायेगी। साथ ही जिन परिवारों को सूचीबद्ध होने के बाद भी घर नहीं मिला है, उस मामले में भी पहल का भरोसा दिया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सलाउद्दीन, हाजी फारूक, मो शकील, हाफीज इकबाल, इमरान साहब, कारी अब्दुल हफीज, खलील, कारी अफसर, मो फिरोज सहित अन्य उपस्थित थे।

51 एएसआइ को दारोगा रैंक में प्रोन्नति

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के 51 एएसआइ को दारोगा रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। पुलिस मुख्यालय में केंद्रीय चयन पर्षद की बैठक में 51 एएसआइ प्रोन्नति योग्य पाये गये, जबकि 20 एएसआइ प्रोन्नति के लिए अयोग्य पाये गये। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। एएसआइ को दारोगा रैंक में प्रोन्नति पाने वाली लिस्ट में गुप्तेश्वर सिंह, सुरेंद्र दास, दिलीप सिंह, चंद्रभूषण प्रताप सिंह, शिवजी सिंह, अखिलेश कुंवर, सत्येंद्र नारायण सिंह, आनंद भूषण सिंह, अरविंद सिंह, मिनेश यादव, नवल किशोर सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार, सुभाष सिंह, अनिल सिंह, योगेंद्र शर्मा, संजय यादव, रेमेंत पान, धनंजय सिंह, ओम प्रकाश, ममता कुमारी, साहेब कुंवर, राम प्रवेश शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, राधाकृष्ण सिंह, अशोक पासवान, हरिनारायण सिंह, बोधी साव, करुण कुमार राय, कृष्ण देव प्रसाद, निरंजन सिंह, नागेश्वर मेहता, ललन सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, हरिनंदन मिश्र, सुधीर कुमार ठाकुर, राजनाथ यादव, राम बदन सिंह, चमारी यादव, जावेद आलम खां, आशीष कुमार, राम प्रसाद पासवान, विजय कुमार, आशीष पासवान, मांझी मुर्मू, धारो उरांव, जय किशोर सिंह, अश्विनी झा, राम जनम प्रसाद, मुद्रिका प्रसाद, अर्जुन यादव और मनोहर पासवान शामिल हैं।

804 पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए 1.72 करोड़ की मंजूरी दी गयी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस सहाय एवं कल्याण कोष से उन पुलिसकर्मियों के लिए राहत राशि मंजूर की गयी है, जिन्होंने इलाज के लिए पुलिस मुख्यालय में आवेदन दिया था। पुलिस सहाय एवं कल्याण कोष से उन पुलिसकर्मियों और उनके निकट परिजनों को चिकित्सा के लिए अलग-अलग राशि स्वीकृत की गयी है। यह राशि दस हजार रुपये से लेकर तीन लाख तक निर्धारित की गयी है। 804 पुलिसकर्मियों के आवेदनों की मंजूरी के बाद इलाज के लिए 1.72 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गयी है। डीजीपी के आदेश पर डीआइजी बजट ने संबंधित जिलों के एसपी के साथ पुलिस के विभिन्न विंगों से राशि मुक्त करने का निर्देश दिया है, जहां वर्तमान में संबंधित पुलिसकर्मी तैनात हैं।

16वां स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप

रांची (आजाद सिपाही)। पांच दिवसीय (15 दिसंबर -19 दिसंबर) 16वां स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में चल रहे प्रतियोगिता में रविवार को इन खिलाड़ियों ने आपने मैच जीते-टीपू, तन्मय राय, आयुष राज, रिग, एजाज, नील सिन्हा, रोहन थापा, अंकित तिग्गा, डॉ स्नेहांशु विकास सिंह।

मांगों के लिए कल विस का घेराव करेंगे शिक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के शिक्षक अपनी मांगों को लेकर 19 दिसंबर को विधानसभा का सांकेतिक घेराव करने की तैयारी में हैं। इस बाबत हुई बैठक की अध्यक्षता संयोजक अमरनाथ झा ने की। तय हुआ कि 18 दिसंबर को राज्य के सभी विधायकों को धरना स्थल पर आने के लिए आग्रह पत्र दिया जायेगा। राज्य के तीनों संवर्ग प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए अपील की गयी।

मीडिया प्रभारी अरुण दास के मुताबिक प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों का 1993 से ही प्रोन्नति लंबित है। प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993 और माध्यमिक शिक्षक नियमावली 1994 में कई विसंगतियां हैं। इसे देखते हुए पूर्ववर्ती राज्य बिहार ने क्रमशः 2011 में प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ दिया है। झारखंड में भी विधायक नलिन सोरेन ने 2022 में इस प्रश्न को उठाया, तो विभाग ने स्वीकारा कि राज्य के प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक भी राज्यकर्मी हैं। इसी जवाब को आधार बनाकर गत विधानसभा में विधायक सीपी सिंह, विनोद सिंह और अमित मंडल ने ध्यानाकर्षण प्रश्न उठाया। इसकी सुनवाई ध्यानाकर्षण समिति में हुई। इसके सभापति विधायक डॉ सरफराज अहमद हैं। समिति के साथ विभाग की दो बैठकें हुईं, परंतु विभाग द्वारा अडंगा लगाया जा रहा है। ऐसे में शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्या का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए विधानसभा का एक दिवसीय सांकेतिक धरना का आयोजन किया है।

बैठक में तीनों संवर्ग के शिक्षक प्रतिनिधि अमीन अहमद, गंगा प्रसाद यादव, नरेंद्र कुमार यादव, आशुतोष कुमार, विजय कुमार सिंह, अरुण कुमार दास समेत अन्य मौजूद थे।

डॉ शेरान अली और अब्दुल खालिक नन्हू विजेता बने

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मॉर्निंग ग्रुप के तत्वावधान में चौथा मौलाना आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल चर्च कॉम्प्लेक्स के प्रांगण में रविवार को खेला गया। इस मैच में मोहम्मद मीर और यूनुस खान की जोड़ी को हरा कर मुकाबले में डॉ शेरान अली और अब्दुल खालिक नन्हू की जोड़ी ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। यहां तीसरे स्थान के लिए मोहम्मद मिम्शाद और इरशाद की जोड़ी ने कफील खान और एजाज आलम की जोड़ी को सीधे सेटों में हरा कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरकांत, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जय प्रकाश गुप्ता, विजय साहू ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी दी। बेस्ट डिसिप्लिन अवार्ड मोहम्मद नसीम अख्तर को दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हसन सैफी प्रिंस, मोहम्मद परवेज, अब्दुल रहमान, हाजी सरफुल भाई, एजाज आलम, अहमद, निशात पप्पू, मुस्तकिम आलम, मंजर मुजीबी, अतीक अहमद कुसु, सुहैल सईद आदि ने अहम भूमिका निभाई कार्यक्रम में सभी अतिथीयों का स्वागत संयुक्त रूप से मुख्य हाजी हलीमुद्दीन, अकील उर रहमान ने किया।

झारखंड चेंबर रेलवे उप समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड चेंबर रेलवे उप समिति की बैठक में ट्रेनों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर नाराजगी जतायी गयी। अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रांची-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में कोच और शौचालय की सफाई व्यवस्था और यात्रियों को गंदे बेडरोल मिलने की शिकायतें नियमित आ रही हैं। ट्रेन में सफर करनेवाले यात्रियों के द्वारा सोशल मीडिया पर इसकी शिकायतें भी की जाती हैं, किंतु चिंतनीय है कि इस दिशा में रांची रेल प्रशासन द्वारा अब तक कोई गंभीर कार्रवाई नहीं की गयी है। रेल प्रशासन को इसकी समीक्षा करनी चाहिए। चेंबर महासचिव परेश गट्टानी और उप समिति चेयरमैन नवजोत अलंग ने कहा कि राजधानी के अलावा कुछ अन्य प्रमुख ट्रेनों हावड़ा-रांची इंटरसिटी, तपस्विनी और क्रिया योग एक्सप्रेस में भी साफ-सफाई की अव्यवस्था बनी हुई है। ट्रेन में ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग स्टाफ पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं।

125वां निःशुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पुनदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में 125वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण कार्य शुरू किया गया। सेवा कार्य में विशेष रूप से कृष्ण प्रणामी के सह- संरक्षक बिजय जालान अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी, विशाल जालान, प्रमोद सारस्वत, दिलीप अग्रवाल, विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी, सज्जन पाड़िया, मनीष सोनी, सोनू मिश्रा प्रभाष गोयल, पूरणमल सर्राफ, नंद किशोर चौधरी, आशुतोष मिश्रा, शुभम मिश्रा, प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, धीरज कुमार गुप्ता, चंद्रदिप साहु, परमेश्वर साहु, महिला समिति की शोभा जालान, सरिता अग्रवाल, अमिता जालान, प्रीति मिश्रा, संतोष देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल उपस्थित थीं।

पदमश्री डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पदमश्री डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान समारोह 2023 की सातवीं वर्षगांठ का आयोजन रविवार को मोरहाबादी के टैगोर हिल स्थित ओपन स्पेस थिएटर में में हुआ। टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से झारखंड आदिवासी विकास समिति के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पाहन पूजा द्वारा की गयी एवं परंपरागत भेर, ढोल, नगाड़ा, मांदर, बांसुरी, सारंगी, नरसिंगा बजाकर पदमश्री डॉ राम दयाल मुंडा की प्रतिमा पर सामूहिक माल्यार्पण किया गया। पदमश्री डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति ओपन स्पेस थिएटर अखड़ा में आदिवासी जनजातीय अखड़ा को प्रतिबिंबित करते हुए 11 प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत कुंजवान टीम के बलेश नायक द्वारा स्वागत गान के साथ की गयी। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश झारखंड आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष प्रभाकर नाग द्वारा की गयी। इसके उपरांत सम्मान समारोह पुरस्कार वितरण किया गया। खेल कला साहित्य संस्कृति समाज सेवा शिक्षा लोक कला इत्यादि क्षेत्रों से पूरे राज्य भर के एवं असम एवं उड़ीसा के कुल 127 लोक कलाकारों को पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। गुमला, लातेहार, सिमडेगा, लोहरदगा, रांची, खूंटी, पंच परगना क्षेत्र से लगभग 60 कलाकारों को सम्मानित किया गया। सुदूर बिहार जंगलों, पहाड़ों में आदिवासी सांस्कृतिक की खोज जमीन के अंदर किया करते हैं। उन्हें भी सम्मानित किया गया।

समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि समिति पदमश्री डॉ रामदयाल मुंडा के सांस्कृतिक एवं बौद्धिक आंदोलन को ओर भी आगे ले जाने के लिए कृत संकल्पित है। समिति द्वारा सभी को जे नाची से बांची स्टीकर बाइक, स्कूटी एवं अन्य वाहनों में लगाने के लिए वितरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पदमश्री मुकुंद नायक ने अखंड झारखंड में भेलो बिहान गो सहित कई गीत प्रस्तुत किये। अध्यक्ष अमित मुंडा, कार्यक्रम को केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगन लिंडा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा मुंडा, सांस्कृतिक सचिव रवि लकड़ा, सांस्कृतिक सचिव रविकांत भगत, कोर कमेटी सदस्य बिरसा टोप्पो, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय हंस, मनोज कच्छप, गोविंद नायक, प्रोफेसर डॉ शांति नाग, पदमश्री मुकुंद नायक, वासवी किड़ो, अजीत लाकड़ा, अनिल उरांव, विक्की मुंडा, लकी मनी मुंडा, सोमा मुंडा मौजूद थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा

राष्ट्रीय प्रगति और समावेशिता की एक शानदार अभिव्यक्ति में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाइ) जम्मू और कश्मीर के विभिन्न जिलों में उत्साह का प्रतीक बन गयी है। विकसित भारत के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, यात्रा रणनीतिक रूप से केंद्र शासित प्रदेश के सीमावर्ती और पहाड़ी ब्लॉकों की पंचायतों तक पहुंच रही है। इस परिवर्तनकारी पहल के केंद्र में एक विशेष रूप से सुसज्जित वैन है, जो दिन भर चलने वाले कार्यक्रमों के दौरान आकर्षक गतिविधियों के केंद्र के रूप में काम करती है। कृषि विभाग द्वारा कृषि नवाचार के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी का अग्रणी प्रदर्शन एक असाधारण विशेषता है। यह प्रयास न केवल शिक्षित करता है बल्कि कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने में ड्रोन प्रौद्योगिकी की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए उपस्थित लोगों को आकर्षित भी करता है। शैक्षणिक संस्थान विकसित भारत/2047 पहल के माध्यम से सक्रिय रूप से योगदान करते हैं, संवाद सत्र और ऑनलाइन वेबकास्ट की मेजबानी करते हैं। यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण जाति, धर्म, पंथ या लिंग के आधार पर भेदभाव से रहित विकास पर जोर देता है। वीबीएसवाइ सामूहिक कार्रवाई और अटूट समर्पण का एक प्रमाण है। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती है, यह डोडा किश्तवाड़ के पहाड़ी इलाकों से लेकर जम्मू के मैदानी इलाकों तक भौगोलिक चुनौतियों को पार करते हुए एक विकसित और एकजुट भारत का स्पष्ट रूप से चित्रण करती है। जबरदस्त प्रतिक्रिया विविध परिदृश्यों में यात्रा के प्रभाव को प्रमाणित करती है। जिला अस्पताल कुलगाम के फार्मासिस्ट जुबैर बशीर ने बताया कि कैसे यात्रा के दौरान शुरू किये गये जेनेरिक दवा स्टोर ने मरीजों के लिए दवा के बिल को काफी कम कर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल पहुंच बढ़ाने हेतु सरकार की सराहना की। किश्तवाड़ की एक प्रसिद्ध गायिका समृद्धि सिंह ने नागरिकों से 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में सकारात्मक योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों में नामांकन करने हेतु प्रोत्साहित किया। आइआइटी जम्मू के निदेशक प्रोफेसर मनोज सिंह गौर ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु पीएम मोदी और एलजी मनोज सिन्हा द्वारा प्रस्तावित कार्य बिंदुओं की सराहना की। जम्मू-कश्मीर में किसानों के लिए एक नयी सुबह पीएम किसान के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए 2517 करोड, कृषि उन्नति को बढ़ावा देने वाली गोबरधन परियोजनाओं और पीएम फसल बीमा योजना के तहत 96 करोड़ से अधिक दावों का निपटान जैसी पहलों से चिह्नित है। 2023 में 2 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने लुभावने यूटी का भ्रमण किया, जिसमें 15 पर्यटक/ट्रैकिंग मार्ग सुलभ थे।

आइआइटी जम्मू के निदेशक प्रोफेसर मनोज सिंह गौर ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु पीएम मोदी और एलजी मनोज सिन्हा द्वारा प्रस्तावित कार्य बिंदुओं की सराहना की।

अभिमत आजाद सिपाही

संविधान के मुताबिक संघ जम्मू-कश्मीर में केवल तीन मामलों में कानून बना सकता है- विदेशी मामले, संचार और रक्षा। इस पर याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि इसका मतलब यह है कि जम्मू-कश्मीर ने अपनी आंतरिक संप्रभुता नहीं छोड़ी है, बल्कि केवल कुछ शक्तियां छोड़ी हैं। न्यायलय ने माना कि राज्य के संविधान में संप्रभुता का कोई उल्लेख नहीं था। संप्रभुता शब्द भारतीय संविधान में आया था। जम्मू-कश्मीर के राजा की घोषणा और विलय पत्र को देखते हुए अदालत ने माना कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया है।

धारा 370 हटाने पर लगी सुप्रीम मुहर के मायने

सुखदेव वशिष्ठ

जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को रद्द करने के बाद भी समस्या पूरी तरह हल नहीं हुई है। अब भी वहां की आबादी का एक हिस्सा आजादी की बात करता है।इस हिस्से को भारत की आत्मा के साथ एकीकार करने केलिये प्रयासों की आवश्यकता है। धारा 370 समाप्त होने पर लगी सुप्रीम मोहर निश्चित ही जम्मू, कश्मीर और लद्दाख को विकास के पथ पर सरपट दौड़ने की गारंटी है।

नये भारत के निर्माण में कदम बढ़ाते हुए मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने का साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय किया। इसके विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी, जिस पर 11 दिसम्बर को निर्णय आ गया जिससे पिछले चार सालों से अदालत में लंबित सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक पर विराम लग गया है। अपने निर्णय में सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को हटाने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के मोदी सरकार के निर्णय को बरकरार रखा।

निर्णय में क्या कहा गया : क्या अनुच्छेद 370 अस्थायी या स्थायी प्रकृति का था? इसके उत्तर में न्यायलय ने संविधान सभा की अनुपस्थिति में राष्ट्रपति के पास अनुच्छेद में संशोधन करने की एकतरफा शक्ति थी कह कर सब साफ कर दिया। संविधान के तहत अनुच्छेद 370 में संशोधन के लिए राष्ट्रपति और जम्मू-कश्मीर संविधान सभा की सहमति जरूरी थी। हालांकि, यह संविधान सभा 1956 में ही भंग कर दी गयी थी। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि इस अनुच्छेद में संशोधन नहीं किया जा सकता है, क्योंकि संविधान सभा का अस्तित्व ही नहीं है। दूसरा प्रश्न था कि क्या जम्मू-कश्मीर की आंतरिक संप्रभुता थी?

संविधान के तहत अनुच्छेद 370 में संशोधन के लिए राष्ट्रपति और जम्मू-कश्मीर संविधान सभा की सहमति जरूरी थी।

संविधान के मुताबिक संघ जम्मू-कश्मीर में केवल तीन मामलों में कानून बना सकता है- विदेशी मामले, संचार और रक्षा। इस पर याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि इसका मतलब यह है कि जम्मू-कश्मीर ने अपनी आंतरिक संप्रभुता नहीं छोड़ी है, बल्कि केवल कुछ शक्तियां छोड़ी हैं। न्यायलय ने माना कि राज्य के संविधान में संप्रभुता का कोई उल्लेख नहीं था। संप्रभुता शब्द भारतीय संविधान में आया था। जम्मू-कश्मीर के राजा की घोषणा और विलय पत्र को देखते हुए अदालत ने माना कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया है। हालांकि, एक न्यायाधीश, जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा कि जम्मू और कश्मीर ने कुछ आंतरिक संप्रभुता बरकरार रखी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि केंद्र के पास इसकी मान्यता रद्द करने और संविधान को पूरी तरह से लागू करने की शक्ति थी, जिसका इस्तेमाल उसने अनुच्छेद 370 को हटाते समय किया था।

इस के साथ निर्णय में इस विषय को भी स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रपति शासन के तहत किन कामों को चुनौती दी जा सकती है? उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाते समय जम्मू-कश्मीर राष्ट्रपति शासन के अधीन था, इसलिए यह भी देखा गया कि राष्ट्रपति शासन के दौरान किन कार्यों को अदालत में चुनौती दी जा सकती है। न्यायलय ने कहा कि राष्ट्रपति शासन की सभी कार्यों को चुनौती नहीं दी जा सकती है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति शासन के दौरान शक्तियों के प्रयोग के साथ एक उचित संबंध होना चाहिए। राष्ट्रपति शासन के दौरान के किसी काम को चुनौती देने वाले व्यक्ति को पहले यह साबित करना होगा कि वह काम दुर्भावनापूर्ण था या गलत इरादे से किया गया था। इसके बाद, यह साबित करने की ज़िम्मेदारी संघ पर आती है कि वह साबित करे कि काम दुर्भावनापूर्ण नहीं था।इसके अलावा, याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि राष्ट्रपति शासन के दौरान, संसद केवल राज्य के कानून बनाने की शक्तियां अपने हाथ में ले सकती है। कोर्ट ने कहा कि संसद की शक्ति पर ऐसी कोई सीमा नहीं है। इससे राज्य का प्रशासन ठप हो जायेगा।

न्यायलय ने यह भी स्पष्ट किया कि क्या राष्ट्रपति की ओर से दिये गये आदेश वैध थे? राष्ट्रपति के दो आदेश, सीओ-272 और 273 का इस्तेमाल अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के लिए किया गया। सीओ-272 से एक अन्य संवैधानिक प्रावधान, अनुच्छेद 367 में संशोधन किया गया। इसमें कहा गया कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के संदर्भ का अर्थ विधानसभा था। न्यायालय ने माना कि संविधान में संशोधन करने वाला यह आदेश अमान्य था, क्योंकि यह राष्ट्रपति के आदेश के जरिए एक संवैधानिक संशोधन किया गया। हालांकि, इससे परिणाम नहीं बदला क्योंकि न्यायलय ने माना कि राष्ट्रपति के पास अनुच्छेद 370 में संशोधन करने की एकतरफा शक्ति थी। राष्ट्रपति भारत का पूरा संविधान जम्मू-कश्मीर में लागू कर सकते थे। इसके परिणामस्वरूप, जम्मू-कश्मीर का संविधान अब निष्क्रिय हो गया है। न्यायलय ने कहा कि राष्ट्रपति के आदेश एकीकरण की प्रक्रिया की परिणति और शक्ति का वैध प्रयोग थे।

इस पर न्यायलय ने विचार नहीं किया कि क्या किसी राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटा जा सकता है?

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि केंद्र किसी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में नहीं बदल सकता, क्योंकि इससे संघवाद प्रभावित होगा। सरकार ने अदालत को आश्वासन दिया था कि वह जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेगी, जबकि लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया जायेगा। इस संबंध में न्यायलय ने केवल इतना निर्देश दिया है कि सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव करा लिए जायें और जल्द ही उसका राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए।

क्या अदालत का कोई और आंकलन था? एक न्यायाधीश, जस्टिस संजय कोल ने कहा कि सरकार को एक सत्य और सुलह आयोग का गठन करना चाहिए, जैसा कि रंगभेद खत्म होने के बाद दक्षिण अफ्रीका में गठित किया गया था। इस समिति को 1980 के दशक से सरकार और गैर सरकारी दोनों तत्वों द्वारा की गयी हिंसा की जांच करनी चाहिए। उसे समझौते के उपायों की सिफारिश करनी चाहिए। यह कोई आपराधिक मामलों की अदालत नहीं होगी, बल्कि यह समझने और लोगों को सांत्वना देने का एक माध्यम होगी। 1980 से आंतकवाद झेल रहे लोगों के मानवाधिकार हनन की सच्चाई जानने के लिए एक आत्मीय प्रयास हो सकता है।

जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को रद्द करने के बाद भी समस्या पूरी तरह हल नहीं हुई है। अब भी वहां की आबादी का एक हिस्सा आजादी की बात करता है।इस हिस्से को भारत की आत्मा के साथ एकीकार करने केलिये प्रयासों की आवश्यकता है। धारा 370 समाप्त होने पर लगी सुप्रीम मोहर निश्चित ही जम्मू, कश्मीर और लद्दाख को विकास के पथ पर सरपट दौड़ने की गारंटी है।

जमशेदपुर की खबरें

अस्तित्व ने लगाया मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। अस्तित्व संस्था व पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से आदित्यपुर आदिवासी कल्याण समिति क्लब में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को शिविर में आदित्यपुर की प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर रेणु शर्मा ने मरीजों की जांच कर जरूरत के अनुसार दवा का वितरण किया। मौके पर लगभग 120 मरीजों को चिकित्सीय सलाह दिया गया। इस अवसर पर 36 मोतियाबिंद के मरीजों का चयन किया गया। जिनका 23 नवंबर को पूर्णिमा नेत्रालय में ऑपरेशन के बाद घर पहुंचा दिया जायेगा। मौके पर अस्तित्व संस्था की सक्रिय सदस्य ज्ञानवी देवी,बैजयंती बारी, अनिता देवी,किरण देवी,लाल बाबू सरदार, खिरोद सरदार,देव प्रकाश देवता,अरुण आचार्य ने शामिल होकर महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

विधायक ने जाहेरस्थान घेराबंदी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

संस्कृति और सभ्यता सरंक्षण के प्रति गंभीर है हेमंत सरकार : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा के हितकू पंचायत अंतर्गत खुकड़ाडिह ग्राम में ग्रामीणों की मांग पर जाहेरस्थान घेराबंदी निर्माण के लिए शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जुगसलाई विधायक सह सत्तागुरुदल के सचेतक मंगल कालिंदी शामिल हुए। ग्रामीणों ने जाहेरस्थान के घेराबंदी निर्माण की खुसी में मौके पर ही विधायक का भव्य स्वागत किया। रविवार को विधायक ने झारखण्ड सरकार के ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग के द्वारा स्वीकृत 1 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से

जाहेरस्थान घेराबंदी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने कहा जाहेरस्थान गांव का एक धार्मिक स्थल है। प्रकृति से जुड़े धार्मिक स्थल में ग्रामीण अपने परिवार के लिए सुख,शांति व समृद्धि के लिए पूजा-पाठ करते है। हेमंत सरकार सभी समाज के लोगो के समस्या का समाधान के लिए कार्य कर रही है। सरकार राज्य में संस्कृति व सभ्यता की सरंक्षण के प्रति काफी गंभीर है। इस अवसर पर झामुमो नेता पलटन मुर्मु, रोड़ियां सोरेन, ग्राम प्रधान दामोदर सिंह, माझी बाबा सिंगी सोरेन, रामदास मुर्मु, सोनाराम टूडु, राजाराम मुर्मु, गालुराम मुर्मु, रुईमूनी मुर्मु, सोनामनी मुर्मु आदि उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री को 6 साल बाद जमानत मिलने पर लौहनगरी में लड्डू का किया वितरण

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड के आरोप में पूर्व मंत्री राजा पीटर को 6 साल बाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर तमार विधानसभा क्षेत्र सहित आदिवासी समाज में खुसी का लहर है। वही जमानत मिलने की खुसी का असर लौहनगरी जमशेदपुर में भी देखने को मिली। रविवार को सुबह एग्रिको गोलचक्कर में पूर्व मंत्री राजा पीटर के सहयोगी टीम के वरिष्ठ सदस्यों ने सिग्नल के पास सैकड़ो लोगों के बीच लड्डू बाटकर खुशियां मनाएं। मौके पर जुगल किशोर मुखी ने कहा पूर्व मंत्री राजा पीटर से हमारे टीम का शुरू से व्यक्तिगत संबंध रहा है। हम सभी उन्हें बड़े भाई के रूप में मानते हैं। उन्होंने हर सुख दुख में हम सभी के साथ रहा है। उच्च न्यायालय से 6 साल बाद जमानत मिलने पर सभी खुशी मना रहे। फिर से बड़े भाई हम सभी के बीच आ गये है और आने वाले समय जिस तरह से उन्होंने तमार विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्क कर विधायक से मंत्री का सफर तय किये थे। उसी उमीद के साथ आने वाले समय मे फिर से तमार विधानसभा की जनता का सेवा करने का काम करेंगे। हम सभी उनके साथ है। मौके पर जुगल किशोर मुखी,पी के सथपति,संतोष नाग, बलबीर सिंह,बिल्ले बीर,राजेश शांडिल, शंकर मुंडा,लालटू चंद्रा, डब्लू पाजी, संजय नायक,सांतोष नाग, बिसुनाथ तंतुबाई,लोटन तिवारी, कृष्णा बारी,शक्ति चौधरी,रोहन, सत्येंद्र पांडेय,गोल्डी,काके पाजी, काजू शांडिल, बब्बू सिंह, रफीक खान,दिनेश कुमार,कृषण मोहन सिंह आदि शामिल रहे।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 371 पुलिसकर्मी और उनके परिवार हुए लाभान्वित

संस्था का प्रयास सराहनीय है : सिटी एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन व कोलकाता के फोर्टिस अस्पताल की संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को गोलमुरी पुलिस लाइन में आयोजित जांच शिविर का सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत,संस्था के संस्थापक सह भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। जांच शिविर में सुबह 9 बजे से पुलिसकर्मी व उनके परिवार के लोगों की व्यापक भागीदारी रही। मौके पर 371 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच व परामर्श दिया गया। शिविर में सुविधा के लिए अलग-अलग काउंटर पर अलग-अलग बीमारियों के जाँच की व्यवस्था की गई। सभी का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार जरूरी दवाएं भी प्रदान की गईं।चिकित्सकों ने मौसम बदलने के साथ स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने के संबंधित निर्देश दिए। जांच में तीन लोगो की गंभीर बिमारी की बात सामने आई। जिसके इलाज नाम्या स्माइल फाउंडेशन के द्वारा करने का बीड़ा उठाया गया। जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद है उनका ऑपरेशन भी निःशुल्क कराया जाएगा। सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने कहा बदलते मौसम में

उपचार से अधिक बचाव महत्वपूर्ण है। लोग बीमारियों के गंभीर होने का इंतेजार करते हैं। अगर स्वास्थ्य के प्रति थोड़े सजग व सावधान रहें या समय से स्वास्थ्य की जांच की जाए तो कई गंभीर बीमारियों के साथ महंगे इलाज व परेशानियों से बचा जा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से खानपान पर भी ध्यान देने की बात कही। मुकेश लुणायत ने नाम्या स्माइल फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा संस्था द्वारा कई सामाजिक कार्यों के जरिये जरूरतमंद लोगों की सेवा निरंतर की जाती है। जो अन्य लोगों को भी प्रेरित करती है। संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा पुलिस की ड्यूटी हमेशा चुनौतीपूर्ण रहती हैं। आराम कम मिलने व भागदौड़ भरी ड्यूटी के कारण स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों से जूझना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों व उनके परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा संस्था द्वारा भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर की जाएगी।

शिविर में डॉ अभिषेक चाइल्ड केयर हॉस्पिटल से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रूचिता सिन्हा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ टी कुमार, फिजियोथेरेपी प्लैनेट से डॉ अर्पिता कुंडू, अरूप डे सरकार, नमिता सिंह, दंत चिकित्सक डॉ देवस्मिता साहू, डॉ सानिया खान, सामान्य चिकित्सक डॉ वी आर के सिन्हा, अस्थमा के लिए मनीष शर्मा, बीपी शुगर के लिए जमाली और राज कपूर प्रसाद आंख के एएसजी आई हॉस्पिटल से डॉ फहीम काजमी, नजमुल हसन, एमडी इमरान, रमीजा शाहब के टीम रोगियों की जांच के लिए मौजूद रहे। मौके पर मेजर सह पुलिस एसोसिएशन शाखा जमशेदपुर के अध्यक्ष धर्मेंद्र राम, मेजर रंजीत कुमार, सार्जेंट बिबेक कुमार, संपत्ति शाखा से कृष्णा राम, प्रेमचंद कुमार, नाम्या स्माइल फाउंडेशन से निधि केडिया, निर्मल कुमार, आकाश श्रीवास्तव, सोनू, अभिजीत आदि मौजूद रहे।

साढ़े सात करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य का सांसद - विधायक ने किया शुभारंभ

चांडिल (आजाद सिपाही)। एनएच 32 में चांडिल गोलचक्कर से जामडीह तक सड़क मरम्मती कार्य का सांसद संजय सेठ व ईंचागढ विधायक सविता महतो ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। रविवार को लगभग साढ़े सात करोड़ की लागत से सड़क निर्माण की कार्य का शुभारंभ होने से सड़क से गुजरने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। सांसद ने कहा संवेदक को डेढ़ महीने में उच्च स्तरीय गुणवत्ता वाले सड़क निर्माण करने का निर्देश दिया गया। वही विधायक सबिता महतो ने कहा सड़क का मरम्मती हो जाने से चांडिल के लोगों को धुल से काफी हद तक राहत मिलेगी। मौके पर डीआरयूसीसी मेंबर दिवाकर सिंह, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, पप्पू वर्मा, विशाल चौधरी, सारथी महतो, बोनु सिंह सरदार, राहुल वर्मा, मधु गोराई, कृष्णा किशोर महतो सहित अन्य उपस्थित रहे।

यदुवंशी समाज में है परिवर्तन करने की पूरी क्षमता : मिथिलेश

राज्य में अपने दम पर हर तरह की योजनाएं संचालित करेगी हेमंत सरकार

डंडई में गोवर्धन पूजा का आयोजन, मंत्री ने किया वीर लोरिक मूर्ति स्थापना का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

डंडई। गढ़वा जिला अंतर्गत डंडई प्रखंड के पंचायत रारो फुटबॉल स्टेडियम में रविवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने यदुवंशी सम्राट वीर लोरिक की मूर्ति स्थापना के लिए पूजा अर्चना कर और कुदाल चलाकर भूमि पूजन किया। मौके पर यादव समाज के लोगों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यादव समाज का यह सम्मान मुझे हमेशा याद रहेगा। जब भी यादव समाज सहित अन्य सभी समाज को हमारी आवश्यकता पड़ेगी, मैं हमेशा समाज के कार्यों के लिए खड़ा रहूंगा। मंत्री ने अपने निजी खर्च से वीर लोरिक स्मारक प्रतिमा लगाने की घोषणा की। समाज के लिए एकता बहुत बड़ी पूंजी है। उन्होने कहा कि राज्य में 2025 तक एक भी कच्चा मकान देखने को नहीं मिलेगा। झारखंड सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि भानु प्रताप शाही जनता का काम करें। जनता उन्हें अच्छी तरह से पहचान चुकी है। झारखंड सरकार द्वारा किए गये कार्यों को अपना कार्य बताना छोड़ दें। आप अपना कार्य करें जनता सब समझ रही है। मंत्री श्री ठाकुर ने यादव समाज से कहा कि आप अपनी शक्ति को पहचानें। आपके समाज में परिवर्तन करने की पूरी क्षमता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, पूर्व विधायक प्रत्याशी केपी यादव, रंजन यादव, प्रमुख दीपमाला कुमारी, वीरेंद्र यादव, कृष्णा यादव, अरविंद यादव, दिलीप गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, विनोद यादव सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि और यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

सभी जाति-धर्म के लोगों को समान भाव से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है : सांसद

सांसद ने 201 महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के बीच 50 लाख 25 हजार का चेक प्रदान किया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। मेराल प्रखंड के चामा पंचायत भवन के परिसर में सांसद विष्णु दयाल राम उपस्थित होकर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर सांसद विष्णु दयाल राम, वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, मुखिया प्रतिमा देवी, समाज सेवी करीब अंसारी और बीडीओ जागो महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबों को मिल रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ सभी जाति धर्म के लोगों को समान भाव से कई प्रकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसमें 80 करोड लोगों को मुफ्त का राशन सही अन्य योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को विकसित भारत 2047 तक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सहयोग की आवश्यकता है। इस अवसर पर सांसद ने 201 महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के बीच 50 लाख 25 हजार का चेक प्रदान किया। साथ ही 25 असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण अपने हाथों किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी और मुखिया प्रतिनिधि शंभू राम ने भी संबोधित किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन बीडीओ जागो महतो ने किया। इस अवसर पर विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, सीडीपीओ नीतीश कुमार निशांत, महिला पर्यवेक्षिका एकता नाथ, काफी संख्या में पंचायत के लोग उपस्थित थे।

तैबा हॉस्पिटल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

हमारा एक यूनिट रक्त किसी के जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण है : मंत्री मिथिलेश

शिविर में 28 यूनिट रक्तदान किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। शहर के मदरसा रोड स्थित तैबा हॉस्पिटल में रविवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेगा रक्तदान शिविर में 28 यूनिट रक्तदान किया गया। हॉस्पिटल परिसर में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदेश के पेयजल और स्वच्छता मंत्री सह स्थानीय विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सबसे महादान रक्तदान है। शरीर के कोई भी अंग को खरीदा जा सकता है। लेकिन आज तक खून बनाने की मशीन नहीं बनी है। पूरी दुनिया में इसे मानव द्वारा ही पूरा किया जाता है। इसलिए रक्तदान के प्रति हमे मानवीय संवेदना को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए। हमारा एक यूनिट रक्त किसी के जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसमें समाज के लोग सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है। रक्तदान करने से शरीर को नुकसान होने के बजाए लाभ होता है। रक्तदान कर ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक सहित अन्य बीमारियों से बचा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को हर 15 दिन पर रक्त की आवश्यकता होती है। रक्त नही मिलने से ऐसे बच्चों की मौत होने की संभावना रहती है। ऐसे में समय-समय पर इस तरह के रक्तदान शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि रक्तदान के प्रति हम सभी को जागरूक रहने की जरूरत है। जरूरत पड़ने पर रक्तदान कर किसी की जान बचाना आदर्श समाज का जीवंत उदाहरण है। तैबा हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर अरशद अंसारी ने कहा कि लोग रक्तदान के महत्व को समझ रहे हैं। इसके प्रति लोगों का जागरूक होना बहुत हर्ष की बात है।

कार्यक्रम में एसडीपीओ अवध कुमार यादव, नसीम अख्तर, मदनी खान, ओबैदुल्लाह हक अंसारी, डॉक्टर पतंजलि केशरी, डॉ कुमार निशांत सिंह, डॉ दिनेश सिंह, डॉ राहुल कुमार, डॉ अरशद अंसारी, डॉ माहेरु यमानी, असजद अंसारी, डॉ महजबीं, डॉ मुनाजिर अहसन, डॉ अशफाक अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अंतर स्कूल क्रिकेट जूनियर वर्ग मैच का आयोजन

साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल और संत पॉल कांवेंट स्कूल रेहला ने अगले चक्र में प्रवेश किया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले दिन खेले गये मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने रामासाहू हाई स्कूल को छह विकेट से, दूसरे मैच में संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला ने आईपीएस स्कूल रंका को 61 रनो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। आईपीएस रंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। संत पॉल कॉवेंट स्कूल रेहला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदर के 75, जुनैद के 50 रनो के सहयोग से निर्धारित 16 ओवरों में सात विकेट खोकर 178 रनो का विशाल स्कोर खड़ा किया। आईपीएस की ओर से आमिर ने तीन और दानिश ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी आईपीएस रंका की टीम आमिर के 34, नीतीश के 18 रनो के सहयोग से 117 रन ही बना पायी। संत पॉल कॉवेंट रेहला की और से जिशान ने चार और जुनैद ने दो विकेट हासिल किया। दूसरे मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर रामासाहू स्कूल को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामासाहु की टीम ने साउथ प्वाइंट के सोहेब के घातक गेंदबाजी के बदौलत (पांच विकेट) पूरी टीम 80 रन ही बना सकी। रामा साहू की तरफ से कवि राज 21 और नीरज के 18 रन को छोड़कर कोई भी खिलाड़ी दहाई अंक में प्रवेश नहीं कर सका। जवाबी पारी खेलने उतरी साउथ प्वाइंट की टीम 15 गेंद शेष रहते आयुष के 29 और सारिक के 21 रनो के बदौलत चार विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। रामा साहू की ओर से कवि राज ने तीन विकेट प्राप्त किया। बेहतर खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संत पॉल के हैदर को, वहीं साउथ प्वाइंट के सोहेब राज को दिया गया।

धान के खलिहान में आग लगने से आर्थिक नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरपुर । हरिहरपुर गांव निवासी उपेन्द्र सिंह पिता स्व. सिद्धेश्वर सिंह के धान के खलिहान में रविवार की दोपहर आग लगने से पचास हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। जानकारी देते हुए किसान उपेन्द्र सिंह ने बताया कि तीन एकड़ खेतों से धान की फसल को काट कर कन्या प्राथमिक विद्यालय के पास खलिहान में रखा हुआ था। जहां आग कैसे लगा इसकी जानकारी तत्काल नही पता चल पाया है। लेकिन आग लगने से धान का बोझा सहित पुआल में ऐसा आग पकड़ा आग पर काबू पाने तक धान व पुआल सभी जलकर राख हो गया। इस धान की फसल को तैयार करने में काफी परिश्रम के साथ ही साथ कर्ज पर रुपए उधार लेकर खेती किया गया था। जिससे धान की फसल व पुआल को बिक्री कर उधार पर लिए गये रुपये को वापस करना था। तथा परिवार का भरणपोषण भी करना था। लेकिन आग लगने से काफी आर्थिक क्षति हुआ है। प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से राहत मिलने के बावजूद ही कर्ज से मुक्ति मिल सकता है। इस घटना की जानकारी पंचायत के मुखिया अनुज कुमार सिंह को भी दिया गया। मुखिया के द्वारा स्थल पहुंच कर आग लगी की घटना से नुकसान की जांच किया।

थाना प्रभारी ने ड्रम में सड़क सुरक्षा संबंधी वाक्य लिखवाया

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र में आये दिन वाहन दुर्घटना को देखते हुए रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बीस की संख्या में लोहा के ड्रम में सड़क सुरक्षा संबंधी (बातें) वाक्य लिखवायी है, जिसे पढ़ कर वाहन चालक और सभी जनता सावधानी से यात्रा सफल कर सकें। इस ड्रम पर रेडियम भी लगाया गया है ताकि प्रकाश पड़ने पर दूर से ही दिखायी पड़े। इन सभी ड्रम को चिन्हित जगहों पर लगा दिया जायेगा।

कन्या विद्यालय के छात्राओं और शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ के पवई फॉल का दर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के सभी छात्रायें और शिक्षकों ने रविवार को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के पवई फॉल का दर्शन किया।

भ्रमण के दौरान सभी शिक्षक और छात्राओं ने पवई फॉल की प्राकृतिक संरचना को देखकर आनंद विभोर हो उठे। सभी ने एक स्वर में इस नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य की भूरी भूरी प्रसंशा की। इस फॉल का दर्शन के क्रम में सभी आनंदित छात्राओं ने अपने अपने मोबाइल में कैद किया और ग्रुप में सेल्फी ले कर इस क्षण को यादगार बना दिया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधीर रजक, शिक्षिका आशा कुमारी, सोनाली कुमारी, शिक्षक सत्येंद्र रजक, सुरेंद्र कुमार, उज्ज्वल चौबे, सुधाकर, स्वयंसेवक अमरेंद्र कुमार, छात्रा जूही कुमारी, खुश्बू कुमारी, रानी कुमारी, राजलक्ष्मी, नुशरत, सोफिया, संगीता कुमारी सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है: सांसद

सांसद ने 33.28 करोड़ से बनने वाली पांच सड़कों का किया भूमि-पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को जिले के मेराल प्रखंड क्षेत्र में 33.28 करोड़ रुपये की लागत से 36.5 किलोमीटर बनने वाली 5 सड़कों का भूमि-पूजन नारियल तोड़ कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। मेराल के लखेया मोड़ पर भूमि पूजन के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों का जाल बीछ रहा है। उन्होंने कहा कि 2018 के बाद पीएमजीएसवाई से क्षेत्र में 1656 किलोमीटर सड़क और 89 पुल का निर्माण कराया गया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हो रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडे ने कहा कि सांसद के प्रयास से क्षेत्र में ग्रामीण सड़कों के साथ-साथ नेशनल हाईवे सड़क निर्माण तथा स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं करायी जा रही है। भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान ने कहा कि जिन सड़कों का आज भूमि पूजन किया गया, उन सड़कों के साथ-साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बीछ रहा है। पीएमजीएसवाई की सड़कों में 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार तथा 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार का होता है। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार द्विवेदी, संजय भगत ने भी संबोधित किया। संचालन जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे के द्वारा किया गया।

इनकी रही उपस्थिति : संकल्प यात्रा कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, बीडीओ जागो महतो शाहिद बड़ी संख्या में लोग थे, जबकि भूमि पूजन कार्यक्रम में मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, मिथलेश तिवारी, रामसरिख चंद्रा, गौरीशंकर बिंद, धनंजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

इन सड़कों का किया गया भूमि पूजन

जिन सड़कों का भूमि पूजन किया गया। उसमें मेराल से करकोमा पीपरडोलिया होते हुए हासनदाग तक 6.25 किमी, लखेया मोड़ से हासनदाग कजराठ होते हुए डंडई ब्लॉक तक 9 किमी, टी 05 से तेनार होते हुए बगही टोला तक 5.50 किमी, पढुआ मोड़ से पढुआ सिकन्नी पतहरिया होते हुए भंडार तक 9.60 किमी तथा लगमा एनएच 75 रोड़ से करकोमा होते हुए चामा तक 5.70 किमी रोड शामिल है।

शॉर्ट फिल्म बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपना जलवा बिखेर रहे हैं स्थानीय कलाकार

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर । श्री बंशीधर नगर के स्थानीय कलाकार शॉर्ट फिल्म बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूट्यूब के जरिये अपना जलवा बिखेर रहे हैं। अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले यह सभी कलाकार कम समय में एक बड़ी पहचान बनाने में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। ये सभी कलाकार यूट्यूब चैनल यो यो ग्रुप के बैनर तले रविवार को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में हिंदी फिल्म की शॉर्ट मूवी का शूटिंग किया। यह शॉर्ट फिल्म अनाथ भाई - बहन पर गुंडों द्वारा अत्याचार पर आधारित है। फिल्म का पहला दिन का शूटिंग जंगीपुर स्थित ब्लॉक मोड़ के पास किया गया। बाकी पाट्र्स का शूटिंग गढ़वा और श्री बंशीधर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किया जायेगा। फिल्म बनने से स्थानीय कलाकारों में छिपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा। यह फिल्म 35 मिनट की होगी। जो 25 दिसंबर क्राइमस डे के दिन यूट्यूब चैनल यो यो ग्रुप पर रिलीज होगी। फिल्म के डायरेक्टर और लेखक शुभम जायसवाल और धीरज गोस्वामी ने बताया कि शॉर्ट मूवी दो अनाथ भाई बहनों की है। जो गरीबी के कारण दर दर भटकने को मजबूर है। कुछ साल पहले उनकी माता पिता की मौत हो जाती है। भाई पर घर और एक छोटी बहन का भरण पोषण करने का बोझ पड़ जाता है। भाई का सपना था की बहन को बड़ा डॉक्टर बनायें। वह मजदूरी कर अपनी बहन को पढ़ा लिखा कर डॉक्टर बनाना चाहता है। मां बाप के मरने के कुछ दिनों के बाद कुछ गुंडे उसकी बहन के पीछे लग जाते है और उसके आते जाते परेशान करते रहते है। जब वह अपने स्कूल से घर आती है तो पहले से घात लगाए कुछ बदमाशों ने उसकी बहन को लेकर भागना चाहते थे। लेकिन मंसूबे पर असफल बदमाशो ने अंत में गोली मार कर भाग जाते है। अंत में भाई अपनी बहन की जान बचा कर सारे गुंडों के मंसूबे को चकनाचूर कर देता है। आखिरकार दो अनाथ बच्चों की संघर्ष की जीत होती है। फिल्म शूटिंग के दौरान लोगों ने शूटिंग का वीडियो अपने मोबाइल फोन में भी कैद किया।

मांगों को लेकर सीएम को ज्ञापन सौंपेंगे आंदोलनकारी

तमाड़ (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण की रायडीह में आंदोलनकारी अरूण कश्यप की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री लालचंद महतो उपस्थित हुए। इसमें पांच मांगों पर विशेष चर्चा की गयी। मुख्य मांग में पेंशन 25 हजार हर महीने देने, जेल जाने की बाध्यता खत्म करने, आवास की सुविधा, आंदोलनकारी के बच्चे को नौकरी में आरक्षण शामिल है। सरकारी कार्य में आंदोलनकारी की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। छूटे हुए आंदोलनकारी को सरकार द्वारा खोजबीन कर आयोग से जोड़ने की बात भी कही गयी। लालचंद महतो ने कहा कि झारखंड बने 23 वर्ष गुजर गये, लेकिन अब तक सरकार आंदोलनकारी को खोज कर निकाल नहीं पायी है। हक और अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन आंदोलन करने की जरूरत है। सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मुख्यमंत्री से मिलकर एक मांग पत्र दिया जायेगा। अगर जल्द आंदोलनकारी की मांग नहीं पूरी हुई, तो झारखंड में एक साथ आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर अरूण कश्यप, गोविंद महतो, हलधर महतो, सुखुआ महतो, रमाकात महतो, राजेश उरांव, श्यामल नायक, रामपदो सेठ, राजेंद्र, गुरूदयाल साहू, मो शकूर, परमेश्वर अहीर, परमेश्वर के अलावे सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हमेशा संजीदा रहा हूं: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

विकास मुंडा ने सड़क का किया शिलान्यास

तमाड़। विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव और पंचायत में बुनियादी सुविधाओं के लिए हमेशा संघर्षरत रहा हूं। वह लुंगटू पंचायत एवं पुंडीदिरी ग्राम में बनने वाली मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत दिउड़ी से दलभंगा तक 15.90 किलोमीटर पथ एवं पुंडीदिरी से बघई तक 3.800 किलोमीटर पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास रविवार को कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि मेरे कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा दूंगा। लोगों को प्रखंड मुख्यालय और अस्पताल तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। लगभग 30 करोड़ की लागत से दोनों पथ बनाया जायेगा।
इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य, मुखिया वार्ड सदस्य, विधायक प्रतिनिधि के अलावे गामीण मौजूद हुए।

महत्वपूर्ण खबरें

आदर्श रेमटा को हराकर मार्शल एफसी बना चैंपियन

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के टीकर फूटबॉल मैदान में रविवार को 20वां एक दिवसीय फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। फुटबॉल खेल में कुल 8 टीमें हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला मार्शल एफसी मुरकुम और आदर्श स्पोर्टिंग रेमटा खूंटी के बीच खेला गया, जिसमें मार्शल एफसी ने आदर्श स्पोर्टिंग को 1-0 से पराजित कर प्रतियोगिता का विजेता टीम बना। वही इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने प्रथम पुरस्कार के रूप में मार्शल एफसी मुरकुम को एक लाख पचास हजार तथा द्वितीय पुरस्कार ईचागढ़ प्रखंड प्रमुख गुरुपद मार्डी के द्वारा आदर्श स्पोर्टिंग रेमटा खूंटी को एक लाख रुपये नकद राशि दिया। मौके पर सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, काबलु महतो, खगेन महतो, अजय साव, निताई उरांव, अमित कुमार सिन्हा ललित घोष, बासुदेव चटर्जी, अनिल सिन्हा, गोपेश महतो, नकुल घोष, नरेन गोप, पंचानन पातर,बनमाली रजक, पशुपति बागची, दिवाकर कैवर्त, सुधीर गोप, गुरूदयाल शर्मा, तुलसी, कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

ऑटो पलटने से यात्री घायल

राहे (आजाद सिपाही)। राहे मुख्य मार्ग पर नावाटोली स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं जोड़ा महुआ के बीच मोड़ पर नावाटोली की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे ऑटो के पलटने से यात्री घायल हो गये। वहीं घटना की जानकारी फोन पर उनके परिजनों को दिया। टेंपो नवाटोली से राहे की ओर जा रही थी और सामने से आ रहे ट्रेलर अचानक दिखने से टेंपो ड्राइवर अपनी गाड़ी कंट्रोल नहीं कर पाया, जिससे टेंपो मोड़ पर अनियंत्रित हो गया और सड़क पर ही पलट गया। दुर्घटना में दो बच्चे को तथा एक महिला चमनी देवी (55 वर्ष) गंभीर रूप से चोट आयी है। वहीं शिशु देवी (60 वर्ष) को आंख के नीचे चोट लगी है। पूनम देवी (40 वर्ष) समेत अन्य महिला-पुरुष को भी हल्की चोट लगी है। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र, गोंदलीपोखर अनगड़ा में भर्ती कराया गया है।

डॉक्टर की लापरवाही से मरीज की जान ऑफत में

बुंडू (आजाद सिपाही)। कहते हैं डॉक्टर पृथ्वी का भगवान है यही भगवान जब गलती करती हैं, तो जान आफत में पड़ जाती है। ऐसा ही एक मामला बुंडू प्रखंड क्षेत्र के आराडीह में सामने आया है। महिला शकुंतला देवी पति श्यामलाल मुंडा की 23 जून 2023 को बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में ऑपरेशन से एक बच्चा का जन्म हुआ। ऑपरेशन के 10 दिन के बाद बंध्याकरण कर दिया गया। बंध्याकरण के समय डॉक्टरों द्वारा कॉलन (बड़ी आंत) लापरवाही से काट दिया, इसके बाद उक्त महिला जिंदगी और मौत से लड़ती रही।

अनुमंडलीय अस्पताल के डॉक्टर द्वारा रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में पीड़ित महिला का 6 महीना तक डॉक्टर द्वारा इलाज करने के बाद अपने घर पहुंची और आप बीती सुनायी। समाजसेवी जीतेंद्र उरांव के द्वारा कहा गया कि उक्त घटना की जांच हो और दोषी डॉक्टर के ऊपर कारवाई हो।

क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यूमंगरदाहा गांव में केजीएन क्लब के तत्वाधान में रविवार से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के चतरा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद ताज उपस्थित थे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पगार बनाम भूतनगर डकरा के बीच खेला गया। जिसमे टॉस जीतकर भूतनगर डकरा की टीम ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमे पगार की टीम ने निर्धारित दस ओवर में 53 रन बनाया। वही जवाबी पारी खेलने उतरी भूतनगर डकरा की टीम ने छह ओवर में ही मैच जीत लिया। इस मैच मे मैन ऑफ दा मैच का पुरुस्कार आनंद मुंडा को दिया गया। वही दूसरा मैच मेजबान न्यू मंगरदाहा बनाम केरेडारी के बीच खेला गया, जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यू मंगरदाहा की टीम ने दस ओवर में 72 रन बनाया। वही जवाबी पारी में केरेडारी की पुरी टीम ने 62 रन ही बना सकी और न्यू मंगरदाहा की टीम दस रनों से मैच जीत लिया। इस मैच मे मैन ऑफ दा मैच का पुरुस्कार आसिफ रजा को दिया गया। इस मौके पर मो. ताज, सकील, एजाजुल हक,मो. सनाउल्लाह, उस्मान, रफीक, आफताब सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

पीएम विश्वकर्मा योजना के खूंटी विधानसभा क्षेत्र के संयोजक बने काशीनाथ महतो

खूंटी (आजाद सिपाही)। पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल उन्नयन और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गयी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को सफल बनाने के उद्देश्य से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो को खूंटी विधानसभा क्षेत्र का संयोजक बनाया गया है। काशीनाथ महतो ने बताया कि वे अपने दायित्व के प्रति हमेशा ईमानदार रहे हैं। इस नए दायित्व का भी वे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करते हुए खूंटी विधानसभा क्षेत्र के सभी योग्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को इस स्कीम से जोड़कर प्रधानमंत्री के सपने को पूरी तरह से सफल बनाने का प्रयास करेंगे। काशीनाथ महतो ने परपंरागत कोरोबार से जुड़े कारीगरों से पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ उठायें।

चुरी दक्षिणी पंचायत में अध्यक्ष कामेश्वर महतो और सचिव उमेश कुमार यादव बने

खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति खलारी की बैठक रविवार को प्रखंड के चुरी मध्य पंचायत एवं दक्षिणी चुरी पंचायत में हुई। बैठक में जिला एवं प्रखंड के सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक के दौरान दोनों पंचायतों में पार्टी के पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें चुरी मध्य पंचायत कमेटी में अध्यक्ष कामेष्वर गंझू, सचिव आनंद गंझू, उपाध्यक्ष विजय तुरी, उपसचिव सोनू यादव, कोषाध्यक्ष करण कुमार, उपकोषाध्यक्ष मनोज गंझू को मनोनित किया गया। वहीं चुरी दक्षिणी पंचायत कमेटी में अध्यक्ष कामेष्वर महतो, उपाध्यक्ष जयवीर यादव, अर्जुन मुंडा, सचिव उमेश कुमार यादव, उपसचिव उमेश कुमार मुंडा, कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार महतो को चयनित किया गया। साथ ही बैठक में उपस्थित समिति के लोगों ने समर्पण भावना से झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति एवं जयराम महतो (टाइगर) के विचारों को मजबूती से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति, शोषित, वंचित एवं पीड़ितों तक पहुंचानें का संकल्प भी लिया। वहीं अपनी भाषा, संस्कृति व अधिकार कैसे मिले इस पर भी विचार किया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सदस्य रतिया गंझू, प्रमोद महाजन, बिरबल कुमार (विक्की), कृष्णा महतो (बड़का), कृष्ण कुमार, राजेंद्र महतो एवं नरेंद्र कुमार ने किया। बैठक में पंचायत कोर सदस्य अजय तुरी, सोनू यादव, संजय गंझू, अमर भोगता, उमर गंझू, सतीश गंझू, जानकी गंझू, नवीन तुरी, रोहित तुरी, रविंद्र महतो, उपेंद्र महतो, नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

मकर संक्रांति के बाद नये जगन्नाथ मंदिर की रखी जायेगी आधारशिला

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के बड़ाईक टोली स्थित जगन्नाथ मंदिर का पुनर्निर्माण के संबंध में विचार विमर्श के लिए रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विजय बड़ाईक ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पुराने जर्जर मंदिर को भव्य और बड़ा मंदिर बनाने के लिए सहयोग राशि के लिए हर घर घूम-घूमकर राशि एकत्रित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक अलग कोष बनाया जायेगा, जिसमे आसपास से चंदा इक्कठा कर उसी कोष में रखा जायेगा। सोमवार को विशेष पूजा आयोजित कर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम तीनों विग्रहों को किसी सुरक्षित स्थान में रखकर मकरसक्रांति के बाद भव्य मंदिर की आधारशिला रखी जायेगी। मौके पर एमपी सिंह, नीरज जायसवाल, मुकेश सिंह, रामधनी सिंह, ओम केशरी, अनिल भगत, कमलेश्वर सिंह, गुड्डू पंडित, शिवनारायण सिंह, फागु सिंह, बंधन सिंह, अमित पांडेय, रोहित साहू, पप्पू पंडित सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

पिपरवार और एनके एरिया के विस्थापित रैयतों ने सीएमडी से की मुलाकात

रोजगार और मूलभूत सुविधा की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार और एनके एरिया के विस्थापित ग्रामीण रैयतो ने सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बी वीरा रेड्डी और निदेशक तकनीकी बी साईराम से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। ह्यूमन एंड हेरिटेज केयर फाउंडेशन के चेयरमैन और अध्यक्ष अमरदीप कौशल के नेतृत्व मे विस्थापित रैयतो ने सीएमडी से मुलाकात किया। इस दौरान विस्थापित रैयतो ने सीएमडी से सीसीएल द्वारा अधिगृहित भूमि के बदले नौकरी और मुआवजा देने, दोनो एरिया मे रोड सेल के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार देने, करकटा एरिया के तुमांग पंचायत के खिलानधौड़ा बस्ती के समीप बंद पड़े कोयला खानदान से जहरीली गैस, धुआं और आगलगी के रोकथाम एवं वहां के ग्रामीणों को मुआवजा देकर वहां से हटाने, पिपरवार के अशोका खदान से सटे जारातोंगरी और बेंती के ग्रामीणो को नौकरी और मुआवजा देने एवं सीएसआर के तहत पानी, बिजली, स्वास्थ्य, स्कूल इत्यादि बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने, पिपरवार एरिया अस्पताल मे दवाई और पारा मेडिकल स्टाफ सहित मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग करते हुए इस पर चर्चा की। मीटिंग के दौरान सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी ने उक्त समस्या और मांगों को पूरा करने पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। मौके पर विस्थापित ग्रामीणो मे सोमर गंझु, शिवनाथ भोगता, धनराज भोगता, सुखी गंझु, अर्जुन गंझु, शिबू गंझु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

श्याम सुंदर सिंह ने कंबल वितरित किया

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मायापुर पंचायत के मायापुर गांव, जोराकाठ बस्ती में भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह, शशि प्रसाद साहू की उपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह ने जरूरतमंदों, असहाय, वृद्ध और महिलाओं के बीच 85 कंबल का वितरण किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने लोगों के हाल चाल जाना। साथ ही लोगो से ठंड ने बचने की सलाह दी। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के संदर्भ में जानकारी दी और मोदी सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं को बताया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिला।

चुरी पश्चिमी में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आज

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी के चुरी पश्चिमी महावीर नगर हनुमान मंदिर के समक्ष सोमवार को 10 बजे से आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त संबंध जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग ने देते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जायेंगे। जिसमें विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन लिया जायेगा। जिसमें कई मामलों का त्वरित निष्पादन भी किया जायेगा। बीडीओ ने पंचायत के सभी ग्रामीणों से कार्यक्रम में पहुचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

समय का सदुपयोग कर पढ़ने-लिखने की आदत डालें कैदी : मनोरंजन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नयी दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के सौजन्य से रविवार को उपकार खूंटी में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि सभी कैदियों का विचारण बहुत तेजी से हो रहा है और कैदी अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वाद का जल्द से जल्द निपटारा करायें। कहा कि सभी कैदियों को न्यायालय में चल रहे अपने मामले के बारे में जानकारी रखने का हक है। आपको निःशुल्क देना हमारा कर्तव्य है, बशर्ते आप हक लेने के लिए आगे बढ़े। आप सभी कानून में विश्वास करते हैं और यह आपके धैर्य की भी परीक्षा है। आप सभी अपने अंदर छिपी प्रतिभा को जगाएं, और समय का सदुपयोग करते हुए लिखने-पढ़ने की आदत डालें। इसमें डालसा आपकी मदद करेगा। कार्यक्रम में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, कारा अधीक्षक, डालसा के पीएलवी और उपकारा के बंदी उपस्थित थे।

रग्बी प्रतियोगिता में खूंटी जिला बना विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा लोयोला उच्च विद्यालय खूंटी में रविवार को आयोजित एकदिवसीय अंतर जिला अंडर 14 रग्बी प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में खूंटी जिला विजेता बना। बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला मेजबान खूंटी और पश्चिम सिंहभूम जिले के बीच हुअया, जिसमें खूंटी की टीम ने 5-0 के अंतर से मैच जीत लिया। महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला भी मेजबान खूंटी और पश्चिम सिंहभूम जिला की टीम के बीच हुआ, जिसमें की टीम ने पश्चिमी सिंहभूम को 20 - 0 से रौंद दिया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में 11 तथा बालिका वर्ग में 10 टीमों ने भाग लिया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान और विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों के खिलाड़ियों का सामूहिक मार्च पास्ट बैंड की धुन पर हुआ। संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि खूंटी में रग्बी के इतने खिलाड़ियों का एक साथ टूर्नामेंट होना गौरव की बात है। खेलों में खूंटी का गौरवशाली इतिहास रहा है। आप सभी खिलाड़ी सब जूनियर से जूनियर और सीनियर खेलते हुए राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचें, यही हम सबों की कामना है। इस अवसर पर एशियन रग्बी में भारतीय टीम के अंडर 18 के खिलाड़ी डेविड मुंडा को भी उन्होंने सम्मानित किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि का झारखंड स्टेट रग्बी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष केके सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता और आयोजन सचिव अश्विनी कुमार मिश्रा ने शॉल, मोमेंटो एवं गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव हेजाज असदक ने किया। पुरस्कार वितरण लोयोला उच्च विद्यालय के प्राचार्य आइजेक खलखो ने किया। इस अवसर पर लोयोला इंग्लिश मीडियम के प्राचार्य फादर विपिन, फादर विमल, रग्बी कोच सचिन, रेफरी संजय, अभिषेक, रॉबर्ट, डेविड आदि उपस्थित थे।

बेहतरीन प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। डकरा स्टेडियम में गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के तत्वाधान में रविवार को दो दिवसीय एथलेटिक्स एवं फुटबॉल ट्रायल चयन प्रतियोगिता का षुभारंभ हुआ। इस ट्रायल चयन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप मे खलारी प्रखंड के उप प्रमुख सुमन देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे सीसीएल एनके एरिया जीम ऑफिस के कार्मिक विभाग के ओमप्रकाश षर्मा, पूर्व उपप्रमुख एतवारा महतो, भाजपा खलारी मंडल के महामंत्री कार्तिक पांडेय, भाजपा रांची जिला के मीडिया प्रभारी आनंद सिंह, भाजपा महिला खलारी मंडल महामंत्री ममता देवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल महामंत्री रितेश केशरी, शषिकुमार सिंह, सुनिता महतो, संगीता देवी, निरा देवी, पिंकी देवी, विभा देवी, सुनिता देवी एवं संगीता देवी उपस्थित थी। ट्रायल चयन प्रतियोगिता में पहले दिन कुल 60 खिलाड़ी शामिल हुए। उन्होने कहा कि ट्रायल चयन प्रतियोगिता में दूसरे दिन जो भी खिलाड़ी शामिल होना चाहते है वो सोमवार 18 दिसंबर को सुबह 8 बजे डकरा स्टेडियम खलारी मे आकर अपना पंजीकरण करा सकते है। गणेश ने बताया कि ट्रायल चयन प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को क्लब के द्वारा दो साल तक निःशुल्क एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

हत्याकांड के आरोपी की मां ने पुत्र को बताया निर्दोष

खूंटी (आजाद सिपाही)। रातू थाना क्षेत्र के गुडू गांव की रहने वाली शीला देवी ने अपने पुत्र बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया को सुभाष मुंडा हत्याकांड से दोषमुक्त करने की मांग की है। ज्ञात हो कि 26 जुलाई को अज्ञात अपराधियों ने सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले को लेकर शीला देवी ने पुलिस महानिरीक्षक रांची को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में शीला देवी ने कहा कि मुख्य आरोपित को बचाने के उद्देश्य से मेरे निर्दोष पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि बिनोद का सुभाष मुंडा और उनके स्वजनों के साथ काफी अच्छा संबंध रहा है। अगर मेरा पुत्र वास्तव में दोषी है, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन निर्दोष है, तो उसे रिहा किया जाए। मेरे पुत्र की शादी लगभग तीन माह पूर्व हुई है। मैं एक दुखी मां हूं और अपने पुत्र बिनोद के अलावा मेरा कोई दूसरा सहारा नहीं है। इसी के सहारे में अभी तक जीवित हूं।

रांची विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता में एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची बना ओवरऑल चौंपियन

बेस्ट मेल एथलीट रामचंद्र और बेस्ट फीमेल एथलीट ममता

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। बिरसा कॉलेज खूंटी में रांची विवि अंतर कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गयी। इस प्रतियोगिता में एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची ओवरऑल चौंपियन बना। प्रतियोगिता में बेस्ट मेल और बेस्ट फीमेल एथलीट का खिताब राम लखन सिंह यादव कॉलेज रांची के रामचंद्र सांगा और ममता कुमारी को मिला। अंतिम दिन रविवार को पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्रदीप कुमार को प्रथम, केओ कॉलेज गुमला के आशीष कुजूर को द्वितीय और बीएस कॉलेज लोहरदगा के दिनेश तूरी को तृतीय स्थान मिला। महिला वर्ग की 800 मीटर दौड़ में केओ कॉलेज गुमला की चंद्रमणि उरांव को प्रथम, बिरसा कॉलेज खूंटी की हीरा सांगा को द्वितीय और बीएस कॉलेज लोहरदगा की सुराखी को तृतीय स्थान मिला। महिला वर्ग की 4400 रिले दौड़ में एसएस मेमोरियल कॉलेज को प्रथम, केओ कॉलेज गुमला को द्वितीय और बीएस कॉलेज लोहरदगा को तृतीय स्थान मिला। पुरुष वर्ग की 4400 पुरुष रिले दौड़ में एसएस मेमोरियल कॉलेज प्रथम, केओ कॉलेज गुमला द्वितीय एवं राम लखन सिंह यादव कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे। ट्रिपल जंप पुरुष में प्रथम और द्वितीय स्थान एसएस मेमोरियल कॉलेज के विशाल कुमार व बिराज तिग्गा को मिला, जबकि तृतीय स्थान पर राम लखन सिंह यादव कॉलेज के आशीष महतो रहे। ट्रिपल जंप महिला में प्रथम और द्वितीय स्थान एसएस मेमोरियल कॉलेज की प्रेमलता केरकेट्टा और नीलम कुमारी को मिला। तृतीय स्थान संत जेवियर्य कॉलेज की प्रिया टेटे को मिला। पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में एसएस मेमोरियल कॉलेज के अंशु कुमार सिंह को प्रथम, आरएलएसवाई कॉलेज के मुकेश कुमार को द्वितीय और संत जेवियर्य कॉलेज के इपिल एंजेल हेमब्रॉम को तृतीय स्थान मिला। महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में आकांक्षा कुमारी को प्रथम, बिरसा कॉलेज की अलका टोपनो को द्वितीय और योगदा सत्संग कॉलेज की अंजली को तृतीय स्थान मिला। डिस्कस थ्रो पुरुष में एसएस मेमोरियल कॉलेज के संजू खलको को प्रथम स्थान। संत जेवियर्य कॉलेज के सन्नी चौहान को द्वितीय और केओ कॉलेज गुमला के उपेंद्र टोप्पो को तृतीय स्थान मिला। डिस्कस थ्रो महिला में एसएस मेमोरियल कॉलेज की सुनैना उरांव को प्रथम, बीएस कॉलेज लोहरदगा की नीमा को द्वितीय और संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज की राधिका कुमारी को तृतीय स्थान मिला। लॉन्ग जंप में प्रथम वह द्वितीय स्थान एसएस मेमोरियल कॉलेज के संजीव खलको और सूरज पासवान और तृतीय स्थान केओ कॉलेज गुमला के साहिल खान को मिला। लॉन्ग जंप महिला में प्रथम व द्वितीय स्थान एसएस मेमोरियल कॉलेज की प्रेमलता केरकेट्टा व हुस्न आरा प्रवीण तथा तृतीय स्थान बिरसा कॉलेज के अलका टोपनो को मिला। प्रतियोगिता के समापन समारोह में रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉक्टर अजीत सिन्हा रांची विश्वविद्यालय के डीएसडबल्यू सुदेश साहू और विशिष्ट अतिथि के रूप में सीआरपीएफ 94 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट संतोष उपस्थित थे।

भाजपा नेता ने दुर्घटना में घायलों की मदद की

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हाहे-राहे मार्ग पर नवाटोली स्वास्थ्य उपकेंद्र और जोड़ी महुआ के बीच रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। दुर्घटना में ऑटो में सवार दर्जन भर से भी अधिक यात्री घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे भाजपा नेता विनय महतो धीरज नें त्वरित सूचना देकर एंबुलेस बुलवाया तथा सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से उठाकर अस्पताल भेजवाने का काम किया। वहीं भाजपा नेता नें घटना की जानकारी फोन पर उनके परिजनों को भी दिया। दुर्घटना में नेहा कुमारी 12वर्ष, चमनी देवी 55वर्ष, गंभीर रूप से घायल हुए हैं जबकि शिशु देवी 60 वर्ष, पूनम देवी 40 वर्ष, काजल देवी 32 वर्ष सहित अन्य को मामुली चोट लगी है। घायलों को सीएचसी अनगड़ा में भर्ती कराया गया है।

टाटीसिलवे में श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन

नामकुम (आजाद सिपाही)। भगवान श्री राम विवाह उत्सव रविवार से राम शिव मंदिर टाटीसिलवे में धूमधाम से मनाया जा रहा है। पंडित राम प्रसाद पांडे, अरुण कुमार मिश्रा और मधुसूदन पांडे के द्वारा वैदिक मंत्र द्वारा पूजन, अखंड हरी कीर्तन तथा रामचरितमानस पाठ, संध्या 5 बजे से धनुष यज्ञ महिलाओं के द्वारा झांकी, वैवाहिक गीत, मंगल गीत, नृत्य और महाआरती की गयी। 24 घंटे का कार्यक्रम सोमवार को पूजन हवन और महाभोग प्रसाद के बाद संपन्न होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक पांडे, संदीप, संध्या, विमला, अरुण आदि का अहम योगदान रहा।

कपड़ा बैंक ने लापुंग के बिरहोर जनजाति के 450 लोगों के बीच कंबल और कपड़े का किया वितरण

बेड़ो (आजाद सिपाही)। कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम ने रविवार को लापुंग प्रखंड के चंपाडीह गांव में कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में बिरहोर जनजाति के लोगों के बीच जरूरमंदों को 450 कंबल और कपड़ों का वितरण किया। लोगों के बीच ठंढ कपड़े स्वेटर, जैकेट कंबल, साल, साड़ी जीन्स पैंट सर्ट कुर्ती बच्चों के कपड़े सहित अन्य कपड़े बांटा गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके कपड़ा बैंक का संचालन उन्हीं लोगों के सहयोग से हो रहा है। कपड़ा बैंक के सदस्य निःस्वार्थ इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं और जरूरतमंदों तक अपने खर्च से कपड़ा पहुंचा रहे है, जिसमें कैलाश कुमार, अनुज गुप्ता, रवि केशरी, शक्ति साहू, प्रवीण, मुकेश लगे हुए हैं।

नगड़ी मेला संचालन समिति की बैठक

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को तीन दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव सह नगड़ी मेला को लेकर नगड़ी मेला संचालन समिति की बैठक ओम चौधरी की अध्यक्षता किया गया। मौके पर नगड़ी, नारो, देवरी साहेर पंचायत के विभिन्न गांवों के समिति के सदस्यों और दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे। मेला संचालन समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्य के द्वारा आगमी 26 दिसंबर को नगड़ी अंचलाधिकारी से भेंट कर नगड़ी मेला टिकरा की जमीन की सीमांकन करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा जायेगा। साथ ही निर्णय लिया गया कि हर वर्ष भी भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय नगड़ी मेला 12, जनवरी से 13 जनवरी और 14 जनवरी 2025 को भव्य मकर संक्रांति नगड़ी मेला का आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से चुडामनी महतो, बजरंग महतो, शहीद अहमद, प्रभात महतो, ईश्वर महतो, शंकर साहू, दीपक कुमार केसरी, सुधीर सहित दर्जनों ग्रामीण और समिति के सदस्य उपस्थित थे।

विकसित भारत के लिए देश के प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी : शशी देवी

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड के दानेकेरा पंचायत सचिवालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कृषि विज्ञान केंद्र रामकृष्ण मिशन के कृषि यंत्र वैज्ञानिक ओपी शर्मा, मुखिया धुचला मुंडा, पंचायत सचिव विशु स्वांसी, मनरेगा के कनीय अभियंता इंद्रजीत यादव, समाजसेवी सत्यनारायण महतो और महिला नेत्री सह समाजसेवी शशी देवी के साथ मिलकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीणों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनायी हैं और घर घर तक योजनाओं को पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। महिला नेत्री शशी देवी ने कहा कि देश को विकसित देश बनाने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। भारत के नागरिकों की मदद से ही देश विकसित होगा। मौके पर समाजसेवी सत्यनारायण महतो, आंगनबाड़ी सेविका चंद्रमुनी बरला, आंगनबाड़ी सेविका हीरामणी देवी, स्वास्थ्य सहिया प्यारी आईंद, स्वास्थ सहिया संजिता देवी वार्ड सदस्य भुनेश्वर सोनी, वार्ड सदस्य लक्ष्मी मुंडाईन, वार्ड सदस्य भुरन लोहरा, वार्ड सदस्य विष्णु उरांव, बीएफटी गोपाल बडाईक सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

क्रिसमस मिलन समारोह का हुआ आयोजन

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड क्षेत्र के डुरु पेरिस और कस्तूरबा गांधी विद्यालय लापुंग क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुरोहित संजय तिग्गा ने कहा कि क्रिसमस मिलन समारोह धरती आकाश मिलन का प्रतीक है। आज से 2023 साल पहले या अद्भुत कम परमेश्वर ने अपने प्रेम के प्रकट करने के लिए किया था। पूरी दुनिया के लोगों के लिए यह आनंद से भरा हुआ समय है। कस्तूरबा विद्यालय में यसु मशीह: के जन्म को करनी पर दशार्या गया है व बच्चे डीजे की धुन में थिरके। इस मौके पर मंत्रियों के द्वारा परमेश्वर के भजन गीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही यीशु की जन्म झांकी प्रस्तुत किया गया। मौके पर पेरिस सचिव गोडवीन धान, युवा सभापति प्यारा खलखो, प्रचारक हबिल खलखो, लुक्स खेस समेत कई लोग मौजूद रहें।

झारखंड को बचाने की जरूरत है : पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

मांडर। सोसई मैदान में रविवार को संकल्प सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के तरफ से प्रतिभा कल्चरल फेस्ट 2023 का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख शामिल हुए। उन्होंने भी एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने ने कहा कि आज हमें झारखंड को बचाने की जरुरत है। मौके पर बोलते हुए प्रोफेसर शाहिद हसन ने कहा कि ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लेने की जरूरत है। संकल्प के बुनियाद पर ही दशरथ मांझी ने छोटे से छेनी और हथौड़ी से विशालकाय पर्वत को काट डाला। वहीं आकाशवाणी रेडियो रांची की पूर्व उद्घोषिका शकुंतला मिश्रा ने कहा कि संकल्प के द्वारा आयोजित कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। गांव देहातों में ऐसे आयोजनों में पारंपरिक नागपुरी गीत और नृत्य की भरमार होना चाहिए। नागपुरी अपनी कला संस्कृति के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। नागपुरी हमारी मातृभाषा है। झारखंड में नौकरी के लिए भी नागपुरी जरूरी है। नागपुरी में वह मिठास है जो दूसरी भाषा में नहीं मिलता। इस मौके पर जॉन डियर ट्रैक्टर के 5310 का मॉडल का लांचिंग भी किया गया। इसके बारे में हाईटेक ट्रैक्टर के प्रोपराइटर रवींद्र महतो ने बताया कि भारतीय किसान को अमेरिका वाला तकनीक मिलेगा। इसमें बीएस 4 इंजन लगा है। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रो शाहिद हसन, प्रो भूपेश कुमार, शकुंतला मिश्रा, प्रो उमेश नंद तिवारी, ब्रजभूषण, कार्तिक लोहारा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

नव वर्ष में बेड़ो और लापुंग में पिकनिक स्पॉट सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



बेड़ो। लापुंग और बेड़ो प्रखंड के पिकनिक स्पॉट नववर्ष में सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार है। दोनों प्रखंड के प्रकृति की खूबसूरत वादियां पहाड़ और जंगलों से भरी मन लुभाती मनोरम दृश्य डैम नये वर्ष मनाने वालों के लिए पूरी तरह तैयार है। नववर्ष के मौके पर पिकनिक मनाने को लेकर सभी आयु वर्ग के लोगों में काफी उत्साह का माहौल होता है। प्रखंड क्षेत्र में पिकनिक मनाने के लिए कई स्पॉट है। जिनमें बेड़ो प्रखंड मुख्यालय से सबसे कम दूरी पर करांजी डैम है। जामटोली गांव में जल पुरुष सिमोन बाबा का बांध और पारस डैम प्रमुख है। वहीं लापुंग प्रखंड क्षेत्र में घघारी जलप्रपत और घघारी बाबा धाम मंदिर, सांई ग्राम मंदिर और सरसा लतरातु डैम दोनों प्रखंडो में सबसे अच्छी जगह है। जो प्रकृति के मनमोहक दृश्य से भरा है। यहां तक आने के लिए लोग निजी वाहन से आ सकते है। रांची से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। जहां नये वर्ष के स्वागत में लोग जुट गये हैं।

प्राचीन शिव मंदिर घघारी की सुंदरता देखते ही बनती है। बेड़ो से करीब आठ किमी की दूरी पर स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर काफी प्रसिद्ध है। लोग यहां पूजा-अर्चना करने आते हैं और वनभोज का भी आनंद उठाते हैं। सावन में तो यहां भक्तों की काफी भीड़ उमड़ती है। और मकर सक्रांति में 14 और 15 जनवरी को मेला का आयोजन होता है। यहां की प्राकृतिक छटा देख कर लोग हर्षित होते हैं। प्रखंड के सरसा गांव में स्थापित सांई मंदिर और लतरातू डैम पर भी पिकनिक मनाने वालों की अच्छी खासी भीड़ रहती है। प्रसिद्ध सांई मंदिर परिसर की प्राकृतिक सुंदरता को देखकर भी लोग काफी खुश होते हैं। यह रांची जिला व आसपास के इलाकों के लोगों का भी श्रद्धा का केंद्र है। श्रद्धालु वर्ष भर यहां पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं।

बेहतर स्वास्थ्य और सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा हमारा लक्ष्य: शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

मांडर। प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय बाजरा के मैदान में रविवार को मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अपने मांडर विधानसभा क्षेत्र में सभी को स्वस्थ रखना और उन्हें सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। बेहतर स्वास्थ्य का महत्व तभी पता चलता है, जब हम बीमार होते हैं। श्रीमती तिर्की ने कहा कि अपने उच्च लक्ष्य और मानसिकता के तहत ही आज उन्होंने इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है। ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे सभी इसका अधिक-से-अधिक लाभ उठायें। इस हेल्थ कैंप में अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त 10 अनुभवी चिकित्सकों ने सैकड़ों ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और चिकित्सकीय सलाह देने के साथ ही निःशुल्क दवाईयां भी दी। विशेष रूप से डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, नेत्र रोग आदि के मरीज आज बड़ी संख्या में आये। श्रीमती तिर्की ने कहा कि सभी को बेहतर स्वास्थ्य का उनका यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा की और कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि सभी लोग अपने और अपने परिवार के सदस्यों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति सचेत और जागरूक रहें।

अयोग्य लाभुक होंगे अबुआ आवास से वंचित

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड के कुल्ली और गरगांव पंचायत में सत्यापन का कार्य प्रारंभ हो गया। राज्य सरकार द्वारा एक अबुआ आवास 2,00000 (दो लाख) खर्च कर निर्माण करायेगी। आवास में तीन कमरा और एक किचन के साथ होगा, जिसका क्षेत्रफल 31 वर्ग मीटर होगा। वैसे लाभुक अबुआ आवास से वंचित रहेंगे, जिनके पास पूर्व से पक्का मकान, चार और तीन पहिया वाहन, सरकारी और अर्ध सरकारी नौकरी करने वाले, पूर्व इंदिरा सहित अन्य आवास पाने वाले, जन प्रतिनिधि, आयकर और व्यवसायीक कर दाता, रेफ्रीजेटर, ढाई से पांच एकड़ सिंचित भूमि वाले रैयतों को अबुआ आवास से वंचित रखा गया है। कच्चे मकान और मकान विहिन लाभुकों को अबुआ आवास आवंटन का प्रावधान रखा गया है।

हथियार के बल पर जुआरियों से लूटपाट करनेवाले गिरोह का खुलासा

मामले में सात आरोपी गिरफ्तार

अपराधियों को जुआ खेल होने की खबर देने वाले मुनेश्वर महतो और करमलाल महतो भी धरे गये

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हेसल रोड बेड़वारी स्थित गंगाधर चौधरी के मकान पर विगत दिनों जुआ खेल रहे लोगों से रिवाल्वर की नोक पर लाखों रूपये नकद और सोना-चांदी की हुई लूट के वारदात का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस ने बीती रात अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर घटना में लिप्त चान्हों थाना क्षेत्र के चोरया बौर तरंगा गांव से दो तथा ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा से एक और सिकिदीरी थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में नसीम अंसारी (चोरया), तबारक खान (तरंगा), अकबर अंसारी (इरबा), बलराज नायक और सुधीर नायक (बारीडीह) शामिल हैं। पुलिस ने उक्त घर में जुआ खेल होने की सूचना देने वाले मुनेश्वर महतो (साल्हन) और करमलाल महतो उर्फ बुचा (सिरका) को भी गिरफ्तार किया है। मुनेश्वर महतो ने बताया कि जुआ में पूरा रूपया हार जाने के बाद उसने फोन पर संर्पक कर सिरका गांव निवासी करमलाल उर्फ बुचा से 20 हजार रूपया उधार मांगा था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक माह पूर्व गंगाधर चैधरी के घर पर कई स्थानीय लोग जुआ खेल रहे थे। इस खेल में लाखों रूपये के दाव लगाये गये थे। इसी बीच रात के करीब एक बजे 5-6 अपराधी हथियार के साथ जुए के अड्डे में घुस गये तथा जुआ का दाव चल रहे सभी लोगों को रिवाल्वर की नोक पर कब्जे में ले लिया, और फिर बारी-बारी से उनके पास से लाखों रूपये नकद सहित घड़ी, सोने की दो अगुंठी लूट लिये। अपराधियों नें एक जुआड़ी के कान का कनौसी तक को उतरवा लिया। लुटपाट करने के बाद अपराधी आराम से वहां से फरार हो गए। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की छापामारी की कार्रवाई जारी थी। इधर बताया गया कि उक्त घर में हमेशा जुआ का खेल होता रहता है, जिसमें कई बड़े लोग शामिल रहते हैं।

संत जांस हाइस्कूल के छात्र की संदिग्ध मौत पर परिजनों ने डीजीपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

मांडर (आजाद सिपाही)। मांडर थाना क्षेत्र के नवाटांड़ स्थित संत जॉन्स हाइस्कूल के हॉस्टल में युवराज पासवान नामक छात्र की संदिग्ध मौत हो गयी। युवराज की मौत 19 नवंबर की शाम हुई थी। इस मामले में परिजनों ने डीजीपी से निष्पक्ष जांच की मांग की है। बता दें कि युवराज चतरा जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कांशीकेवाल का रहने वाला था। वह आठवीं का छात्र था। छात्र की मौत पर स्कूल प्रबंधन ने कहा था कि युवराज ने हॉस्टल परिसर स्थित कुएं में कूदकर आत्महत्या की है। जबकि परिजनों का आरोप है कि युवराज पासवान की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। युवराज की मौत पर स्कूल प्रबंधन के रवैये को देखते हुए ही परिजनों ने डीजीपी से निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं मृतक के भाई विवेकानंद कुमार के अनुसार, उसने भी संत जॉन्स स्कूल के हॉस्टल में ही रहकर ही मैट्रिक तक की पढ़ाई की थी। हॉस्टल परिसर स्थित जिस कुएं में कूदकर आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। वह लोहे की मोटी जाली से ढंकी रहती है। दुगार्पूजा के बाद ही भाई को घर से लाकर हॉस्टल में छोड़ा गया था। वहीं मामले की जांच कर रही मांडर पुलिस ने भी हॉस्टल के कुएं की लोहे की जाली से ढंके होने की पुष्टि की है।

कश्मीरी युवा कार्यक्रम में भ्रमण सत्र का आयोजन

नामकुम (आजाद सिपाही)। नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखंड युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के चौथा दिन भ्रमण सत्र का शुभारंभ हुआ। भ्रमण सत्र में सुबह सर्वप्रथम मोराबादी फुटबॉल स्टेडियम का भ्रमण कराया गया। उसके बाद गवर्नर हाउस में महामहिम राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात किया गया। तत्पश्चात विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से उनके आवास पर मुलाकात की। रांची विश्वविद्यालय में झारखंड के कल्चरल नृत्य का आयोजन, सांस्कृतिक प्रदर्शन और केंद्रीय पुस्तकालय (आरयू) में रांची विश्वविद्यालय के वीसी के साथ बातचीत और रात्रिभोज के साथ कशीमरी युवाओं की मेहमान नवाजी की गयी। बताते चले कि कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत कश्मीर के 122 युवक झारखंड पहुंचे है। इस दौरान उन्हें झारखंड की संस्कृति और परंपरा के बारे में जानकारी दी गयी। युवाओं ने झारखंड आने पर काफी खुशी जतायी है।

रौनियार वैश्य सभा का चुनाव संपन्न, शंभू प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष और अशोक गुप्ता बने सचिव

मांडर (आजाद सिपाही)। मांडर स्थित सोसई आश्रम में रविवार को रांची जिला रौनियार वैश्य सभा वर्ष 2023 का चुनाव हुआ। इसमें शंभू प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष पद के लिए चुने गये। अशोक गुप्ता 155 मत पाकर सचिव और बिहारी लाल 147 मतों के साथ कोषाध्यक्ष चुने गये। संगठन मंत्री राजेंद्र गुप्ता निर्विरोध चुने गये। मतदान प्रक्रिया में 26 इकाई और 82 आजीवन सदस्यों ने हिस्सा लिया। निर्वाचन अधिकारी सुनीता गुप्ता, दीपंकर गुप्ता, भुनेस्वर गुप्ता, मुरारी लाल, सुरेंद्र गुप्ता, मानिक लाल गुप्ता, सुरेश गुप्ता राधेश्याम गुप्ता ने शांतिपूर्ण मतदान कराया। सुबह 10 बजे से 2 बजे तक मतदान हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजीव गुप्ता ने संचालन किया। मौके पर मुकेश गुप्ता, सीताराम गुप्ता, आदर्श गुप्ता, प्रमोद, पवन, प्रदीप, अनिल समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे। चोरया, मांडर, सिलागाई, ब्राबे के युवाओं ने विधि व्यवस्था को संभाल रखा था।

रातू राजागढ़ में शिव गुरु महोत्सव

रांची (आजाद सिपाही)। शिव शिष्य हरींद्रानंद फाउंडेशन की ओर से रातू राजागढ़ में शिव गुरु महोत्सव मना। इसमें हरींद्रानंद के संदेश को लेकर आयी मुख्य वक्ता बरखा आनंद ने कहा कि शिव केवल नाम के नहीं, अपितु काम के गुरु हैं। किसी संपत्ति या संपदा का उपयोग ज्ञान के अभाव में घातक हो सकता है। कहा कि शिव जगतगुरु हैं। शिव का शिष्य होने के लिए किसी पारंपरिक औपचारिकता या दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। शिवकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि यह अवधारणा पूर्णत: आध्यात्मिक है, जो भगवान शिव के गुरु स्वरूप से एक-एक व्यक्ति के जुड़ाव से संबंधित है। कार्यक्रम में शिवकुमार विश्वकर्मा, इंद्रभूषण सिंह, कमलेश सिंह, रामाकांत सिंह, रमेश मल्लिक, सवित्री देवी समेत अन्य मौजूद थे।

जामिया एकेडमी में तालीमाती कार्यक्रम का आयोजन

मांडर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के फुसरा टांड़ में रविवार को जामिया इसलामिया एकेडमी में छात्र छात्राओं का तालीमाती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त समाज सेवी डॉ परमेश्वर भगत उपस्थित हुए। श्री भगत ने एकेडमी के तालीम और तरबियत पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के बने हुए तैईस वर्ष हो गये, लेकिन हमारे राज्य का शैक्षणिक स्तर से लेकर समाजिक और आर्थिक सुधार नहीं हो सका। मौके पर मौके पर एकेडमी का निदेशक मौलाना रफीक साहब, प्रिंसिपल अबु सूफियान नदवी साहब, प्रो नाफर अली, सोमा महतो, हाजी शाकिर इस्लाही साहब समेत अन्य ग्रामीण मौजुद थे।

झारखंड कुरमी समाज न्यास रांची की हुई आमसभा

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। झारखंड कुरमी समाज न्यास समिति रांची की एक आमसभा रविवार को विद्या ज्योति पब्लिक स्कूल हेसल अनगड़ा में न्यास मंडल के अध्यक्ष कारीनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष 2024 से न्यास परिवार की ओर से कुरमी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृति प्रदान किया जायेगा। मौके पर ब्रजकिशोर गांधी, कुमेश्वर महतो, देवब्रत चैधरी, रणधीर कु चैधरी, हरेकृष्ण चैधरी, अनंत लाल चैधरी, रामेश्वर महतो, बृजलाल महतो, विश्राम महतो, गोपाल महतो, रामलाल महतो, ज्योतिष महतो आदि मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अभी से ही लग जायें कार्यकर्ता: बेलस तिर्की

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक रविवार को डाक बंगला अनगड़ा में मंडल अध्यक्ष बरतू मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पर्यवेक्षक के तौर पर बेलस तिर्की विशेष रूप से शामिल हुए। मौके पर बेलस तिर्की नें कहा कि कार्यकर्ता अभी से हीं लोकसभा चुनाव की तैयारी मे लग जायें। आगे की रणनीति तय करते हुए प्रखंड के 21 पंचायतों को चार जोन में बांटकर 18 से 30 दिसंबर के बीच सभी पंचायतों में बैठक कर हर जोन से कम से कम 5 कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी गयी। बैठक में जिला महासचिव श्रवण मुण्डा, जिला सचिव विश्राम महतो, मुमताज खान, मिनहाज आलम, समशाद अंसारी, किस्टो कुजूर, महिला अध्यक्ष सरिता देवी, युवा अध्यक्ष विशाल स्वांसी, मुन्ना मुंडा आदि मौजूद थे।

श्री सर्वेश्वरी समूह का मेगा स्वास्थ्य शिविर

25 से ज्यादा डॉक्टरों ने लगभग चार हजार मरीजों का किया इलाज, मुफ्त दवा भी वितरित

कौशल किशोर

विश्रामपुर / पलामू। श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा विश्रामपुर के जनता उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 25 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने एलोपैथ और होमियो पैथ पद्धति से लगभग चार हजार मरीजों का जांचोपरांत उपचार किया। मरीजों को दवा भी निशुल्क दिया गया। शिविर में पैथलोजी सेंटर भी लगाया गया था। जिसमें जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा मरीजों को मुफ्त परामर्श भी दिया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन गुरुपद संभव राम जी ने परमपूज्य अवधूत भगवान राम जी की पूजा अर्चना कर के किया। इसके बाद गुरूपद संभव राम जी शिविर में लगाये गये सभी स्टाल का भ्रमण किया। इस दौरान गुरुपद संभव राम जी के दर्शन और आशीर्वाद हेतु कई नामचीन हस्ती भी शिविर में पहुंचे। जिसमे विधानसभा मे भाजपा के राजमहल विधायक अनंत ओझा और पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी आदि का नाम शामिल हैं।

शिविर की सफलता पर सबका किया आभार व्यक्तः मेघा चिकित्सा शिविर का आयोजन सर्वेश्वरी समूह के प्रयागराज शाखा और प्रमंडलीय समूह शाखाओं ने मिलकर किया था। समूह के डाल्टनगंज शाखा उपाध्यक्ष रागनी राय ने शिविर की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सर्वेश्वरी समूह मानव मात्र के कल्याण का कार्य करते रहेगी।

शिविर में इन चिकित्सको ने लिया भाग : शिविर में डॉ एसपी सिंह, डॉ यूपी सिंह, डॉ संजय तिवारी,डॉ आशीष सिंह,डॉ एम एल गुप्ता,डॉ आलोक, डॉ एस एन सिंह, डॉ रंजन नारायण, डॉ सुधीर,डॉ रतन, डॉ कमला मिश्रा, डॉ पदमा मिश्रा, डॉ हरि शंकर सिंह,डॉ सुधीर विवेक, डॉ वैभव, डॉ बीएन राय, डॉ एम के के सिंह,डॉ उपेंद्र कुमार सहित कई प्रसिद्ध चिकित्सकों ने भाग लिया। इसके अलावा मेडिकल कालेज में शिक्षारत कई विद्यार्थियों ने इसमे सक्रिय योगदान दिया। जिसमे अरूणिमा राजवंश, प्रणाशु सिंह आदि का नाम शामिल है। मौके पर समूह के मेदिनीनगर शाखा के उपाध्यक्ष रागिनी राय, रंजीत राय, मंत्री प्रताप नारायण शाही, व्यवस्थापक योगेंद्र सिंह, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, अजय बक्स राय, राहुल सिंह, सनत चटर्जी, मनीष, विवेक, मंटू सिंह,अरुण कुमार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, अजय बक्स राय, रंजीत सिंह, रणधीर सिंह, राजेंद्र केशरी, नागेंद्र प्रसाद पांडेय, राजन पांडेय, रामपुकर पांडेय, रामू बाजपेयी, तीर्थराज सिंह, प्रमोद सिंह, जितेंद्र बहेलिया, धर्मेंद्र चौधरी, विजय कुमार रवि,आगम दास सहित कई लोग मौजूद थे।

व्यापार मंडल अध्यक्ष ने पीएमओ को ट्वीट कर धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग की

धान अधिप्राप्ति केंद्र नही खुलने से किसान परेशानः कृष्णा बैठा

आजाद सिपाही संवाददाता

जानकारी देते व्यापार मंडल अध्यक्ष

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि किसानों के लिए महत्वकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति पूरी तरह फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अभी तक सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खुलने के कारण किसान अपना धान औने-पौने दामों में बिचौलिए के हाथो बेचने के लिए मजबूर हैं। लगभग 50% किसान अपना धान बेच ही चुके हैं।

केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2183 और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 117 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की राशि मिलाकर 2300 प्रति क्विंटल होता है जो किसान के लागत के बराबर भी नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की उदासीनता के कारण किसान की माली हालत दिन प्रति दिन दयनीय होती जा रहीं है। उन्होंने कहा सरकार से मांग की है की किसानों के भलाई के लिए धान का समर्थन मूल्य कम से कम 2500 रुपये प्रति क्विंटल और बोनस की राशि 500 रुपए यानी किसान को 3000 रुपये प्रति क्विंटल करना चाहिए। इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पीएमओ को ट्वीट कर के भी पीएम मोदी को किसानों की विवशता से रूबरू कराया है।

आकलन सफल अध्यापक संघ ने 19 को विधानसभा के घेराव का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। बीआरसी कार्यालय हुसैनाबाद के प्रशाल में आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ का अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने किया। जिसमें हुसैनाबाद के सभी आंकलन सफल तथा प्रशिक्षित सहायक अध्यापक बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में संघ के द्वारा विधानसभा घेराव में उपस्थित होने का निर्णय लिया गया। आंकलन सफल सह प्रशिक्षित संघ के नेतृत्व में संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर उन्नीस तारीख को होने वाला विधानसभा घेराव करने की सहमति बनी। बैठक में मुख्य रूप से सुनील पाठक, अनिल कुमार, विंध्याचल सिंह, रंजीत सिंह, अनिल कुमार सिंह, राजकुमार राम, रामप्रवेश राम, वीरेंद्र पाल, मनोज सिंह,संजय पासवान, अविनाश सिन्हा, बैकुंठ शर्मा, रामचंद्र राम, अखिलेश यादव, विनय शर्मा आदि शामिल थे।

पुजारी के निधन पर बाजार बंद, किया शोक व्यक्त

गाजेबाजे के साथ दुर्गा मंदिर के पुजारी की निकाली गयी शव यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। शहर के मेन बाजार स्थित श्री दुर्गा मंदिर के 90 वर्षीय मुख्य पुजारी श्याम सुंदर वैध जी का निधन विते शनिवार को हो गया। इस उपलक्ष में रविवार को नवयुवक सांस्कृतिक समिति और पूरे शहर के व्यवसायियों ने अपनी अपनी दुकानें बंद कर शोक व्यक्त की। साथ ही धूमधाम से शहर में शव यात्रा निकाला और थाना रोड बटाने नदी घाट पर हिंदू धर्म के रीति रिवाज से उनका अंतिम दाह संस्कार किया गया। शव यात्रा में राजनीतिक दल और सामाजिक कार्यकर्ता के साथ हजारों लोग शामिल हो कर माता रानी के चरणों में पुजारी की आत्मा को जगह प्रदान करने की कामना की गयी। शव यात्रा के दौरान उनके चाहने वालों ने बताया कि श्याम सुंदर वैध जी पिछले करीब 60 वर्षों से दुर्गा मंदिर में मुख्य पुजारी के रूप में अनुष्ठान कर क्षेत्र के सूख शांति के लिए अपना सरवस्त्र जीवन निछावर किया है। शव यात्रा में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, आजसु नेता दिलीप चौधरी, भाजपा नेता रविंद्र सिंह, राजीव रंजन, बलु बलराम, पूर्व विसूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सतेन्द्र पासवान, राजद नेता कमलेश यादव, महेंद्र यादव, मुखिया सरोज प्रसाद मेहता, उमेश, अजय, संतोष प्रजापति, चंदन, मुन्ना, अजित सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

विभिन्न पंचायत और नगर निकायों में लगेगा शिविर

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। 'आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत 18 दिसंबर 2023 दिन सोमवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। मोहम्मदगंज प्रखंड के कोल्हुआ सोनबरसा के अन्य ग्राम में, हैदरनगर प्रखंड के सरेया में, हुसैनाबाद प्रखंड के पतराखुर्द पंचायत में, पीपरा प्रखंड के दलपत पुर के अन्य ग्राम ' समेत अन्य ग्रामों होगा। वहीं मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 5 के लिए वार्ड भवन पोखराहा के पास आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जायेगा।

स्वयंसेवक संघ आज से 22 तक विधानसभा का घेराव करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद शहर के ब्लॉक रोड स्थित पंच सरोवर पार्क परिसर में पंचायत स्वयंसेवको की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राहुल सिंह ने किया। प्रखंड अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि झारखंड सरकार के शीतकालीन सत्र के दौरान अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में झारखंड के सभी पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक ध्यानाकर्षण हेतु 18 से 22 दिसंबर तक पांच दिवसीय उग्र आंदोलन विधानसभा के समक्ष रखा गया है। उसी के संदर्भ में चर्चा करते हुए आंदोलन में भाग लेने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पंचायत स्वयंसेवक सुधीर कुमार शर्मा, रणविजय सिंह, दिलीप कुमार रवि, सत्येंद्र कुमार ठाकुर, शैलेश पासवान, राहुल प्रजापति, जितेंद्र पासवान, कृष्णा यादव, सुधीर कुमार यादव, पप्पू, अरविंद, चंदन सिंह, अजीत सिंह, प्रेमशिला कुमारी, प्रियंका, हरमेंद्र सिंह, निरंजन गुप्ता, दीपक सिंह, विजेंद्र सिंह, विक्रम, रंजीत, विकास रंजन, इंद्रमणि, ललन, अरविंद, अक्षय, शाहजहां, पम्मी, सोनम, मिनिता वर्मा आदि उपस्थित थे।

मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : मीना देवी

कंबल वितरण करते प्रतिनिधि

महुदंड पंचायत में स्थानीय प्रतिनिधियों ने किया कंबल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद प्रखंड के महुडंड पंचायत में पूर्व जिला पार्षद मदन पासवान, मुखिया मिना देवी, पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान, उप मुखिया राम बली यादव और सभी सम्मानित वार्ड सदस्यों के द्वारा गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। मुखिया ने पंचायत के विभिन्न गांवों के सैकड़ों गरीबों को कंबल मुहैया कराया।

मौके पर मुखिया मिना देवी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। मौके पर युवा समाज सेवी शिव शंकर यादव, उपेंद्र यादव, गुड्डू पाल रामसरूप यादव, लालू यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

मिशन समृद्धि ने किया कंबल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर । मिशन समृद्धि संस्था ने जरूरतमंदों के बीच देर रात में कंबल का वितरण किया। सबसे पहले वह परिवार का धन्यवाद आभार जिनके बदौलत इस ठिठुरन भरी सर्दी से बचाव के लिए संस्था ने सदर अस्पताल डायलिसिस विभाग, रिक्शाचालकों राहगीरों दोना-पत्तल दातून बेचने वालों के बीच कंबलों का वितरण भरपूर कर सका और आगे भी जारी रहेगा। दोना-पत्तल दातून बेचने वालों के लिए मिशन समृद्धि संस्था हमेशा कुछ न कुछ जो संभव हो सकता है वह देने की कोशिश में लगी रहती है। पलामू के पारंपरिक हूनर पत्तल दोना बनाना जो सेहत के लिए भी फायदेमंद है,उस हूनर को जिन्दा रखते हुए बहुत ही कम पैसों पर अपना गुजारा करने वाले ये लोग बहुत ही संतुष्ट रहते हैं। इनके लिए यह संस्था रोटी के साथ-साथ कपड़े और जाड़े में कंबल देना नहीं भूलती है। यह सबके लिए आदरणीय नागरिकों और टीम सदस्यों का बेहतरीन सहयोग मिलता है। सदस्य शैलेन्द्र सिंह, अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, वीणा गुप्ता का रात्रि के समय भी जज्बे के साथ कंबल का वितरण किया।

नयन होटल में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगा

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू । शहर के सब्जी मंडी स्थित नयन होटल सह रेस्टोरेंट में रविवार को देशी चिकित्सा विकास परिषद् ट्रस्ट के ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पटना के मशहूर चिकित्सक डॉ जेपी अकेला के द्वारा शहरी क्षेत्र के अलावे दर्जनों ग्रामीणों ने निःशुल्क जांच करायी और दावा लिया। मौके पर आयोजक कर्ता भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि आयुर्वेद इस बात पर बल देता है कि बचाव ईलाज से बेहतर है। मूल उद्देश्य यही है कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर ही स्वास्थ्य आधारित होता है। यह बीमारियों से लड़ने के साथ-साथ अच्छी सेहत पर बल देता है।

बूथ जीतो-चुनाव जीतो को लेकर भाजयुमो की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर / पलामू । बूथ जीतो-चुनाव जीतो को लेकर विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी ग्राम पंचायत में भाजपा युवा मोर्चा की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी व संचालन महामंत्री संजय मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, बैठक के प्रभारी पंकज तिवारी और भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी भी मौजूद रहे। बैठक में बूथ जीतो-चुनाव जीतो को लेकर बूथ सशक्तिकरण तथा बूथ मजबूती पर विशेष चर्चा हुई। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने संगठन की मजबूत पर बल दिया। इसके बाद भाजयुमो अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने बैठक में मौजूद सभी अतिथियो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। मौके पर उपेंद्र तिवारी, प्रदीप चौधरी, मनोज बैठा, जोगिंदर पासवान, राहुल गुप्ता, विक्रांत कुमार सहित कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पोर्ट्स

भारत ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया: पहले वनडे में श्रेयस और सुदर्शन की फिफ्टी; अर्शदीप-आवेश ने मिलकर 9 विकेट झटके

जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न से सम्मानित होंगे धोनी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी तीन जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा। इस समारोह में विभिन्न खेल से जुड़े खिलाड़ियों, कोच, खेल को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा। मोरहाबादी स्थित स्थानीय होटल में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गयी, जिन्हें सम्मानित किया जायेगा।

फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इस वर्ष महेंद्र सिंह धोनी सहित झारखंड के कई दिग्गज खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। महासचिव निरंजन भारती ने बताया कि इस वर्ष छह कैटेगरी में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। खेल प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा के नाम से खिलाड़ियों को पुरस्कार मिलने से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ेगा।

जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार-2023 : महेंद्र सिंह धोनी, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, निक्की प्रधान, गोल्डी मिश्रा, दीप्ति कुमारी, विजय हांसदा, अंकित टोप्पो, सपना कुमारी, फ्लोरेंस बारला, आशा किरण बारला, श्रीकांत साहू, छोटी कुमारी, सुनील बहादुर, कृष्णा खलखो, दिनेश कुमार, मोहम्मद वसीम, कोमलिका बारी, विकास बारा, शिवानी टोप्पो, अश्विनी कुमारी, अमिशा केरकेट्टा, नारायण महतो, चंचला कुमारी, अमिशा उरांव। रूपा रानी तिर्की, गुरु चरण बेसरा, निशांत तिर्की, शशांक महतो, आकाश उरांव, गीता कुमारी, विशाल बहादुर, विशाज कुमार, लवली चौबे, अनु सेठ, निशिमा कुमारी, आदित्य, अंकिता भगत, दिव्यम मंडल, नोवल टोप्पनो, जोसफ टोपनो, रानी मुन्नी, लवली कुमारी, दीप्ति कुल्लू, अलबेला रानी, ममता कुमारी, सिमरन कुमारी, सुशांत उरांव, विकास उरांव, ललिता बोपयी, अंजु टुडु।

गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार-2023 : हरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रवेश्वर साहू, दीपक गोप, आंनद गोप, मनोज प्रसाद, एडम होरो, ज्योति साहू, अनवर खान, आशु भाटिया और संजीव कुमार।

गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार-2023 मधुकांत पाठक, जयदीप सरकार, बीएस राव, पूर्णिमा महतो, रिजवान अली, गणेश भारती, चंचल भट्टाचार्य, बीना केरकेट्टा और प्रतिमा बरवा। भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार प्रतीक सिंह आदि को दिया जायेगा।

भारत ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया

पहले वनडे में श्रेयस और सुदर्शन की फिफ्टी; अर्शदीप-आवेश ने मिलकर 9 विकेट झटके

एजेंसी

जोहान्सबर्ग। भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 8 विकेट से हरा दिया है। जोहान्सबर्ग में अर्शदीप सिंह और आवेश खान ने मिलकर 9 विकेट झटके। वहीं डेब्यूटांट साई सुदर्शन ने फिफ्टी लगाकर टीम को जीत के पार पहुंचाया। भारत से श्रेयस अय्यर ने भी 52 रन बनाएं। न्यू वांडरर्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम 27.3 ओवर में 116 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गयी। अर्शदीप को 5 और आवेश को 4 विकेट मिले। 117 रन का टारगेट भारत ने 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 55 रन बनाएं। पहले वनडे में जीत के साथ भारत ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा वनडे 19 दिसंबर को सेंट जॉर्ज पार्क केबेरा में खेला जायेगा। ये मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से शुरू होगा। चौथे ओवर में पहला विकेट गिरने के बाद श्रेयस अय्यर और साई सुदर्शन ने भारत की पारी संभाली। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। श्रेयस 52 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 88 रन की साझेदारी टूटी।

लोगों ने बोकारो विधायक बिरंची नारायण का जताया आभार

बोकारो को मेडिकल कॉलेज मिलने पर खुशी की लहर

सौ सीटों में से 83 सीटों पर झारखंड के बच्चों को नामांकन होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। बोकारो मे मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण की स्वीकृति मिलना बोकारो की आम जनता की भरोसा की जीत है। यह मेगा प्रोजेक्ट उनके आशा और आकांक्षा का मूर्तरूप है। उक्त बाते बोकारो के विधायक सह विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने एक शिष्टमंडल से बातचीत करते हुए कही। शिष्टमंडल मे विभिन्न पेशावर्ग के लोग शामिल थे। विधायक के अथक प्रयास के बाद बोकारो में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण की स्वीकृति मिलने पर शिष्टमंडल पुष्पगुच्छ देकर उन्हें धन्यवाद-सह-आभार व्यक्त करने गये थे। जिसमें बासुदेव सिंह चौधरी, बिक्रम माहथा, सुबल रजवार, राजाराम शर्मा, संजीव महतों, मानिक चंद्र सिंह, सरोज ठाकूर, रघुनाथ टुडु, तपेश कुमार, अशोक कुमार महतो आदि शामिल थें। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री संजय त्यागी, विधायक प्रतिनिधि मथूर मंडल, मंडल अध्यक्ष हरीश चंद्र सिंह भी उपस्थित थे। नारायण ने कहा कि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण से लगभग छः हजार लोगो को प्रत्यक्ष -परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। साथ ही आस-पास के हर वर्ग के लोगों को स्तरीय निःशुल्क और सुलभ चिकित्सा सेवा का लाभ मिलेगा। इसके अलावा प्रतिवर्ष सौ सीटों मे से 83 सीटों पर केवल झारखंड के बच्चों को मेडिकल कोर्स मे नामांकन का अवसर प्राप्त होगा। वहीं चिकित्सा सेवा से संबंधित तकनीकी जानकार रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, थेरापिस्ट, लैब टेक्नीशियन, एक्सरे, एएनएम, जीएनएम आदि जानकार स्थानीय लोगों को सीधी नौकरी या रोजगार मिल सकता है। कहा कि आठ साल की लंबी कागजी प्रक्रिया और झारखंड विधान मे कई बार विभिन्न फॉमेंट मे सवाल रखने के बाद यह उपलब्धि हासिल हूई है। नारायण ने बताया कि 2015 में तत्कालीन इस्पात मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के सुझाव पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण का पहल प्रारंभ किया था। बीएसएल के तत्कालीन सीईओं पीके सिंह की भूमिका को भी उन्होनें सराहनीय बताया। सिंह ने ही हवाई अड्डा और अस्पताल के जमीन के लिए सेल मुख्यालय को पत्र लिखा था। इसके अलावा नारायण ने झारखंड सरकार और सरकार के संबंधित अधिकारी को उनके सकारात्मक प्रयास के लिए धन्यवाद दिया।

पेयजल की समस्या जल्द होगी दूर : सुनीता

आजाद सिपाही संवाददाता

गोमिया। गोमिया प्रखंड के साड़म पश्चिमी पंचायत अंतर्गत तेली टोला और यादव टोला में जिला परिषद के 15वे वित्त आयोग के मद से सोलर युक्त डीप बोरिंग कार्य का उदघाटन रविवार को बोकारो जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, जिप सदस्य आकाशलाल सिंह, पंसस विष्णुलाल सिंह और उपमुखिया पंकज जैन ने संयुक्त रूप से किया। इस संबंध में जिप अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि जल ही जीवन है। जल के बिना मानव सहित पशु पक्षी बेहाल हो जाते हैं। साड़म के तेली टोला और यादव टोला में सोलर युक्त डीप बोरिंग एवं पानी टंकी का निर्माण हो जाने से यहां के ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात मिल जायेगी। जिप सदस्य आकाशलाल सिंह ने कहा कि मानव जीवन में पानी का बहुत ही बड़ा महत्व है, खासकर गर्मी के दिनों में पानी का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि साड़म में एक ही जलमीनार बना हुआ है, जिससे आसपास के हजारों लोग लाभान्वित होते हैं, परन्तु जनसंख्या अधिक होने के कारण इस जलमीनार से लोगो को पर्याप्त पानी नही मिल पाता है। उन्होंने कहा कि लोगो की इस समस्या को देखते हुए उन्होंने क्षेत्र में प्राथमिकता के अनुसार इस तरह के सोलर युक्त डीप बोरिंग कार्य को धरातल पर उतारने का काम किया है। साथ ही कहा कि विकास के प्रति मैं कृत संकल्पित हूं। प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र में विकास योजनाओं को उतारा जा रहा है। मौके पर बोकारो भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष चितरंजन साव, पवन सिंह, नीतू सिंह, पंकज कुमार, अरुण ठाकुर, प्रदीप साव, गोविंद सिंह, विद्यानन्द प्रसाद, आदर्श सिंह, झरी यादव, सुधीर ठाकुर, भोला रजक मौजूद थे।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बलियापुर। बलियापुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एमओसीपी स्थित अलकड़ीहा पंचायत भवन में रविवार को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन संगठन के धनबाद ग्रामीण अध्यक्ष अशोक साव व महानगर अध्यक्ष विकास साव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जंहा एआइजी नेत्र जांच अस्पताल धनबाद के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच किया गया। जिसमे आसपास के करीब 210 महिला पुरुष नेत्र जांच कराया। 65 लोगों मे मोतियाबिंद निकलने पर निशुल्क ऑपरेशन का परामर्श दिया गया, वहीं अन्य लोगों को चश्मा लगाने की सलाह दी गयी। संगठन के लोगों ने कहा कि समाज में गरीब असहाय लोगों को मदद करना बहुत ही धर्म का कार्य है। सामाजिक जिम्मेवारी से कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए, साथ ही संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दी गयी। एकता बनाकर समाज का कार्य सदैव करना चाहिए जिससे समाज का विकास हो सके और लोंगों का कल्याण हों। इस मौके पर अशोक साव, विकास साव, कुलदीप साव, सुरेश साव, दिलीप साव, सुनील साव, संजय साव, अशोक साव, संतोष साव, सुधीर साव, पप्पू साव आदि उपस्थित थे।
वहीं एआइजी के नेत्र चिकित्सक रवि कुमार सिन्हा व संजय कुमार ने जांच किया गया।

प्रधानाध्यापक जगदीश चौबे को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

सजीव स्मारक बनेगा स्मृति वृक्ष : प्रद्युम्न चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। ख्यातिप्राप्त ज्योतिषविद और सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के निधन पर परिजन सहित झरिया के लोगों ने चिल्ड्रेन पार्क में स्मृति वृक्ष के रूप में आम का पौधा लगा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सर्वप्रथम ज्येष्ठ पुत्र सह वरिष्ठ पत्रकार प्रद्युम्न चौबे ने पिता स्व जगदीश चौबे के तस्वीर पर माल्यार्पण किया फिर उनके पुत्र, पुत्रबधू अन्य परिजन सहित उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि दिया। मौके पर प्रद्युम्न चौबे ने कहा कि यह आम का पौधा पिता जी का सजीव स्मारक साबित होगा। पिता जी जीवनपर्यंत परमार्थ के कार्य में लगे रहे। उनके नाम का स्मृति वृक्ष भी लोगों को फल एवं ऑक्सीजन देकर पर्यावरण संरक्षण के कार्य में लगा रहेगा। चौबे ने कहा कि इस पौधा को वृक्ष बनाने तक हमलोग सेवा करेंगे। मौके पर ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद, प्रियंका सवर्ण, सन्नी शर्मा, ब्रजेश चौबे, शिक्षिका शिल्पी चौबे,डॉ आर्नदित चौबे, मनस्विता कात्यायन, वत्सता चौबे, अनुजा चौबे, ईशान चतुर्वेदी, अशफाक हुसैन, अजफर इकबाल, अलमास, अब्दुल हक अर्शी सहित बड़ी संख्या में लोगो ने श्रद्धांजलि दी ।

महत्वपूर्ण खबरें

सहायक अध्यापक 19 को करेंगे विधानसभा घेराव

नावाडीह (आजाद सिपाही)। नावाडीह स्थित विनोद बिहारी महतो ग्रामीण स्टेडियम में रविवार को सहायक अध्यापकों का समन्वय समिति की एक आवश्यक बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष नारायण महतो संचालन सत्येंद्र कुमार ने की बैठक के दौरान सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि अपनी मांगों के समर्थन में आगामी 19 दिसंबर को विधानसभा का घेराव किया जायेगा उस दिन रांची में सहायक अध्यापकों का महाजुटन होगा। कहा कि विगत दो दशक से कार्यरत सहायक अध्यापकों को अब तक हक व अधिकार नहीं मिलने के कारण सहायक अध्यापकों में काफी आक्रोश है इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जोर-सोर से तैयारी की जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से दिलशाद अहमद, लोकनारायण प्रेमी, राजेश कुमार, बैजनाथ महतो, सरजू पांडेय, सीताराम महतो हीरालाल तुरी सहित कई लोग मौजूद थे।

भेलाटांड़ ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता

जोड़ापोखर। टाटा झरिया डिवीजन खेल विभाग द्वारा डिगवाडीह में तीन दिवसीय इंटर- कोलियरी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। भेलाटांड़ कोलियरी और जामाडोबा ग्रुप के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबले के बाद, भेलाटांड़ कोलियरी ने एक विकेट से मैच जीत लिया। जामाडोबा ग्रुप ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 140 रन बनाए। विकाश रजक ने 38 रन और कृष्णकांत ने 29 रन बनाये, जबकि भेलाटांड़ कोलियरी के अमर चौहान ने 4 विकेट लिये। भेलाटांड़ कोलियरी ने आसानी से लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.4 ओवर में 141 रन का स्कोर बना लिया, जिसमें नाबाद 17 रन बनाने वाले मिठू गोप को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में छह टीमों ने भाग लिया जिसमें एस्पायरिंग इंजीनियर्स प्रोग्राम, ऑफिसर्स 11, जामाडोबा ग्रुप, सरफेस टीम, सिजुआ कोलियरी और भेलाटांड कोलियरी की टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में एचआरबीपी झरिया डिवीजन के हेड पंकज दास उपस्थित थे। जिन्होंने पुरस्कार वितरण किया। गायेन, संतोष महतो, क्षेत्रीय सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (आरसीएमयू) इयान रिचर्ड्स सैंडिस, सीनियर एरिया मैनेजर, एचआरबीपी जामाडोबा ग्रुप, पीयूष कुमार, सीनियर एरिया मैनेजर, एचआरबीपी सिजुआ ग्रुप, नकुल सिंह, सचिव आरसीएमयू डिगवाडीह कोलियरी, माहमूद आलम, सचिव आरसीएमयू भेलाटांड़ कोलियरी और आरसीएमयू 6 और 7 पिट्स कोलियरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, डिवीजन के अधिकारीगण और यूनियन प्रतिनिधि गण शामिल थे। टूर्नामेंट का संचालन खेल प्रभारी बाल शंकर झा ने किया।

महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्ति का मामला विधानसभा में उठाने को लेकर विधायक को सौंपा पत्र

धनसार (आजाद सिपाही)। जहां एक ओर झारखंड में महिलाओं पर घरेलू हिंसा, अत्याचार, शोषण, बलात्कार जैसे मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है, हिंसा पीड़ित महिलाएं लोक लाज के भय से मामले को उजागर नहीं कर पाती है वहीं दूसरी तरफ कुछेक स्थानीय थाना या जिला प्रशासन के पास अपनी शिकायत करती हैं तो उन्हें सहयोगात्मक रवैया नहीं मिल पाता है। फलस्वरुप काफी जिलत के बाद भी न्याय नहीं मिल पाता है, पिछले चार वर्षों से झारखंड महिला आयोग की अध्यक्षत नहीं रहने से कारण हिंसा पीड़ित महिलाओं को इंसाफ नहीं मिल रहा है। उक्त बातें झारखंड समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष उमा चरण रजवार का कहना है। उन्होंने ने महिला आयोग अध्यक्ष की नियुक्त की मांग को लेकर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह व निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता से मिल पत्र देकर विधानसभा में महिला आयोग अध्यक्ष नियुक्ती के मुद्दे को उठाने की अपील की। उमा चरण रजवार ने बताया कि दोनों विधायक ने इस मामले को विधानसभा में उठने का आश्वासन दिया है।

मिलन समारोह में दर्जनों युवकों ने थामा कांग्रेस का दामन

कतरास (आजाद सिपाही)। खरखरी नारायण धौड़ा में रविवार को कांग्रेस ने कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेसी नेता शेख गुड्डू उपस्थित हुए। समारोह में बाघमारा विधायक के दर्जनों समर्थक सन्नी पासवान के नेतृत्व में भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गये। शेख गुड्डू ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया। मौके पर शेख गुड्डू ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है। भाई से भाई को लड़ाने का काम किया जा रहा है।

डीवीसी श्रमिक यूनियन की वार्षिक सभा संपन्न

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। रविवार को डीवीसी श्रमिक यूनियन मैथन शाखा की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन मैथन एरिया 5 में हुआ। वार्षिक सभा की शुरूआत यूनियन के मैथन शाखा अध्यक्ष के के त्रिपाठी ने झंडोत्तोलन कर की। कार्यक्रम में यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष जीवन आईच एवं सह सचिव शुभाशीष गुप्ता पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान मैथन शाखा के सचिव निशीथ मुखर्जी ने पूरे वर्ष का कामकाज सहित यूनियन के उपलब्धि के बारे में बताया। कोषाध्यक्ष अतनु साहा ने सालभर का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। साधारण सभा में आगामी आंदोलन की रूपरेखा प्रस्तुत करने के उपरांत चर्चा शुरू हुई। सभा को पेंशनर फेडरेशन के नेता जी राम ने संबोधित किया। सीटू झारखंड राज्य के सचिव एस के घोष ने हिंदुस्तान के मौजूदा राजनीतिक स्थिति एवं श्रमिक आंदोलन की स्थिति पर अपना विचार रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आने वाले दिनों में मजदूर आंदोलन को और तेज करना आवश्यक है। वर्तमान केंद्र सरकार की औद्योगिक नीति, विद्युत नीति एवं मजदूरों को गुलाम बनाने का जो साजिश चल रहा है, इसके विरोध में एकजुट होकर लड़ाई लड़ना जरूरी है। सभा में दीपा विश्वास, विनय गोस्वामी, प्रशांत कविराज, सुदामा शर्मा ,उज्जवल मंडल, सुदिष्ट कुमार, प्रमिला मिंज, मुन्नु मुर्मू, लालजीत चटर्जी, अजाज अहमद, ए के तराई, फैयाज अहमद, सुधीर पांडेय, भारती पुरोहित, राहुल मिश्रा, बिट्टू मंडल सहित 120 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

चिल्ड्रेंस एकेडमी स्कूल झरिया में स्वास्थ्य जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन

झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया पोद्दार पाड़ा स्थित चिल्ड्रेन्स एकाडेमी स्कूल परिसर में रविवार को स्वास्थ्य जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर स्कूल प्रबंधन एवं लायंस क्लब धनबाद सवेरा द्वारा खरकिया नेत्र चिकित्सालय चिरकुंडा के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में आए लोगों का शुगर,बीपी एवं नेत्र की जांच चिकित्सकों के द्वारा किया गया और उन्हें मुफ्त दवा दी गई। साथ ही स्कूली बच्चों व महिलाओं को गैस सिलेंडर में आग लगने पर काबु करने का डेमो दिखाया गया। साथ ही साथ अन्य स्थानो पर आग लगने की स्थिति में गैस द्वारा आग बुझाने की तरकीब भी बताई गयी। मौके पर टाटा स्टील झरिया डिविजन के मुख्य सुरक्षा अधिकारी संजित कुमार झा, रवि, सुरज, चंदन, राजन,स्कूल के प्राचार्य बीके साहू, लायंस क्लब धनबाद सवेरा के दिनेश पुरी,सागर दत्त शर्मा, अनिता शर्मा, नन्द किशोर बगेड़िया, विशाल साहू आदि उपस्थित थे।

श्यामल का शहादत दिवस मनाने का लिया गया निर्णय

धनबाद (आजाद सिपाही)। रविवार को शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति और मार्क्सवादी युवा मोर्चा की संयुक्त बैठक टेंपल रोड पुराना बाजार स्थित मासस के केंद्रीय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने की एवं संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 3 जनवरी को आइआइटी आइएसएम के मुख्य गेट पर शहीद श्यामल चक्रवर्ती की शहादत दिवस पर माल्यार्पण, श्रद्धांजलि सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बगोदर विधायक विनोद सिंह को बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मसास जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि 3 जनवरी 1991 को धनबाद में साझा शहादत देने वाले रणधीर प्रसाद वर्मा तत्कालीन एसपी एवं आम नागरिक श्यामल चक्रवर्ती द्वारा दी गयी शासक- शोषक वर्ग की तत्कालीन सरकार ने अपने वफादार एसपी को अशोक चक्र से नवाजा तथा भरपूर सम्मान दिया।

38वीं पुण्यतिथि पर गणेश साव को दी गयी श्रद्धांजलि

झरिय (आजाद सिपाही)। बाटा मोड़ में रविवार को शहीद गणेश साव की 38वीं पुण्यतिथि सह श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाघमारा विधायक पत्नी सावित्री देवी मौजूद रहीं। पुण्यतिथि सह श्रधांजलि सभा की शुरूआत बाटा मोड़ पर उवस्थित स्व गणेश साव की प्रतीमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रधांजलि देकर की गयी। तत्पश्चात मौजूद लोगों को स्व गणेश साव की शहादत को न भूलने और व्यवसाईयों को एक सूत्र मे बंधे रहने की शपथ दिलाई गयी। मौके पर सावित्री देवी ने कहा कि बनिया सिर्फ तराजू नहीं तलवार भी उठा सकता है हम सभी लोगो को राजनीति मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना होगा। स्वर्गीय मनिंदर नाथ मंडल की धर्मपत्नी रेखा मंडल ने कहा कि बलिदानियों का झारखंड विधानसभा परिसर में तस्वीर लगनी चाहिए। इसके अलावा श्रधांजलि सभा को झरिय के वरिष्ठ भाजपा नेता सह झरिया मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र सिंह मीनू, योगेंद्र यादव, बिंदा पासवान, सुबूर गोराई, मनोज साव, कामता प्रसाद, अरूण साव, जगदीश साव, उचित महतो, गणेश पासवान, अशोक बर्णवाल इत्यादि ने संबोधित किया। पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 483 लोगों के आंखों की जांच की गयी। जिसमें 22 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया। लोगों के बीच खिचड़ी का भी वितरण किया गया। सभा मे धन्यवाद ज्ञापन स्व गणेश साव के पुत्र सह पूर्व पार्षद अनूप साव ने दिया। मौके पर सुनील कुमार, उपेन्द्र गुप्ता, शिवराज साव, सपन बनर्जी, भगत सिंह, भगवान दास, हरिश जोशी, रंजन साहू, रिंकी केशरी, किरण देवी, मनीशा केसरी, अशोक मालाकार, मनोज साव, दिलीप आडवाणी सहित कई लोग मौजूद थे।

बीसीसीएल ने तीन खिताब जीत लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। डीजीएमएस के तत्वावधान में सिंगरेनी में संपन्न हुए पांच दिवसीय अखिल भारतीय खान बचाओ प्रतियोगिता में बीसीसीएल ने तीन खिताब जीत कर अपना परचम लहराया। बता दे कि कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की ओर से 11 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित 52वीं अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता तेलंगाना के रामागुंडम में आयोजित की गयी थी। इस प्रतियोगिता में 10 कोयला कंपनियों के 16 बचाव दल शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में गैर कोयला बचाव दल जिसमें एक महिला बचाव दल ने भाग लिया। भारतीय बचाव सेवाओं के इतिहास में यह पहला महिला बचाव दल था। जीएम (एस एंड आर) अरुण कुमार, किशोर यादव मुख्यालय सुरक्षा विभाग, पीआर मुखोपाध्याय अधीक्षक भी इस दौरान मौजूद थे। प्रतियोगिता में बीसीसीएल की दो टीम ने भाग लिया था। इस टीम ने तीन पुरस्कार प्राप्त किए। मार्च पास्ट ड्रिल स्पर्धा में बीसीसीएल बी टीम को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। वहीं बीसीसीएल ए टीम को वैधानिक कार्यक्रम में तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। गोंदुडीह कोलियरी में बचाव अभियान के दौरान बचाव रेस्क्यू टीम को सराहनीय कार्य के लिए वीरता पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। यह प्रतियोगिता 2024 में बीसीसीएल की ओर से माइंस रेस्क्यू बस्ताकोला मे आयोजित की जायेगी। इस आशय की जानकारी रेस्क्यू स्टेशन के सुप्रिडेंटेड पीआर मुखर्जी ने दी।

पुरुष और महिला चास की टीम बनी विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। एमजीएम हाई सेकेंडरी स्कूल सेक्टर- 4/ऋ बोकारो के फुटबॉल मैदान में पर्यटन, कला, संस्कृति, और खेलकूद , युवा - कार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय रांची, के आदेशानुसार जिला खेल कार्यालय बोकारो के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का समापन हुआ, इस दौरान समापन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) कीर्ति श्री जी और आयोजन पदाधिकारी के रूप में जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बूंड मैडम , विशिष्ट अतिथि के रूप में एमजीएम हाई सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाध्यापिका, एनसी वर्गिस, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव गोपाल ठाकुर के द्वारा विजेता उपविजेता टीम को मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में फाइनल मुकाबला चास प्रखंड और कसमार प्रखंड के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीम एक-एक गोल के साथ बराबर हुए, ट्राई ब्रेकर (पेनल्टी शूटआउट) के द्वारा विजेताओं का निर्णय किया गया, जिसमें चास पुरुष टीम विजेता घोषित हुआ और कसमार की टीम उपविजेता हुए, महिला वर्ग में एक ही टीम चास उपस्थित रहे जिन्हें सीधे जोनल खेलने के लिए क्वालीफाई कर दिया गया। इस आयोजन में सहयोग कर रहे थे। बोकारो जिला प्रशासन, जिला खेल कार्यालय के सभी कर्मचारी, खेल प्रशिक्षक चौहान महतो, निर्णायक रेफरी के रूप में महेंद्र सर, रमेश महतो, विश्वनाथ महतो, चिंता मानी, विनोद बोदरा, हीरालाल महतो, डोली कुमारी के द्वारा सफल फुटबॉल प्रतियोगिता कराया गया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 18 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in

किस ने मेगा अभिभावक मीट का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) ने रविवार को यहां एक बृहत अभिभावक मीट का आयोजन किया, जिसमें किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने एक बार फिर उनके समर्थन और स्नेह के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिसने इसे दुनिया भर में प्रसिद्ध बना दिया। किस एक संस्था से कहीं अधिक है, यह एक स्कूल, एक कॉलेज और एक विश्वविद्यालय है जो देश भर से आने वाले हजारों आदिवासी छात्रों के सपनों को साकार करता है, संस्थापक ने उस कार्यक्रम में कहा जिसमें 15 राज्यों से बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल हुए थे।

डॉ सामंत ने विशेष रूप से अभिभावकों का ध्यान संसद में हाल की चर्चाओं की ओर आकर्षित किया, जहां सांसदों ने पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर किस आदिवासी शिक्षा के लिए निभायी जाने वाली अग्रणी भूमिका और आदिवासी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में सामंत के निस्वार्थ समर्पण पर खुल कर बात की।

इस मौके पर डॉ सामंत ने अभिभावकों के समक्ष किस रग्बी टीम का परिचय दिया। गौरवान्वित खिलाड़ियों ने न केवल अच्छे नकद पुरस्कार जीते हैं, बल्कि पदक जीतने और देश का नाम रोशन करने के लिए ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा उन्हें नौकरियां भी प्रदान की गयी हैं। उन्होंने राज्य में खेलों को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को नौकरियां मुहैया कराने के लिए सीएम की सराहना की। उदाहरण के लिए, हुपी माझी जो रग्बी टीम के कप्तान हैं, उन्हों को राज्य सरकार से 27 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिला है। उन्होंने अपने साथियों के साथ अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं और बताया कि कैसे किस ने उनके जीवन को बदल दिया है। मामा नायक जो एक गौरवान्वित प्रतिभागी भी थे, उन्हें को 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिला है। डॉ सामंत ने कहा कि किस न केवल पढ़ाई में बल्कि खेल में भी छात्रों का समग्र विकास करता है और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारता है। इसी कारण किस को दुनिया भर में मान्यता मिलता है।

अभिभावकों की बैठक ने माता-पिता को अपने बच्चों और कर्मचारियों से मिलने और परिसर में नवीनतम विकास के बारे में सूचित होने का एक आदर्श अवसर दिया। किस ने अभिभावकों के लिए बैठक में भाग लेने के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। वे नये साल का कैलेंडर घर ले गये, जिसे संस्थापक द्वारा इस अवसर पर जारी किया गया था।



राज्यसभा सांसद निरंजन बिशी ने कहा कि डॉ सामंत उन सभी के लिए प्रेरणा हैं, जिन्हें कम उम्र में ही आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने की आवश्यकता का एहसास हो गया था। उन्होंने संसद में किस को मिली सराहना का भी जिक्र किया और कहा कि डॉ सामंत भारत और ओडिशा का गौरव हैं।

किस के संपादक आरएन दाश ने कहा कि डॉ सामंत ने अपना जीवन किस को एक प्रतिष्ठित संस्थान बनाने के लिए समर्पित कर दिया है, जबकि किस के उपाध्यक्ष उमापद बोस ने डॉ सामंत को निर्माता बताया, जिन्होंने लाखों आदिवासी परिवारों के लिए भोजन और आजीविका सुनिश्चित की है। इस कार्यक्रम में किट और किस दोनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित किस के कुलपति प्रोफेसर दीपक कुमार बेहेरा, किस के रजिस्ट्रार डॉ प्रशांत राउतराय भी उपस्थित थे।

सीएए नागरिकता लेने का नहीं, बल्कि देश में नागरिकता देने का कानून है और यह जरूर लागू होगा : अमित शाह

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह ने एजेंडा आज तक के मंच पर चर्चा के दौरान स्पष्ट कर दिया कि सीएए नागरिकता लेने का नहीं, बल्कि देश में नागरिकता देने का कानून है और यह जरूर लागू होगा। भारतीय राजनीति के चाणक्य शाह का मानना है कि सीएए देश का कानून है और ये उन हिंदू भाई-बहनों सहित बाकी 6 धर्मों के मतावलंबियों को उनके साथ हुए धार्मिक प्रताड़नाओं से न्याय दिलाने का एक औजार है जो बंटवारे के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों में रह रहे थे।

अमित शाह ने एजेंडा आज तक के राष्ट्रीय मंच पर चर्चा के दौरान स्पष्ट कर दिया कि सीएए देश का कानून है। इसका इंप्लिमेंटेशन जरूर होगा। दुनिया जानती है कि सीएए से किसी की नागरिकता नहीं जाने वाली, लेकिन विरोधियों ने माइनोरिटी में और विशेषकर मुस्लिमों में इसका कुप्रचार किया कि इससे आपकी नागरिकता चली जाएगी। जबकि यह सर्वविदित है कि सीएए से किसी की नागरिकता नहीं जाती है। यह नागरिकता लेने का कानून नहीं है। यह नागरिकता देने का कानून है। शाह ने यह संकेत दिया कि उचित समय पर यह निश्चित रूप से लागू होगा। देश की जनता ने देखा है कि मोदी-शाह की जोड़ी ने कभी भी अपने लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने जो किया सिर्फ देश की जनता के लिए किया।

भारतीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो ऐसे नेता हुए, जिन्होंने हमेशा खुद को पीछे रखकर देश को आगे बढ़ाने का नेतृत्व किया है। हाल ही में हुए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा की चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया है कि 2024 में प्रचंड बहुमत से जीत के साथ एक बार फिर मोदी जी का प्रधानमंत्री बनना तय है।

देश की जनता ने देखा है कि पीएम मोदी की अगुआई में अमित शाह ने जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म कर देश की राजनीति को पॉलिटिक्स और परफॉर्मेंस के रास्ते पर ले जाने का काम किया है। यह किसी से छुपा नहीं है कि पिछले 9 साल में दलितों, वंचितों और पिछड़ों को सम्मान देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है। इस आधार पर यह तय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में सीएए लाकर रहेगी।

मोदी सरकार यूसीसी लाने पर अडिग है: केंद्रीय गृह मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने एजेंडा आज तक के मंच पर चर्चा के दौरान स्पष्ट कर दिया कि, समान नागरिक संहिता अर्थात यूसीसी लाने को लेकर मोदी सरकार अडिग है। पार्टी इससे दो कदम भी पीछे नहीं हटेगी। आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस की सरकार ने वोट बैंक के लिए वउउ को अलग वैचारिक कपड़ा पहनाकर रखा था। दरअसल यह संविधान सभा का देश की संसद और विधानमंडलों को एक मेंडेट था। जिन चीजों को आजादी के तुरंत बाद लागू नहीं किया जा सका, उसे डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी में लिया गया और और यूनिफॉर्म सिविल कोड उसमें से एक है। यह और बात है कि वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस ने इसको छोड़ दिया, जबकि संविधान सभा में कांग्रेस के ही ज्यादातर नेता थे। साल 1950 के बाद से ही भाजपा की हर चुनावी संकल्प पत्र का यह वादा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी देश में यूसीसी लाने का प्रयास करेगी।

भारतीय राजनीति की दशा और दिशा को बदलकर रख देने वाले शाह का स्पष्ट मानना है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड एक बहुत बड़ा सामाजिक और कानूनी परिवर्तन है। इस पर सबकी राय जानने के लिए राज्यों में कमिटियाँ बनाई जाएंगी। लाखों लोगों से मिलकर उनकी राय ली जाएगी और इसके आधार पर एक कानून बनेगा, जिसकी लीगल स्क्रूटनी भी होगी। अंत्योदय की राजनीति करने वाले शाह का मानना है कि सारी प्रक्रियाओं के बाद जो मैच्योर कानून बनेगा, उसे पूरा देश अपने आप स्वीकार करेगा। देश की जनता ने देखा है कि मोदी-शाह की जोड़ी ने कभी भी अपने लिए कुछ नहीं किया। अपने दल के लिए भी कुछ नहीं किया, उन्होंने जो किया सिर्फ देश की जनता के लिए किया। राजनीति के अंदर लोकतांत्रिक मूल्य को स्थापित करने के लिए मोदी-शाह की जोड़ी ने अभूतपूर्व प्रयास किए हैं।

उज्जैन में रात बिता मिथक तोड़ने पर सीएम मोहन यादव की दो टूक

राजा तो महाकाल हैं, हम तो उनके बेटे

आजाद सिपाही संवाददाता

भोपाल। मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन को लेकर एक मिथक रहा है कि यहां मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री रात नहीं बिताते हैं। हालांकि, राज्य के नये मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार की रात उज्जैन में बिताकर इस मिथक को तोड़ दिया है। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं और मुख्यमंत्री बनने के बाद वे शनिवार को यहां पहुंचे। इतना ही नहीं उन्होंने रात भी बितायी।

सीएम मोहन यादव ने उज्जैन में एक जनसभा में कहा कि रात न बिताने के मिथक को तत्कालीन राजा दौलत राव सिंधिया ने बनाया था। राजा महादजी सिंधिया के निधन के बाद दौलत राव सिंधिया राजधानी को उज्जैन से ग्वालियर ले जाना चाहते थे। वे 1812 में राजधानी ले भी गये, मगर धीरे से एक मंत्र फूंक गए कि यहां कोई राजा रात को नहीं रहेगा, जिससे कोई कब्जा करने नहीं आए। यह उनकी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा था।

बताया क्यों रुके उज्जैन में : अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि अब हम भी कहते हैं कि राजा रात में नहीं रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि अरे राजा तो बाबा महाकाल हैं, हम सब तो उनके बेटे हैं। क्यों रात में नहीं रहेंगे। ब्रह्मांड में कोई बच नहीं सकता, अगर बाबा महाकाल ने टेढ़ी निगाह कर दी तो। मुझे पीएम मोदी ने कहा कि बनारस मैं संभालता हूं, मोहन जी, आप तो उज्जैन संभालो। मैं मुख्यमंत्री नहीं मुख्य सेवक हूं यहां पर। संभवतः मध्य प्रदेश की राजनीति में पहला ऐसा अवसर है जब कोई मुख्यमंत्री उज्जैन में रात में रुका। शिवराज सिंह चौहान राज्य के 18 साल मुख्यमंत्री रहे, मगर अपने कार्यकाल के दौरान वे एक भी रात उज्जैन में नहीं रुके।

बाबरी पर 1858 में निहंग सिखों ने किया था कब्जा अब उनके वंशज अयोध्या राम मंदिर में चलायेंगे लंगर

आजाद सिपाही संवाददाता

अयोध्या। जिन निहंगों ने 1858 में बाबरी मस्जिद पर कब्जा किया था, अब उनके वंशज अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन यहां पर लंगर चलायेंगे। इस बात की जानकारी खुद निहंग सिंह के आठवें वंशज जत्थेदार बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर ने दी। उन्होंने चंडीगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रविवार को यह बातें कहीं। इसके मुताबिक 22 जनवरी के दिन अयोध्या में संगत भी होगी। गौरतलब है कि 1858 की घटना का जिक्र सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर पर फैसला सुनाते वक्त भी किया था। यह वाकया है साल 1858 के नवंबर महीने का। निहंग बाबा फकीर सिंह खालसा के नेतृत्व में 25 निहंगों ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद पर कब्जा कर लिया। उन्होंने इसमें हवन भी किया। इसके अलावा निहंगों ने मस्जिद की दीवार पर राम-राम लिखा और केसरिया झंडा लहराया। इसको लेकर 30 नवंबर 1858 के दिन अवध पुलिस थाने में 25 निहंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी। यह एफआइआर मस्जिद के मुअज्जिन की शिकायत पर दर्ज की गयी थी।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले में जिक्र

इस ऐतिहासिक घटना को तब और महत्व मिला जब 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर पर हिंदुओं के पक्ष में फैसला सुनाया। इस फैसले में इस घटना को आधार बनाया गया था। चंडीगढ़ में पत्रकारों से बात करते हुए बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर ने कहाकि वह निहंग सिंह के वंशज तो हैं ही साथ ही भगवान राम के सच्चे भक्त भी हैं। अब जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी, 2024 को हो रहा है तो मैं भला कैसे पीछे रह सकता हूं। उन्होंने कहाकि अन्य निहंगों के साथ मैं इस दिन अयोध्या में लंगर चलाऊंगा। इस मौके पर उन्होंने कहाकि मैं निहंग सिख हूं और सिख धर्म के साथ सनातन धर्म में भी बराबर आस्था रखता हूं।

देश की जरूरत पर हमेशा मौजूद

बाबा हरजीत सिंह ने कहाकि जो लोग भी सिखों और हिंदुओं में मतभेद करने की कोशिश कर लें कि राम मंदिर को लेकर पहली एफआईआर हिंदुओं नहीं, बल्कि सिखों पर हुई थी। बाबा हरजीत सिंह ने कहाकि मेरा किसी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है और मैं केवल सनातन परंपराओं का वाहक हूं। निहंगों और सनातन धर्म के बीच समन्वय बनाए रखते हुए मुझे आलोचना का भी सामना करना पड़ा क्योंकि एक तरफ, मैं अमृतधारी सिख हूं, लेकिन दूसरी तरफ, मैं अपने गले में रुद्राक्ष माला पहनता हूं। जत्थेदार बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर ने अंत में कहाकि जब भी देश और धर्म को जरूरत होगी, वह और उनका परिवार कभी पीछे नहीं हटेगा।

जेपी नड्डा से मिलने पहुंचीं अभिनेत्री कंगना

कुल्लू। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से कुल्लू में मुलाकात की है। हालांकि यह एक शिष्टाचार भेंट बताई जा रही है, लेकिन कंगना के साथ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**